राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 233
लखनऊ, रविवार 26 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





हाईटेंशन लाइन से करंट लगने पर युवक झुलसा, हालत नाजुक 10

पशुधन स्वस्थ तभी किसानों-पशुपालकों की आय में होगी वृद्धि : धर्मपाल 03


## शेयर बाजार का सफर लम्बा, उपलब्धियां विश्वस्तरीय : निर्मला

**एजेंसी, मुंबई।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के प्रतिभूति बाज़ार की विकास यात्रा में बड़ी उपलब्धियों को को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा उल्लेखनीय रही है और भारतीय बाजार आज एक मज़बूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक है।

वित्त मंत्री ने विश्वास और ईमानदारी को बाजार की अदृश्य लेकिन सबसे अहम अवसंरचना बताते हुए बाजार विनियामक सेबी से कदाचार के विरुद्ध बहुत कठोर रुख अपनाने को कहा। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते कहा कि भारतीय बाज़ारों की यात्रा पारंपरिक ट्रेडिंग रिंग से निकल कर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक तक, भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से पूर्ण डीमैटेरियलाइजेशन तक, और बिखरी हुई निगरानी से



▸ भारतीय बाजार आज एक मज़बूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक

रीयल-टाइम नियामकीय पर्यवेक्षण तक पहुंच गयी है।

सेबी की भूमिका को रेखांकित करते हुए सीतारमण ने कहा कि उसकी प्रभावशीलता केवल उसके अधिकारों की व्यापकता से नहीं, बल्कि उन्हें अनुशासन के साथ लागू करने से आती है। उन्होंने कहा कि सेबी ने सभी सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए टी 1 (ट्रेड प्लस वन) सेटलमेंट चक्र लागू करने में भारत का नेतृत्व किया, जो जनवरी 2023 में पूरा हुआ। इससे भारत कई बड़े बाज़ारों, जैसे अमेरिका, से आगे निकल गया, जिसने टी 1 को मई 2024 में अपनाया। ट्रेड प्लस वन निपटन चक्र का अर्थ है कि प्रतिभूति लेनदेन एक कार्यदिवस के भीतर निपटाया जाता है, यानी शेयर और धनराशि अगले कार्यदिवस तक हस्तांतरित हो जाते हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि सेबी ने एएसबीए (एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट) प्रणाली भी शुरू की, जो आईपीओ के लिए एक वैश्विक नवाचार है, जिसने रिफंड चक्र को समाप्त कर दिया और निवेशक के बैंक खाते में केवल आवंटित राशि को ही ब्लॉक किया (खाते में रोका)। उन्होंने सेबी और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने मिलकर भारत को दुनिया का ऐसा पहला बाजार क्षेत्र बनाया, जहां यूपीआई के माध्यम से आईपीओ आवेदन संभव हुआ, जिससे प्राथमिक बाज़ारों में रीयल-टाइम खुदरा भागीदारी हर स्मार्टफोन तक पहुंची।

उन्होंने कहा कि कि आज भारत दुनिया की सबसे उन्नत डिपॉजिटरी अवसंरचनाओं में से एक संचालित करता है, जिसमें नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड के पास पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य की डीमैट प्रतिभूतियाँ हैं। उन्होंने संस्थान की प्रभावशीलता दिखाने वाले कुछ आँकड़े भी साझा किए- सेबी की सफलता दर सुप्रीम कोर्ट में 90 प्रतिशत से अधिक, सिक्योरिटीज अपीलेट ट्रिब्यूनल में 73 प्रतिशत और सिविल कोर्ट या एनसीएलटी में 92 प्रतिशत है।

वित्त मंत्री ने कहा कि ये आँकड़े इसकी कानूनी संरचना की संस्थागत मज़बूती को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान आईपीओ (प्राथमिक शेयर निर्गम) गतिविधि मजबूत रही, 366 आईपीओ के माध्यम से लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई गई, जो नियामकीय समर्थन के कारण संभव हुआ। भारत में खुदरा भागीदारी की क्रांति हमारे वित्तीय इतिहास के सबसे लोकतांत्रिक विकासों में से एक है।

### भागीदारी के साथ जागरूकता भी आवश्यक

वित्त मंत्री ने चेतावनी दी कि बढ़ती भागीदारी के साथ जागरूकता भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समझ के बिना भागीदारी जोखिम पैदा कर सकती है, और सुरक्षा उपायों के बिना पहुंच खतरे उत्पन्न कर सकती है, और जोर दिया कि निवेशक संरक्षण को रक्षात्मक से विकासात्मक कार्य में विकसित होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि नियामक प्रणालियों का लक्ष्य अत्यधिक प्रतिबंध नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें अधिक परिष्कृत और पूर्वानुमानित बनना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी प्रमुख वैश्विक बाज़ारों ने अति और संकट के दौर देखे हैं, और संस्थागत ताकत का वास्तविक माप सुधारात्मक कदमों की गति और कठोरता में निहित है। सीतारमण ने कहा कि विश्वास और ईमानदारी वित्तीय बाज़ारों की अदृश्य अवसंरचना हैं। उन्होंने कहा कि बाज़ार विश्वास पर चलते हैं, और विश्वास निष्पक्षता, पारदर्शिता, प्रवर्तन और पूर्वानुमान पर आधारित होता है, और जोड़ा कि उभरते जोखिमों के बीच इस विश्वास को लगातार नवीनीकृत करना आवश्यक है।

### चुनौतियों ने बेहतर संस्थानों को जन्म दिया

वित्त मंत्री ने कहा कि इन बाज़ारों का आकार यात्रा की चुनौतियों से तय हुआ है और इस दौरान उत्पन्न दबावों और अस्थिरता के दौर ने नियमन और बाज़ार अवसंरचना को मज़बूत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाज़ारों का इतिहास हमें पहले के दशकों के तनावपूर्ण दौर से महत्वपूर्ण सबक भी सिखाता है, जिससे मज़बूत नियमन विकसित हुआ। अस्थिरता के दौर ने बेहतर बाज़ार ढांचा बनाया, चुनौतियों ने बेहतर संस्थानों को जन्म दिया। इसी तरह परिपक्व वित्तीय प्रणालियाँ सीखते हुए, अनुकूलन करते हुए और अधिक मज़बूत बनकर उभरती हैं।

## नीति आयोग का पुनर्गठन, मोदी ने नई टीम को दी शुभकामनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है और पूर्व आर्थिक सलाहकार डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी को सरकार के इस शीर्ष परामर्श संस्थान का उपाध्यक्ष बनाया है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी राजीव गौबा तथा प्रो. के.वी. राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को आयोग पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है।

डॉ. लाहिड़ी नीति आयोग के उपाध्यक्ष पद पर प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉक्टर सुमन बेरी का स्थान ले रहे हैं जो दो मई 2021 से इस पद पर थे। वह पश्चिम बंगाल विधानसभा में बालूरघाट निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि हैं। उन्होंने इस बार का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा है। वह 15वें वित्त आयोग के सदस्य रहे हैं।

प्रधानमंत्री पदेन इस निकाय के अध्यक्ष होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संस्थान के पुनर्गठन पर नए उपाध्यक्ष



और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि नीति आयोग भारत की नीति-निर्माण संरचना का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है, जो सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और जीवन की सुगमता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। यह विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। डॉ लाहिड़ी जी को उपाध्यक्ष बनने पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,190/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,41,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,680/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,60,000/किग्रा |



## लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती टीएमसी : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नदिया जिले की नवद्वीप विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि ममता दीदी को इस बात की चिंता है कि अगर हिंदुओं की संख्या बढ़ेगी तो सड़कों पर इफ्तार कैसे होगा।

योगी ने कानून-व्यवस्था ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में भाजपा नेताओं और उम्मीदवारों पर हमले हुए, जिसे पूरे देश ने देखा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, चार मई को जब नतीजे आएंगे, तब टीएमसी के गुंडों के पास छिपने की जगह नहीं होगी। बंगाल



▸ ममता सरकार पर बरसे सीएम योगी, कहा- लूट और कुशासन का प्रतीक बना बंगाल

अब अराजकता को स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी पर बंगाल को लूट और कुशासन का प्रतीक बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य इनसे मुक्त होकर डबल इंजन सरकार को चुने, जो दोगुनी गति से विकास करेगी। योगी नवद्वीप विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रुति शेखर गोस्वामी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भीषण गर्मी के बावजूद जनसभा में बड़ी संख्या में लोग जुटे। समर्थकों ने योगी-योगी के नारे लगाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने आभार जताया।

### चार मई को बंगाल में लहराएगा भाजपा का परचम

सीएम योगी ने पहले चरण में 152 सीटों पर हुए रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं को बधाई दी और कहा कि जनता आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को नतीजों के साथ पूरे बंगाल में भाजपा का परचम लहराएगा। मुख्यमंत्री ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा कि यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ़गानिस्तान में प्रताड़ित हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने की गारंटी देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने इस कानून का विरोध किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जबकि वे स्थानीय लोगों के अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। योगी ने आरोप लगाया कि बंगाल में दुर्गा पूजा, प्रतिमा विसर्जन और जय श्री राम के नारे पर पाबंदी लगाने की कोशिश होती है। उन्होंने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट को भी इस संबंध में सख्ती के निर्देश देने पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बंगाल की धरती पर मां काली और मां दुर्गा की पूजा को कोई नहीं रोक सकता। अगर किसी ने कोशिश की, तो सड़कों पर विरोध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति भी खराब थी, लेकिन अब कानून का राज स्थापित हुआ है और विकास का मॉडल पूरे देश के सामने रखा गया है। उन्होंने दावा किया कि यही मॉडल बंगाल में भी लागू किया जा सकता है।

## इस्लामाबाद में ईरान-पाकिस्तान वार्ता समाप्त क्षेत्रीय हालात और युद्धविराम पर चर्चा

**एजेंसी, इस्लामाबाद।**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच इस्लामाबाद में उच्चस्तरीय बैठक संपन्न हो गई। बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा हालात, संभावित युद्धविराम और कूटनीतिक प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई।

विदेश मंत्री अराघची अपने क्षेत्रीय दौरे के तहत पाकिस्तान पहुंचे थे और इस दौरान उन्होंने पाकिस्तानी नेतृत्व के साथ कई दौर की बातचीत की। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में मौजूदा संघर्ष को समाप्त करने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक के बाद ईरानी प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद से रवाना हो गया। दिनभर



चली उच्चस्तरीय बैठकों के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर क्षेत्रीय स्थिति का आकलन किया और संभावित समाधान पर विचार-विमर्श किया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने अमेरिका और इजराइल के साथ जारी तनाव को समाप्त करने के लिए अपनी शर्तें पाकिस्तान को सौंप दी हैं। इसके साथ ही, अराघची ने अमेरिकी पक्ष की मांगों पर अपनी आपत्तियां भी स्पष्ट रूप से रखीं। इस महत्वपूर्ण बैठक में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख आसिम मुनीर भी मौजूद रहे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की कूटनीतिक पहल क्षेत्र में तनाव कम करने की दिशा में अहम भूमिका निभा सकती है।

### ट्रंप ने ईरानी नेताओं की हत्या का किया समर्थन



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनके देश के साथ समझौते के पक्ष में न होने वाले ईरानी नेताओं की हत्या का समर्थन किया है। वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार मार्क थीसेन ने एक्स पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि जो ईरानी नेता अमेरिका के साथ समझौते के पक्ष में नहीं हैं, उनकी हत्या कर दी जानी चाहिए।

### संक्षिप्त समाचार

#### पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक) 2026 के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जारी सूचना के अनुसार राज्य की राजकीय, अनुदानित, पीपीपी, निजी एवं अल्पसंख्यक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन 15 जनवरी 2026 से शुरू हो चुके हैं, जिनकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट या दूरभाष नंबर 0522-2630106, 2630695, 2630667, 2636589 पर संपर्क कर सकते हैं।

#### यूट्यूबर सलीम वास्तिक गिरफ्तार, 25 साल बाद हत्या के मामले में पुलिस के हत्थे चढ़ा

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के यूट्यूबर सलीम वास्तिक को दिल्ली पुलिस ने 31 साल पुराने हत्या और अपहरण के केस में गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद से ही सलीम वास्तिव को गिरफ्तार किया, जहां वह पहचान छिपाकर रह रहा था। पुलिस उसे थाना में ले जाकर पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि सलीम वास्तिक की मर्डर और अपहरण के केस में पुलिस को तलाश थी। दिल्ली की कोर्ट से उसे सजा भी हुई थी, लेकिन वह 25 साल से फरार चल रहा था। दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस उसे पहचान नहीं सकी। आखिरकार उसे गाजियाबाद से शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया गया। 20 जनवरी 1995 को सलीम ने दिल्ली के 13 साल के संदीप बंसल का अपहरण किया था। उसके बाद रंगदारी मांगी और फिर हत्या कर दी। जहां पुलिस ने गोकलपुरी थाना में केस दर्ज किया था।

#### प्रवेश की ओर से जारी तस्वीरें केजरीवाल के घर की नहीं, करेंगे मानहानि का मुकदमा : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने उनकी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर की फर्जी फ़ज़ी तस्वीरें जारी की हैं और कहा कि इसके लिये पार्टी उन पर मानहानि का मुकदमा करेगी।

## राघव चड्ढा को जेन-जी का झटका, बीजेपी में शामिल होते ही 1 मिलियन फॉलोअर्स घटे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राजनीति में शुक्रवार को बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का दामन थाम लिया। इस फैसले ने सियासी गलियारों में हलचल तो मचाई ही, साथ ही डिजिटल दुनिया में भी इसका तेज असर देखने को मिला।

खासकर युवा वर्ग, जिसे अक्सर जेन-जी कहा जाता है, इस कदम से नाखुश नजर आ रहा है। आज के दौर में सोशल मीडिया किसी भी नेता की लोकप्रियता का एक अहम पैमाना बन चुका है। ऐसे में राघव चड्ढा के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स में आई अचानक गिरावट ने सबका ध्यान खींचा है।



आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को उनके इंस्टाग्राम पर करीब 14.6 मिलियन फॉलोअर्स थे, जो शनिवार दोपहर तक घटकर 13.5 मिलियन रह गए। यानी 24 घंटे से भी कम समय में लगभग 10 लाख लोगों ने उन्हें अनफॉलो कर दिया। यह गिरावट सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि उनके फैसले पर जनता की प्रतिक्रिया का संकेत मानी जा रही है।

## अप्रकाशित पुस्तक के लिए मेरा हवाला देना व मुझे घसीटना उचित नहीं था : नरवणे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने अपने अप्रकाशित संस्मरण फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी को लेकर इस साल की शुरुआत में हुए विवाद के संदर्भ में कहा है कि अनावश्यक रूप से उनका हवाला देना और पुस्तक के लिए उन्हें सुर्खियों में लाना उचित नहीं था। जनरल नरवणे ने कहा कि वह उस विवाद से आगे बढ़ चुके हैं और तब से दो पुस्तकें लिख चुके हैं तथा तीसरी पुस्तक जल्द आने वाली है।

उन्होंने हाल में अपनी पुस्तक द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइड अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज का विमोचन किया था।



नरवणे ने एक साक्षात्कार में कहा कि रक्षा मंत्रालय ने प्रकाशक से कहा था कि जब तक पुस्तक का निरीक्षण न हो जाए, इसे रोककर रखा जाए। जहां तक मेरा सवाल है, मामला वहीं खत्म हो गया था और मैं आगे बढ़ चुका हूं... इसलिए वह अध्याय बंद हो चुका है। मुझे लगता है कि अनावश्यक रूप से मेरा हवाला देना और अप्रकाशित पुस्तक को एवं परोक्ष रूप से मुझे भी सुर्खियों में घसीटना उचित नहीं था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस साल फरवरी में लोकसभा में इस संस्मरण के अंशों का उल्लेख करने से रोक दिया गया था, क्योंकि यह अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। रूपा पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित नरवणे की हालिया पुस्तक द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइड अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज में भारतीय थलसेना, नौसेना और वायु सेना से जुड़े किस्सों, कहानियों और रोचक पहलुओं का जिक्र किया गया है।

## नेपाल सीमा पर बाजारों में सन्नाटा, भारतीय वस्तुओं पर नये टैक्स से खरीदारी में कमी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पड़ोसी देश नेपाल की बालेन शाह सरकार ने एक नया टैक्स लगा दिया है। नेपाल सरकार ने भारत से आयात होने वाली वस्तुओं पर टैक्स लगाने के साथ ही साथ बॉर्डर पर सख्ती भी कर दी है। सरकार ने 100 नेपाली रुपये यानी 62 भारतीय रुपये से अधिक की वस्तुओं पर नेपाल कस्टम शुल्क लागू कर दिया है। इस शुल्क के लगने का सबसे ज्यादा प्रभाव सीमावर्ती बाजार पर दिखाई पड़ रहा है।

इससे पहले नेपाली नागरिक रोजमर्रा के घरेलू सामानों की खरीदारी के लिए सीमा पार करके भारतीय बाजारों में आते थे। इस फैसले का सबसे ज्यादा प्रभाव सीमावर्ती भारतीय बाजारों, खासकर रुपईडीहा, बाबागंज



एवं नानपारा पर पड़ता नजर आ रहा है। सीमावर्ती व्यापारियों के मुताबिक, नेपाल सरकार के निर्णय से 40 फीसदी से अधिक कारोबार में कमी आई है। नेपाल सरकार के इस कदम से भारतीय व्यापारी भी नाराज हैं। नेपाल सीमा से सटे भारतीय बाजार में नेपाली नागरिकों को सब्जी, चावल, दाल के अलावा बर्तन सस्ते मूल्य पर मिल जाते हैं। इसके चलते नेपाल के नागरिक रुपईडीहा, बाबागंज व नानपारा के बाजार में काफी मात्रा में भारतीय सामानों की खरीद करते हैं।

## उत्तर प्रदेश में बरस रही आग, पारा 45 डिग्री के पार, आज भी लू का अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में गर्मी का प्रकोप जारी है और शनिवार को कई स्थानों पर पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.4 डिग्री अधिक है।

मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक प्रयागराज राज्य का सबसे गर्म जिला रहा, जहां पारा 45.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 4.6 डिग्री अधिक था। इसके बाद वाराणसी (44.3 डिग्री सेल्सियस), बांदा (44.2 डिग्री सेल्सियस) और आगरा (44 डिग्री सेल्सियस) का स्थान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य की राजधानी लखनऊ में न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नजीबाबाद (39 डिग्री सेल्सियस) और मुजफ्फरनगर (39.8 डिग्री सेल्सियस) को छोड़कर, राज्य के अन्य स्थानों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। वहीं रविवार को लखनऊ और उसके आसपास के इलाकों में आसमान साफ रहने का पूर्वानुमान लगाया है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 43 और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, साथ ही कई इलाके लू की चपेट में रहेंगे। इसके मुताबिक राज्य में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### भारतीय नौसेना की बढ़ी ताकत, बीडीएल ने एनएसटीएल को सौंपा स्वदेशी भारी टॉरपीडो



**एजेंसी, विशाखापत्तनम।** रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले एक प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल ) ने गुरुवार को अपनी विशाखापत्तनम इकाई में नौसेना विज्ञान एवं तकनीकी प्रयोगशाला (एनएसटीएल ) को एक उत्पादन-ग्रेड वायर गाइडेड हेवी वेट टॉरपीडो (डब्ल्यूजीएचडब्ल्यूटी) सौंपा। यह स्वदेशी रक्षा निर्माण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है।

**सफलता** | अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा की बड़ी उपलब्धि

## अंतरिक्ष में ही तैयार होगा आईवी फ्लूइड, लंबे मिशनों को मिलेगी नई ताकत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक अहम तकनीकी उपलब्धि हासिल की है। अब अंतरिक्ष में ही जरूरत के अनुसार इंट्रावेनस (आईवी) फ्लूइड तैयार किया जा सकेगा।

यह तकनीक लंबे समय तक चलने वाले मानवयुक्त मिशनों, खासकर चंद्रमा और मंगल ग्रह की यात्राओं के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। नासा हर मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन में जीवन रक्षक तरल पदार्थ की थैलियां अपने साथ ले जाता है। इसे आईवी या इंट्रावेनस द्रव कहते हैं। सोडियम क्लोराइड और शुद्ध पानी का यह साधारण मिश्रण उड़ान के दौरान निर्जलीकरण, जलन और कई अन्य चिकित्सीय स्थितियों का इलाज कर सकता है। यह लगभग 30 प्रतिशत तक आम मेडिकल समस्याओं का उपचार करने में सक्षम है। पृथ्वी की निचली कक्षा से आगे गहरे अंतरिक्ष में जाने वाले मिशन तीन साल या उससे ज्यादा समय तक चल सकते हैं।

ऐसे लंबे सफ़र में चालक दल के स्वास्थ्य के लिए आईवी द्रव की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन समस्या यह है कि पहले से पैक किए गए आईवी द्रव की शेल्फ लाइफसिर्फ 16 महीने तक ही होती है। इतनी कम अवधि वाली आपूर्ति को स्टॉक करना जटिल और जोखिम भरा होता है। इसी समस्या का समाधान निकालने के लिए नासा के ग्लेन रिसर्च सेंटर (क्लीवलैंड) के वैज्ञानिकों ने एक उन्नत तकनीक विकसित की है।

यह तकनीक अंतरिक्ष में उपलब्ध पानी को जरूरत के अनुसार चिकित्सा योग्य आईवी द्रव में बदल सकती है। अब टीम इस प्रणाली के छोटे और हल्के संस्करण का परीक्षण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर करने की तैयारी कर रही है। इस परीक्षण के लिए आईवीजीईएन मिनी नामक सिस्टम नासा के नॉर्थ्रोप ग्रुम्मन कमर्शियल रीसप्लाई सर्विसेज-24 (एनजी सीआरएस-24) मिशन के जरिए 11 अप्रैल को अन्य सामान, प्रयोगों और हार्डवेयर के साथ स्पेस स्टेशन पर पहुंचाया गया था। यह सिस्टम आईवी फ्लूइड बनाकर यह साबित करेगा कि डिजाइन अंतरिक्ष की परिस्थितियों में ठीक से काम करता है। यह सिस्टम स्पेस स्टेशन के पीने वाले पानी को एक बड़े बैग में भरकर काम करता है। बैग को आईवीजीईएन मिनी से जोड़ा जाता है। सिस्टम पानी को अच्छी तरह छानकर उसमें मौजूद कणों और खनिज आयनों को पूरी तरह हटा देता है। फिर यह शुद्ध पानी एक बैग में जाता है, जिसमें पहले से तय मात्रा में सोडियम क्लोराइड भरा होता है। दोनों को सही अनुपात में मिलाने पर रोगाणु रहित और चिकित्सा के लिए सुरक्षित आईवी द्रव तैयार हो जाता है। नासा ग्लेन की इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट मैनेजर कर्टनी श्कुरको ने बताया कि लॉन्च के बाद मई में अस्थायी संचालन की योजना है। अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद दल दो दिनों तक इस सिस्टम को चलाएगा और लगभग 10 लीटर तरल पदार्थ तैयार करेगा। इसके बाद इस द्रव को पृथ्वी पर वापस लाकर उसकी जांच की जाएगी। जांच से पता चलेगा कि अंतरिक्ष में बने द्रव ने सभी जरूरी मानकों को पूरा किया है और इस्तेमाल के लिए पूरी तरह सुरक्षित है।

# लूट की नियत से व्यापारी पर फायर करने वाले गिरफ्तार

- घटना में शामिल दो अन्य अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीमें प्रयासरत



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नारायण पालीवाल के नेतृत्व में गठित थाना छपिया पुलिस टीम की कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत मु0अ0सं0-155/2026, धारा 126(2), 309(6), 62, 109(1) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 3(5) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तगण 01. विवेक वर्मा पुत्र स्व0लालजी वर्मा निवासीग्राम सिसई रानीपुर थाना छपिया जनपद गोण्डा, 02. अनुराग पाण्डेय उर्फ शिवम पाण्डेय पुत्र स्व0 हरीश पाण्डेय निवासी मटियरिया थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा को सकदरपुर से सिसईरानीपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-** दिनांक 19.04.2026 को थाना छपिया पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि व्यापारी समर कसौधन निवासी बभनान थाना गौर जनपद बस्ती जिनकी थाना क्षेत्रांतर्गत सिसई रानीपुर में बरतन व ज्वेलर्स की दुकान है, जो कि बभनान (जनपद बस्ती) से लगभग 5 किमी दूर है। समय लगभग 6.30 सांय दुकान बंद कर अपना ज्वेलर्स का बैग लेकर घर की तरफ जा रहे थे, रास्ते में फुलवा पर चौराहे से कुछ पहले अज्ञात बदमाश द्वारा टक्कर मार दी गई व आभूषण से भरा थैला झपटने लगे न देने पर जान से मारने की नियत से गोली मार दी गई व फरार हो गए। सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारीगण द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया, मौके पर डॉग स्कायड व फील्ड यूनिट टीम को बुलाकर जांच की गयी। घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जो अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुका है स्थिति सामान्य है।

प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना छपिया पर मु0अ0सं0-155/2026, धारा 126(2), 309(6), 62, 109(1) बीएनएस बनाम अज्ञात चोरो के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के पर्यवेक्षण में टीमों का गठन कर घटना के अनावरण हेतु लगाया गया था। दिनांक 25.04.2026 को थाना छपिया की पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत अभियुक्तगण 01. विवेक वर्मा पुत्र स्व0 लालजी वर्मा निवासीग्राम सिसई रानीपुर थाना छपिया जनपद गोण्डा, 02. अनुराग पाण्डेय उर्फ शिवम पाण्डेय पुत्र स्व0 हरीश पाण्डेय निवासी मटियरिया थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा को सकदरपुर से सिसईरानीपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई। घटना के षड्यंत्र एवं क्रियान्वयन में उपरोक्त अभियुक्तों के अतिरिक्त दो अन्य अभियुक्त भी सम्मिलित रहे हैं, जो वांछित हैं तथा उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें प्रयासरत हैं ।

# पुलिस महानिरीक्षक ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

- होमगार्ड भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए से प्रशासन रहा मुस्तैद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**





निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण तथा परीक्षा की समुचित निगरानी का जायजा लिया गया। सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होती पाई गई।

इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह नकलविहीन एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो।

प्रशासन द्वारा परीक्षा को सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने, धर्म परिवर्तन व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार




**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली उतरौला पुलिस ने नाबालिग बालिका को बहला–फुसलाकर ले जाने, धर्म परिवर्तन कराने एवं दुष्कर्म के गंभीर आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार 23 अप्रैल 2026 को पीड़िता के पिता ने कोतवाली उतरौला में तहरीर देकर बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री को एक अज्ञात युवक शादी की नीयत से बहला–फुसलाकर भगा ले गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा संख्या 0055/2026 धारा 87 बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 अप्रैल को पीड़िता को लखनऊ से सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ और जांच के आधार पर मामले में आरोपी की पहचान अलीरजा उर्फ अल्ताफ पुत्र अहमद रजा निवासी मोहल्ला रफीनगर, कोतवाली उतरौला के रूप में हुई। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने मामले में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम की धारा 3/5 तथा धारा 64(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की। इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की कार्रवाई 24 अप्रैल को उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने हमराह हेड कांस्टेबल विनोद यादव के साथ की। आरोपी को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और पीड़िता को आवश्यक चिकित्सीय एवं विधिक सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही, इस प्रकार के अपराधों के प्रति सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात भी कही गई है।

### डीएम के निर्देश पर गर्मी से राहत के लिए जनपद में 137 जगहों पर लगाए नि:शुल्क प्याऊ

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** डीएम विपिन कुमार जैन के निर्देशन में जनपद के नगर पालिका बलरामपुर, नगर पंचायत तुलसीपुर, पचपेड़वा व गैसड़ी एवं नगर पालिका परिषद उतरौला क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर नि:शुल्क ड्रिन्किंग वॉटर के लिए 137 सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ लगाए गए हैं। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट परिसर, टेऊजरी, तहसीलों, अस्पतालों, विकासभवन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शुद्ध शीतल पेयजल का प्रबंध किया गया है। जनसामान्य को डी–हाईड्रेशन से बचाने के लिए पांच लाख से अधिक ओरआरएस पैकेट्स उपलब्ध हैं जिनके नि:शुल्क वितरण के लिए अस्पतालों में समुचित प्रबन्ध किए गए हैं। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि वे हीटवेव से बचाव के लिए जारी किए गए सुरक्षा उपायों को अपनाएं तथा सुरक्षित रहें एवं अपना बचाव करें।

### नि:शुल्क बीज मिनीकिट के लिए 10 मई तक करें आवेदन, ई-लॉटरी से होगा चयन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला कृषि अधिकारी ने सूचित किया है कि खरीफ 2026 के लिए राज्य सहायता प्राप्त नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के तहत कृषकों को बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसान कृषि दर्शन पोर्टल 2.0 के माध्यम से आगामी 10 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन या बुकिंग कर सकते हैं। योजना की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। चयनित किसानों को उनके संबंधित विकास खण्ड स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डारों से बीजों का वितरण किया जाएगा। वितरण के समय कृषक भाइयों के पास फार्मर आईडी होना अनिवार्य है। नियमानुसार, एक कृषक को अधिकतम एक ही प्रजाति का नि:शुल्क बीज मिनीकिट दिया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि 10 मई तक अपनी बुकिंग सुनिश्चित कर योजना का लाभ उठाएं।

# गैस सिलेंडर लेने जा रहे मासूम समेत तीन लोगों की मौत

- तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से ई-रिक्शा को मारी टक्कर, महिला गंभीर रूप घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नानपारा क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार कि ई-रिक्शा 5ड्ढ6 फीट गड्ढे में जा गिरी।जिसमें मासूम समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने घायल मासूम की मां को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार जारी है।

बताया जा रहा है कि हादसा उस समय हुआ जब एक परिवार घरेलू उपयोग के लिए गैस सिलेंडर लेने ई-रिक्शा से नानपारा जा रहा था। ई-रिक्शा पर कौवा भारी लक्ष्मणपुर मटेही निवासी मौजी लाल (42 वर्ष) अपने भाई की पत्नी अंजना देवी और पांच माह के मासूम सतगुरुपाल (पुत्र मंजीत पाल) के साथ नानपारा गैस सिलेंडर लेने जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस टक्कर में मौजी लाल, मासूम सतगुरुपाल और ई-रिक्शा चालक शकील (33 वर्ष, पुत्र छोट्टन) की मौके पर ही मौत हो गई। इलाज करने वाले डॉक्टर संतोष वर्मा ने बताया घायलों को अस्पताल लाया गया था, जहां जांच के दौरान तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। घायल महिला का उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। चौकी इंचार्ज गुरुगुट्टा, सुरपति त्रिपाठी ने बताया पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतकों को अस्पताल पहुंचाया। सड़क को खाली कराया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायतनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।



### सिलेंडर लेने गया था बेटा

मृतक मौजी लाल के पिता शंकर ने बताया कि उनका बेटा घरेलू कार्य के लिए गैस सिलेंडर लेने बहराइच जा रहा था। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि सड़क दुर्घटना में उनके बेटे और पोते की मौत हो गई है। ई–रिक्शा चालक की पहचान शकील अहमद पुत्र छोटन, निवासी हुसैनी पुरवा, विकास खंड रिसिया (बहराइच) के रूप में हुई है।

### घायल महिला का इलाज जारी

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस रजवपुर मोड़ पर पहुंची। एम्बुलेंस की मदद से तीनों मृतकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल अंजना देवी का प्राथमिक उपचार जारी है।

# 274 मार्गो को अतिक्रमण मुक्त कराकर आवागमन किया सुव्यवस्थित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



**जनपद में 01 अप्रैल, 2026** से डीएम प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार चकमार्ग/सार्वजनिक चकरोडों को अतिक्रमण मुक्त कराने का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का परिणाम अत्यंत संतोषजन रहा हैं। वहीं आपको बता दें कि प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सदर गोण्डा में अब तक 46 चकमार्ग, तहसील तरबगंज में 73 चकमार्ग, तहसील करनैलगंज में 95 चकमार्ग तथा तहसील मनकापुर में 60 चकमार्ग/सार्वजनिक चकरोड, इस प्रकार कुल मिलाकर जनपद में अब तक 274 से अधिक चकमार्ग/सार्वजनिक चकरोडों को सफलतापूर्वक अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है। इस प्रकार कुल मिलाकर बड़ी संख्या में चकमार्गों को खाली कराकर ग्रामीणों एवं आमजन के आवागमन को सुव्यवस्थित बनाया गया है। आपको बता दें कि डीएम प्रियंका निरंजन ने इस अभियान को जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में सार्वजनिक मार्गों पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया है कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को चकमार्ग या सार्वजनिक चकरोड से संबंधित कोई शिकायत, आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह इस अभियान के दौरान अपनी बात प्रशासन तक अवश्य पहुंचाएं। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके।



यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और जनपद के सभी चकमार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लक्ष्य को पूर्ण किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुचारू हो, किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में किसी प्रकार की बाधा न आए तथा सार्वजनिक संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। जनपद प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि ग्रामीण विकास एवं जनसुविधाओं को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

इस अभियान में डीएम के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार तथा मुख्य राजस्व अधिकारी श्रीमती रिंकी जायसवाल व अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन जनपद के उपजिलाधिकारियों से खाली कराये गये चकमार्गों की बराबर रिपोर्ट ली जा रही है।

# युवक पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- प्रेम प्रसंग में युवती के रिश्तेदारों ने किया हमला, हालत गंभीर

जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक पर पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। युवती के रिश्तेदारों पर यह आरोप है। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने युवक को बचाया।घायल युवक की पहचान कुमारनपुरवा निवासी गणेश के रूप में हुई है। उसका इलाके की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले दोनों घर से भाग गए थे। युवती के परिजनों के दबाव और पुलिस में शिकायत के बाद युवक ने उसे घर छोड़ दिया था। हालांकि, बाद में युवती ने अपना बयान बदलते हुए युवक पर जबरदस्ती ले जाने का आरोप लगाया। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच रंजिश चल रही थी। शुक्रवार देर शाम जब गणेश काम खत्म कर अपने घर लौट रहा था, तभी युवती के रिश्तेदार रंगीलाल ने उसे फोन कर सुलह के बहाने बुलाया। आरोप है कि रंगीलाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर गणेश पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगने के बाद गणेश की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। परिजनों ने गंभीर रूप से झुलसे गणेश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल गणेश ने बताया कि युवती उसकी मर्जी से उसके साथ गई थी। पुलिस और परिवार के दबाव के बाद उसने युवती को घर छोड़ दिया था, लेकिन युवती ने बाद में अपना बयान बदल दिया। गणेश ने आरोप लगाया कि युवती के परिवार वाले इसी बात को लेकर रंजिश रखे हुए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें मामले की सूचना मिली है, लेकिन अभी तक कोई लिखित शिकायत (तहरीर) प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### पुतला दहन के दौरान भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल झुलसीं



**सपा प्रमुख का पुतला जलाते समय मुंह जला, अस्पताल में भर्ती**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकते समय भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल झुलस गईं। उन्हें तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना जिलाधिकारी आवास के पास हुई, जहां भाजपा ने नारी वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली विपक्षी पार्टियों के खिलाफ प्रदर्शन आयोजित किया था। प्रदर्शन में सदर विधायक अनुपमा जायसवाल भी शामिल थीं। पुतला दहन के दौरान आग की लपटें विधायक जायसवाल के चेहरे पर लगीं, जिससे वह झुलस गईं। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने उन्हें बचाया। इस घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया। आनन–फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने जिला अस्पताल पहुंचकर विधायक का हाल जाना। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी अस्पताल में मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने आरक्षियों को परोसा भोजन

- रिजर्व पुलिस लाइन में बड़ा खाना का आयोजन
- साथ बैठकर भोजन कर की चर्चा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त रिक्रूट आरक्षियों की आउटडोर एवं इंडोर परीक्षाएं सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, पासिंग आउट परेड से पूर्व रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में ÷बड़ा खाना÷ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने स्वयं आरक्षियों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन करते हुए उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान आरक्षियों के प्रशिक्षण अनुभव, चुनौतियों एवं आगामी कार्य-जीवन से जुड़े विषयों पर वार्ता किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने आरक्षियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन पुलिस बल में पारिवारिक वातावरण को बढ़ावा देते हैं तथा आपसी समन्वय को मजबूत बनाते हैं। साथ ही, रिक्रूट आरक्षियों को भविष्य में बेहतर पुलिसिंग के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर एकजुटता एवं समर्पण के साथ सेवा करने का संकल्प लिया। आयोजन में एसएसबी 42 और 59 वी के कमांडेट,अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, एडीएम प्रशासन अमित सिंह व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व पुलिस लाइन के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# भीषण गर्मी का कहर उतरौला में पारा 41°C पार, दिन में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



तहसील क्षेत्र में भीषण गर्मी ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शनिवार को गैंडास बुजुर्ग में 41.1°C, रेहरा बाजार में 40.8°C, श्रीदत्तगंज में 40.7°C और उतरौला सदर क्षेत्र में 40.5°C तापमान दर्ज किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पारा 40 डिग्री के आसपास रहा, जिससे लोगों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। लोग जरूरी काम के अलावा घरों से निकलने से बच रहे हैं। बुजुर्ग, बच्चों और बाहर काम करने वाले मजदूरों पर गर्मी का सबसे ज्यादा असर दिख रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉक्टर अहमद खान ने बताया कि बढ़ते तापमान से डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा पानी पीने, धूप से बचने और हल्के, सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है। दोपहर में अनावश्यक बाहर न निकलें और शरीर को ठंडा रखने के उपाय अपनाएं। प्रशासन ने भी लोगों से सतर्क रहने और लू से बचाव के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है, ताकि भीषण गर्मी के असर से बचा जा सके।

# बीएसए ने दो दिवसीय प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक किया समापन

- क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम के अंतर्गत प्रोजेक्ट ओरिएंटेशन व स्कूल एक्सीलेंस प्रोग्राम की कार्यशाला आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



भारती एयरटेल फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बहराइच में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहाँ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा संचालित क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम के अंतर्गत प्रोजेक्ट ओरिएंटेशन एवं स्कूल एक्सीलेंस प्रोग्राम की कार्यशाला में आये प्रधानाध्यापको एवं शिक्षकों को संस्था से सहयोग लेकर विद्यालयों को आगे बढ़ने उन्नत कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उल्लेखनीय है की भारती एयरटेल फाउंडेशन देश के 12 राज्यों में 1200 से अधिक सरकारी विद्यालयों में अपना यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चला रहा है, इसी क्रम में लखनऊ, श्रावस्ती के साथ-साथ अब यह कार्यक्रम बहराइच जिले के दो ब्लॉक चितौरा एवं हुजूरपुर में भी 25 चयनित विद्यालयों में शुरू किया गया है।

भारती एयरटेल फाउंडेशन के रीजनल हेड संदीप कुमार शारदा एवं स्टेट हेड ब्रजेश भारद्वाज ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत एवं आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा चयनित 25 विद्यालयों को प्रदान की जा रही वेलकम किट का अवलोकन एवं उदघाटन भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। संस्था प्रोजेक्ट ओरिएंटेशन कार्यक्रम में सभी चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के एक शिक्षक को क्यूएसपी कार्यकम के लाभों एवं उद्देश्य से परिचित करवाने हेतु बुलाया गया था, साथ ही स्कूल एक्सीलेंस प्रोग्राम की कार्यशाला के माध्यम से अपने विद्यालय को और कैसे बेहतर बनाये, विद्यालय की विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए विद्यालय को किस प्रकार और उन्नत बनाये जाने पर चर्चा की गई। स्वॉट एनालिसिस के आधार पर विजन स्टेटमेंट व स्कूल डेवलपमेंट प्लान के विभिन्न चरणों को कार्यशाला में प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों द्वारा साझा किया गया। सभी प्रतिभागियों द्वारा मिलकर अपने-अपने विद्यालयों की विद्यालय विकास योजना तैयार की गयी जिससे की आगामी सत्र में विद्यालय को उन्नयन की ओर ले जाया जा सके।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के साथ डीसी ट्रेनिंग प्रदीप वर्मा भी उपस्थित रहे एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कार्यशाला में आये सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं संस्था की सहायता से विद्यालयों को नेक्स्ट लेवल तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। उपरोक्त कार्यक्रम में भारती एयरटेल फाउंडेशन के रीजनल हेड संदीप कुमार शारदा, स्टेट हेड ब्रजेश भारद्वाज, प्रशिक्षक आरिफ अहमद सिद्दीकी, हरदीप सिंह एवं सिल्की भाटिया व अकादमिक मेंटर अस्तित्व त्रिपाठी, पूनम यादव, शशि रंजन, अभिषेक पांडेय ,राजन सिंह, सोनाली यादव के साथ साथ समस्त स्कूलों से प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों भगवती आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज, एम. पी.पी. इंटर कॉलेज, एम. डी. के. बालिका इंटर कॉलेज एवं बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता, जिम्मेदारी एवं अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए, जिससे परीक्षा प्रक्रिया निर्बाध एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जाए।

यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने हेतु सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

जनपद प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पांडे व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पशुधन स्वस्थ तभी किसानों-पशुपालकों की आय में होगी वृद्धि : धर्मपाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर आज यहां अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में उ.प्र. पशु चिकित्सा संघ द्वारा भव्य अधिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पशुधन विकास, दुग्ध विकास एवं राजनीतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पशुचिकित्सक केवल पशुओं के उपचारकर्ता ही नहीं, बल्कि पशुधन, खाद्य सुरक्षा और जनस्वास्थ्य के सच्चे संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि ÷विश्व पशुचिकित्सा दिवस÷ का आयोजन पूरी दुनिया में पशु चिकित्सकों के समर्पण, सेवा और योगदान के सम्मान में किया जाता है।

कैबिनेट मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इस वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस की थीम पशुचिकित्सकः भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षकअत्यंत प्रासंगिक है। यह विषय स्पष्ट करता है कि पशुचिकित्सकों की भूमिका केवल पशु चिकित्सा तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ पशुधन के माध्यम से सुरक्षित दुग्ध, पोषण, खाद्य श्रृंखला की मजबूती तथा मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा से भी जुड़ी हुई है।

उन्होंने कहा कि यदि पशुधन स्वस्थ और उत्पादक रहेगा तो किसानों एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। लाखों परिवार अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं। ऐसे में पशु चिकित्सकों, पैरावेट कर्मियों एवं विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने सभी पशु चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे सेवा भावना, संवेदनशीलता और पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि प्रदेश का पशुधन अधिक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध बन सके।

### पशुपालन एवं दुग्ध विकास योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाया जाए

कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित पशुपालन एवं दुग्ध विकास योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से पशुपालकों की आय बढ़ेगी, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को नई गति मिलेगी। उन्होंने पशु चिकित्सकों, पशुपालकों एवं पशुधन क्षेत्र से जुड़े सभी कर्मियों को विश्व पशु चिकित्सा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने पशु चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार की गौसंरक्षण, पशुधन संवर्धन एवं ग्रामीण समृद्धि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में पशु चिकित्सा अधिकारियों का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि पशुधन संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पशु चिकित्सकों की सेवाएं सदैव प्रेरणादायी रही हैं। कार्यक्रम में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने उ.प्र. पशु चिकित्सा संघ को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा विभाग और संघ के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से पशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने पर बल दिया।

# सीएम ने हेमवती नंदन बहुगुणा जयंती पर दी श्रद्धांजलि

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि बहुगुणा जी के विकास का जो दृष्टिकोण था, आज वह धरातल पर साकार हो रहा है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

पुष्पांजलि के बाद योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती के अवसर पर आज लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। योगी आदित्यनाथ ने पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में उनके द्वारा दी गई सराहनीय सेवाएं आज भी हम सबके लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा, उनका विकास का जो दृष्टिकोण था, वह आज धरातल पर साकार हो रहा है।

स्व. बहुगुणा जी की पावन स्मृतियों को नमन। पौड़ी गढ़वाल (अब उत्तराखंड) में 25 अप्रैल 1919 को पैदा हुए हेमवती नंदन बहुगुणा ने नवंबर 1973 में कांग्रेस शासित सरकार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और वह नवंबर 1975 तक इस पद पर रहे। आजादी की लड़ाई में अग्रणी सेनानी रहे बहुगुणा के पुत्र विजय बहुगुणा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रह चुके हैं जबकि उनकी पुत्री रीता बहुगुणा जोशी उत्तर प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हैं। रीता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुकी हैं।

## खबरें एक नजर में

### इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी भीषण आग, 55 लाख का सामान जलकर राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां थाना क्षेत्र स्थित मदापुर मंदिर चौराहे पर शनिवार को विंध्यावासिनी इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा शोरूम धुएं और लपटों से घिर गया। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की 2 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।जानकारी के मुताबिक, ओम प्रकाश शुक्ला विंध्यवासिनी मार्केट में विंध्यवासिनी नाम से इलेक्ट्रॉनिक का शोरूम है। शनिवार सुबह करीब 11 बजे शोरूम में आग लग गई। आग लगने से करीब 55 लाख रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि शोरूम को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। प्राथमिक तौर पर आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस और फायर विभाग की टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### प्रेमी ने महिला का गला दबाकर की हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में प्रेमी ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को घर पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना शुक्रवार रात ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के लाला बाग, रिंग रोड के पास हुई। मृतक की पहचान नीलम सक्सेना (42) के रूप में हुई। वह अपने प्रेमी और 8 साल की बेटी के साथ एक खाली प्लॉट में झोपड़ी बनाकर रहती थी। शनिवार सुबह उसी प्लॉट में उसका शव मिला है। मृतका के भाई नरेश ने बताया कि नीलम की शादी गौर अतरौली, हरदोई निवासी संजय सक्सेना से 15 साल पहले हुई थी। दोनों की 4 बेटियां शिवानी, प्रांशी, मधु और निधि हैं। दोनों पूर्व में बालागंज में किराए पर रहते थे। 4 महीने पहले नीलम पति संजय सक्सेना से अलग हो गई। सबसे छोटी बेटी निधि को लेकर कौड़िया, अतरौली, हरदोई के संजय गौतम के साथ रहने लगी। दोनों ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में लाला बाग, रिंग रोड में नोबेल हॉस्पिटल के खाली प्लॉट में रहते थे। मृतका की बेटी निधि ने बताया शुक्रवार रात में मां खाना खाकर सो रही थी। रात में संजय गौतम ने मां का गला दबा दिया। मां बेहोश हो गई। संजय गौतम ने कहा कि दवाई लेकर आ रहा हूं। काफी देर तक उसका इंतजार किया। वह नहीं लौटा। इस दौरान नींद आने से वह सो गई। शनिवार तड़के नींद खुली तो मां की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि हयातगंज, अतरौली, हरदोई के रहने वाले नरेश ने शनिवार तड़के 3रू30 बजे नीलम की मौत की सूचना दी। मौके पर पहुंचकर छानबीन की गई। नीलम के शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। फॉरेंसिक टीम ने को बुलाकर सबूत जुटाए गए हैं। फिलहाल, हत्या के सबूत नहीं मिले हैं। पता चला है कि मृतका शराब पीने की आदी थी। सभी एंगल पर जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत के कारण का पता चलेगा। उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### किशोर को बोलेरो ने मारी टक्कर, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के महिंगवां इलाके में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में 15 साल के किशोर की मौत हो गई। उसे सामने से तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। मृतक की पहचान महिंगवां के गुलालपुर निवासी जान मोहम्मद के बेटे फुरकान के रूप में हुई। यह दुर्घटना रात करीब 12 बजे हुई। फुरकान बाइक से पहाड़पुर की ओर से अपने घर लौट रहा था। कुम्हारावां चौराहे के पास पहुंचते ही सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो (मुर्गा वाली गाड़ी यूपी 32 वाईएन 7104) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि फुरकान कई फीट दूर जा गिरा। हादसे के बाद मुर्गे वाली गाड़ी का ड्राइवर उतरकर भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अचेत घायल पड़े लड़के को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बोलेरो को कब्जे में ले लिया है।

### उत्तराखंड के लोगों का प्रदर्शन, मेयर के समर्थन में सड़कों पर उतरे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में उत्तराखंड के लोगों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। हजरतगंज में इकट्ठा हुए लोग लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। जीपीओ पर गांधी प्रतिमा पर अखिलेश यादव-मुर्दाबाद' नारे लगाते हुए हजरतगंज चौराहे की ओर बढ़े। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो बैरिकेडिंग गिराते हुए बढ़ गए। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पर्वतीय समाज के लोग और पूर्व सैनिक शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने 'सपा की पहचान, नारी शक्ति का अपमान' जैसे नारे लगाए। इस बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। प्रदर्शन के दौरान हजरतगंज में जाम जैसी स्थिति बन गई। लखनऊ में महिला आरक्षण बिल को लेकर मंगलवार को भाजपा की जनाक्रोश रैली के दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल द्वारा दिए गए बयान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पलटवार किया। उन्होंने मेयर के नाम फेसबुक पर खुली चिट्ठी लिखी है। उसमें खुद को मेयर का भाई बताते हुए सुबह उनके द्वारा दिए गए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। इस मामले में मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा मैं किसी की मां को क्यों गाली दूंगी? कहीं भी यह बता दिया जाए कि मैंने गाली दी है। मैं असभ्यता नहीं दर्शाती हूं। मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग अखिलेश यादव ने की। जब धर्म पर देश बंटा तो यह आरक्षण पाकिस्तान में जाकर मांगिए। मैंने आधी आबादी की बात रखी है।

# बीजेपी 25 सीटें दे, नहीं तो अकेले लड़ूंगा : रामदास अठावले

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) ने अपनी राजनीतिक सक्रियता तेज कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश में ब्लॉक स्तर तक संगठन को मजबूत करने में जुटी है, ताकि आने वाले चुनाव में जनता की आवाज को प्रभावी तरीके से उठाया जा सके।

आठवले ने साफ किया कि केंद्र में एनडीए की सहयोगी पार्टी होने के नाते आरपीआई (ए) उत्तर प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहती है। उन्होंने 25 सीटों पर गठबंधन की इच्छा जताई, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो पार्टी अकेले चुनाव मैदान में उतरने से पीछे नहीं हटेगी।

डॉ. आठवले ने महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक के मुद्दे पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल महिलाओं के विकास में बाधा डाल रहे हैं और उनका रुख महिला विरोधी रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि आरपीआई (ए) उत्तर प्रदेश में दलित, पिछड़े, दबे-कुचले और वंचित समाज की आवाज बनकर काम कर रही है। उनका आरोप था कि अन्य राजनीतिक दलों ने इन वर्गों के वोट तो लिए, लेकिन उनके विकास के लिए ठोस काम नहीं किया।

आठवले ने प्रदेश सरकार से मांग की कि दलित बहुल गांवों में समाज भवन बनाए जाएं और उनका संचालन भी उसी समाज के लोगों को सौंपा जाए, ताकि उन्हें सीधे लाभ मिल सके।

रामदास आठवले ने कहा कि भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आने वाले 26 नवंबर को डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में एक बड़ी रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें एक लाख से अधिक लोग इकट्ठा होंगे। बहुजन समाज पार्टी का प्रभाव कम हुआ है और वर्तमान में लोकसभा में उनका एक भी सदस्य नहीं है। इसीलिए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश में जो काम करना चाहती है वह वंचितों के विकास के लिए है।

हमारी पार्टी सभी जाति के लोगों को लेकर आगे बढ़ाने वाली है। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी पूरी तरह से फेल हो चुकी है। मुलायम सिंह यादव होते तो स्थिति अलग होती। अखिलेश यादव को महिला आरक्षण पर समर्थन करना चाहिए था लेकिन इन लोगों ने जानबूझकर इस बिल को फेल करने का काम किया। महिलाओं के खिलाफ इन लोगों ने वोटिंग किया।

# होमगार्ड परीक्षा के पहले दिन चारबाग स्टेशन पर उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से कराई जा रही होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा के पहले दिन चारबाग रेलवे स्टेशन अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। 3 दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ऐशबाग स्टेशन से गोरखपुर के बीच जनरल कोच वाली स्पेशल ट्रेन चला रहा है। 27 अप्रैल तक यह सुविधा मिलती रहेगी।

यह ट्रेन रात 8.45 बजे ऐशबाग से रवाना होगी और रास्ते में बादशाहनगर, बाराबंकी, जरवल रोड, करनैलगंज, गोंडा, मनकापुर, बस्ती और खलीलाबाद जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए सुबह 3.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों की वापसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने गोरखपुर से ऐशबाग के बीच भी विशेष ट्रेन चलाने की व्यवस्था की है। गाड़ी संख्या 05049 गोरखपुर से 26 और 27 अप्रैल को सुबह 4.55 बजे रवाना होगी और विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए सुबह 10.20 बजे ऐशबाग पहुंचेगी।

# 2027 में सपा सरकार बनी तो 24 घंटे में होगा गन्ना भुगतान : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को दावा किया कि 2027 में सपा सरकार बनने पर 24 घंटे के भीतर गन्ना किसानों का भुगतान कर दिया जाएगा तथा इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये का किसान रिवॉल्विंग फंड बनाया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत नौ राज्यों के उत्तर क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन के एक दिन बाद शनिवार को सपा प्रमुख ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में किसानों के लिए कई घोषणाएं कीं। अखिलेश यादव ने कहा,हमने तय किया है कि हम 24 घंटे के अंदर गन्ने का भुगतान कर देंगे। जैसे ही किसान के हाथ में पर्ची आएगी, वैसे ही हम किसानों के खाते में पैसा भेज देंगे।

उन्होंने कहा,इसके लिए हम 15 हजार करोड़ रुपये का श्किसान रिवॉल्विंग फंड बनाएंगे, जिससे किसान को भुगतान के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पर्ची मिलते ही भुगतान होगा। सपा प्रमुख ने कहा कि बड़े पैमाने पर किसान कर्ज लेते हैं, ऐसे में कानून बनाकर उनका कर्ज माफ किया जाएगा।

उन्होंने फसल बीमा, मुफ्त सिंचाई और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का भी ऐलान किया। यादव ने आरोप लगाया कि सपा सरकार में किसानों के लिए मिलने वाली सुविधाएं मौजूदा सरकार ने छीन लीं। उन्होंने कहा, एक्सप्रेसवे पर मंडियां बनना शुरू हो गई थीं। कन्नौज में आलू के लिए जितनी मंडियां सपा सरकार में बनीं, उससे आगे नहीं बढ़ सकी।

उन्होंने नारा दिया, जब खेत मुस्कराएगा तो देश मुस्कराएगा। उन्होंने कहा, भाजपा को हम लोग हराएंगे। राज्य में 95 प्रतिशत पीडीए मतदान करके भाजपा का सफाया करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया, किसान पर कर्ज बढ़ता जा रहा है। उसे खाद, बीज, डीजल हर चीज किसान को महंगी खरीदनी पड़ रही है। खेती घाटे की होती जा रही है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका से डील के बाद बड़े पैमाने पर कृषि उत्पाद भारत में आ जाएंगे तो हमारा किसान संकट में पड़ जाएगा। जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए यादव ने कहा कि रासायनिक उर्वरक को कम करने और बेहतर बीज उपलब्ध कराने के लिए अनुसंधान केंद्रों से किसानों को जोड़ा जाएगा। सरकार को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा, अगर ये स्मार्ट शहर बना सकते हैं तो स्मार्ट गांव क्यों नहीं बन सकते? इस दिशा में सपा सरकार काम करेगी।

# लखनऊ से हज यात्रियों का तीसरा जत्था रवाना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

▸ 428 यात्रियों ने भरी उड़ान

लखनऊ में मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस से हज यात्रियों का तीसरा जत्था रवाना हुआ। 22 अप्रैल को हज यात्रियों की पहली फ्लाइट रवाना हुई थी । इस जत्थे को अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी और कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। जिसके बाद लगातार रवानगी का सिलसिला जारी है।

उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज यात्रियों की तीसरी फ्लाइट रवाना हुई। जिसमें 428 हज यात्री थे। उनमें 223 पुरुष और 205 महिलाएं शामिल थीं। अब तक हज पर जाने वाले लखनऊ, कानपुर, बहराइच, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हापुड़ और सीतापुर समेत विभिन्न जनपदों के हज यात्री शामिल हैं।

हज यात्रियों के रुकने की व्यवस्था सरोजनी नगर स्थित हज हाउस में की गई है। एसपी तिवारी ने कहा कि हज हाउस में यात्रियों को पूरी सुविधा प्रदान की जा रही है।

लखनऊ से जाने वाली फ्लाइट्स में हाजियों की सुविधा के लिए हज इंस्पेक्टर भेजे जा रहे हैं। हज कमेटी में हाजियों के रुकने की भोजन की तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए पीने के लिए ठंडा पानी और कमरों में एसी की सुविधा उपलब्ध है।

हज हाउस के अंदर कैंटीन की सुविधा है जहां पर रियायती दाम पर भोजन उपलब्ध है। हज हाउस के बाहर मोबाइल टॉयलेट और ट्रैफिक व्यवस्था समेत तमाम चीजों का संपूर्ण रूप से बंदोबस्त किया गया है। यूपी के विभिन्न जनपदों से हज यात्रियों को लेकर आने वाले उनके परिजनों की सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। हज हाउस के अंदर भीड़ को नियंत्रण करने के लिए बाहर भी व्यवस्था की गई है।

### सामूहिक विवाह समारोह आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मानव एकता एसोसिएशन के तत्वावधान में कल 26 अप्रैल को श्रीराम लीला एवं दशहरा पार्क, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड में सामूहिक विवाह समारोह को आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल.पी. सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी हो रहे सामूहिक विवाह समारोह में 101 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगें। एसोसिएशन के संरक्षक गौरव वर्मा सहित कई प्रमुख लोगों के सानिध्य में हो रहे इस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है, और मांगलिक कार्यक्रम सनातन विधि-विधान के साथ प्रातः से ही प्रारम्भ हो जायेगें और देर शाम तक विदायी तक चलेगा।

# 22 मिनट में 30 लाख की हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

▸ डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी, चोरी का लगभग शत प्रतिशत माल-नगदी समेत अवैध पिस्टल बरामद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



गुडम्बा इलाके की गढ़ी चौकी अंतर्गत आधारखेड़ा डी एच 2 में सरफराज हुसैन के घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़ लगभग 30 लाख के जेवर और नगदी चोरी करने वाले बाइक सवार दो बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया साथ ही आरोपित सुनार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान अदीबुर्रहमान उर्फ़ अदीब 24 वर्ष ज़ीशान गाज़ी उर्फ़ छोटू 24 वर्ष राम जी राजा राम सोनी 56 वर्ष के रूप में हुई। 15 अप्रैल को वादी सरफराज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लगातार पुलिस टीमें उक्त खुलासे के लिए आरोपियों की तलाश में जुटी थीं। क्राइम ब्रांच लखनऊ, डीसीपी पूर्वी की क्राइम टीम और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को स्कॉर्पियो क्लब जंगल से गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से अवैध पिस्टल एक लाख 10 हज़ार के करीब नगदी और चोरी हुए लगभग सारे आभूषण व 4 मोबाइल बरामद हुए। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा ने बताया कि गिरफ़्तार किए गए दोनों चोर शातिर क़िस्म के अपराधी हैं जिनके विरुद्ध राजधानी लखनऊ और बाराबंकी जिले में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं पूर्व में भी इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं आरोपित सुनार पर भी तीन मुकदमे दर्ज हैं। डीसीपी दीक्षा शर्मा ने यह भी कहा जल्द ही इनके विरुद्ध और भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गिरफ़्तार करने वाली टीम में अपराध शाखा टीम प्रभारी शिवानन्द मिश्रा, उपनिरीक्षक आशुतोष पाण्डेय, राहुल त्रिपाठी, प्रकाश सिंह, प्रशान्त कुमार, असलम खान, हेड कांस्टेबल हबीब खान, अरुण कुमार, अमित कुशवाहा, अतुल पाण्डेय, जीत सिंह, मनोज शुक्ला, दिलीप, धीरज, पवन, कांस्टेबल नाहर, देशराज मुखिया, मुकेश, थाना गुडम्बा प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा, पूर्वी ज़ोन क्राइम टीम प्रभारी अमरनाथ चौरसिया, गढ़ी चौकी प्रभारी संदीप सिंह गौर, उपनिरीक्षक अतीश सिंह, दिग्विजय यादव, हेड कांस्टेबल राजन त्रिपाठी, कांस्टेबल रवि राणा, दीपक यादव, विवेक सिंह, श्रीकृष्णा चौधरी, विकल्प अहलावत, व सूर्य प्रकाश रहे।

**निर्णय** — झुग्गी-झोपड़ियों से ईंट-भट्ठों तक बच्चों को स्कूल से जोड़ने का 1 मई से चलेगा अभियान

# प्रदेश में 'स्कूल चलो अभियान' को मिशन मोड में लागू

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

योगी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए 'स्कूल चलो अभियान' को मिशन मोड में लागू कर दिया है। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि 6 से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, उसका स्कूल में नामांकन हो और स्कूल में रहकर शिक्षा प्राप्त करे।

इसी क्रम में 1 मई 2026 से प्रदेशभर में एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत श्रमिक बस्तियों, ईंट-भट्ठों और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर विद्यालयों में नामांकित किया जाएगा। यह अभियान खास तौर पर आउट-ऑफ-स्कूल और ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने पर केंद्रित होगा। दिव्यांग बच्चों को स्पेशल एजूकेटर के सहयोग से चिन्हित कर उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा, वहीं ड्रॉपआउट बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिलाया जाएगा।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने इस अभियान को लेकर कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य केवल नामांकन ही नहीं, बल्कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है। 'स्कूल चलो अभियान' को जन आंदोलन बनाकर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। ड्रॉपआउट बच्चों की वापसी, बालिकाओं की शिक्षा और ट्रांजिशन दर बढ़ाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह समावेशी बने, जहां समाज के हर वर्ग के बच्चों को समान अवसर मिले। इसी उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रशासन, शिक्षक, अभिभावक और समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि प्रत्येक बच्चे का नामांकन सुनिश्चित कराया जाए। 'स्कूल चलो अभियान' के प्रथम चरण (1 से 15 अप्रैल) में 3 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों का आंगनवाड़ीध्बाल वाटिका में नामांकन, 6 वर्ष के बच्चों का कक्षा-1 में प्रवेश और 7 से 14 वर्ष के ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

अब दूसरे चरण में इसे और तेज करते हुए छूटे हुए बच्चों तक सीधी पहुंच बनाई जाएगी। साथ ही कक्षा 5 से 6, 8 से 9 और 10 से 11 तक 100 प्रतिशत ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पढ़ाई बीच में न छूटे। आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालयों में लॉटरी के माध्यम से चयनित बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने पर भी विशेष जोर दिया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी पात्र बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे। वहीं, विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए 'ऑपरेशन कायाकल्प' और 'प्रोजेक्ट अलंकार' के तहत व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। पिछले वर्षों में 19 मानकों के आधार पर विद्यालयों का संतृप्तीकरण किया गया है। अब पुनः विशेष अभियान चलाकर शेष अवस्थापना संबंधी कमियों की पहचान कर उन्हें सीएसआर और अन्य संसाधनों के माध्यम से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही 'विद्यांजलि पोर्टल' पर सभी विद्यालयों को ऑनबोर्ड कर गैप एनालिसिस दर्ज कराने और स्वयंसेवी संस्थाओं/वालंटियर्स के सहयोग से सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक धरने पर बैठे मल्हिया पासी द्वार दोबारा लगाने की मांग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मलिहाबाद में उखाड़े गए महाराजा मल्हिया पासी स्वागत द्वार को दोबारा लगवाने के लिए पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर और उनकी पत्नी विधायक जयदेवी कौशल धरने पर बैठ गए हैं। कौशल किशोर ने जिलाधिकारी को एक लेटर लिखकर द्वार वाली जगह पर सड़क किनारे समर्थकों के साथ बैठ गए। उनकी मांग है कि द्वार दोबारा लगवाया जाए। जिलाधिकारी को लिखे लेटर में उन्होंने कहा है कि जब तक द्वार नहीं लग जाता तब तक इसी तरह धरने पर बैठे रहेंगे। इस दौरान वह ट्रैफिक को बाधित नहीं करेंगे।

इस लेटर की प्रति प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, तहसील के अधिकारियों को भी भेजी है। कहा है कि सूचना मिलने के बाद द्वार लगवा दिया जाए। तब तक हम लोग यहीं पर रहेंगे। मोहान रोड पर श्महाराजा मल्हिया पासी स्वागत द्वार गिराए जाने के मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और वीडियो मिले हैं। इसमें कुछ लोग क्रेन और हाइड्रा मशीन से द्वार को गिराते दिख रहे हैं। इसके बाद उसे काट-काटकर डीसीएम से लादकर ढो ले गए। पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। महिलाबाद थाने से जारी एक प्रेसनोट में बताया गया है- यह घटना 22 अप्रैल 2026 की रात करीब 3.14 बजे हुई। कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने क्रेन या हाइड्रा मशीन का उपयोग करके स्वागत द्वार को गिरा दिया। इसके बाद वो एक डीसीएम वाहन से द्वार के वहां से ढो ले गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिससे इसकी पुष्टि हुई है। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। थाना मलिहाबाद में इस मामले को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही उनको गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री 3 दिन पहले भी पासी समाज के प्रदर्शन में शामिल हुए थे। उस दौरान उन्होंने बताया था कि इस द्वार को जिस कंपनी ने लगाया था, उसी ने उखाड़ा है। कुछ टेक्निकल इश्यू के चलते ऐसा हुआ है। अधिकारियों से बात हुई है कि बोर्ड लगाया जाएगा। परमिशन के साथ अब बोर्ड को फिर से लगाया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

#### घर में फांसी पर लटका मिला शव



**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गैस सिलेंडर खत्म होने के बाद चूल्हे पर खाना बनाने को लेकर पति से फोन पर हुए विवाद के बाद आत्मघाती कदम उठाये जाने की चर्चा है। फिलहर पुलिस ने शव उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। नगर के मोहल्ला दोदराजपुर में आरती देवी पत्नी पंचम 30 का शव शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे उसके घर के अंदर फांसी पर लटके होने की सूचना पर सीओ ज्योति यादव कोतवाल जुगुल किशोर पाल। पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। रात में ही फोरेंसिक यूनिट की पड़ताल के बाद शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया। मृतक आरती बिहार की रहने वाली है। करीब सात साल पूर्व उसकी शादी दोदराजपुर निवासी रमेश के साथ हुई थी। रमेश से उसे दो बच्चे हैं। रमेश की मौत के बाद आरती ने अपने देवर पंचम के साथ शादी कर ली । और अब पंचम से उसे 11 महीने का बच्चा है । पंचम ने बताया कि वह ट्रक चालक है । और घटना के दिन वह दिल्ली में था। पंचम ने बताया कि तीन दिन पहले आरती ने उसे गैस सिलेंडर खत्म होने की जानकारी दी थी। आरती लगातार गैस सिलेंडर लेने की कोशिश कर रही थी लेकिन उसे सिलेंडर नहीं मिल पा रहा था। पंचम ने बताया कि आरती ने सिलेंडर देने वाले से उसकी बात भी कराई लेकिन इसके बाद भी गैस सिलेंडर वितरण करने वाले व्यक्ति ने आरती को गैस सिलेंडर नहीं दिया। पंचम ने बताया कि उसने सिलेंडर नहीं मिलने तक चूल्हे पर खाना बना लेने की बात आरती से कही थी। इसी बात को लेकर आरती और उसके बीच में मामूली विवाद हो गया था। पंचम ने बताया कि शुक्रवार की रात उसे सूचना मिली कि आरती ने आत्महत्या कर ली है। तब वह वापस अपने घर आया। आरती की मौत के बाद उसके तीन बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि बिहार से मायके वाले लोगों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरती के शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

### पाइप गैस कनेक्शन कराने वालों के लिए अच्छी खबर

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** आगामी 5-6 दिनों तक पाइन गैस कनेक्शन के लिए हिन्दुस्तान पेट्रोलियम की टीम मोहल्ला रेती, नई बस्ती, तारीन गाड़ीपुरा, लोक बिहार कालोनी व बसंत बिहार कालोनी में पीएनजी गैस कनेक्शन के लिए मौजूद रहेगी। जिनके दूरभाष नम्बर 9068114691, 8423516718, 7678320964 है। जिन पर मोहल्ला के निवासी कम्पनी के नम्बर पर सम्पर्क कर अपने घर में नियमानुसार पाइप गैस कनेक्शन करा सकते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया कि उक्त के अतिरिक्त जनपद में पीएनजी सप्लाई हेतु मुख्य एरिया जहां पाइप लाइन उपलब्ध है। इनमें कांट नगर, ग्राम पिपरौला, ग्राम जमौर, टीचर्स कालोनी, गीता पुरम कालोनी, गार्डेन स्टेट निकट पॉलीटेक्निक, साउथसिटी, आवास विकास निकट बरेली मोड़, काशीराम कालोनी, वृन्दावन गार्डेन, अजीजगंज, नवादा, बालाजी नगर निकट बरेली मोड़, सिटी पार्क, लोधीपुर, रेती, नई बस्ती, बसंत बिहार कालोनी, रौजा पॉवर टॉउनशिप, कृभको नगर टॉउनशिप, कटरा हैं। उपरोक्त स्थानों पर पाइप के माध्यम से गैस उपलब्ध है। उपरोक्त स्थानों पर जिन व्यक्तियों के घर गैस पाइप लाइन के निकट है, उनके अनुरोध पर सम्बन्धित को तत्काल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा सकता है। नए कनेक्शन के लिए हेल्पलाइन नम्बर 8765177544, 18002706720 पर सम्पर्क कर सकते हैं। गैस पाइप लाइन पर उपलब्ध घरों के ग्राहकों के अनुरोध करने के 1 से 3 दिन के भीतर उनका कनेक्शन चालू कर दिया जाता है।

### गंगा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार का कहर बैरियर तोड़ होमगार्ड को किया घायल

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद क्षेत्र के अंतर्गत कलेक्टरगंज के पास शुक्रवार की रात एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने पुलिस बैरियर को तोड़ते हुए ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बैरियर की चपेट में आने से होमगार्ड की एक आंख गंभीर रूप से चोटिल हो गई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर गाड़ी को कब्जे में ले लिया है।घ् ध्जानकारी के अनुसार, निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर वाहनों के अवैध संचालन को रोकने के लिए प्रशासन ने टोल प्लाजा के पास मजबूत लोहे का बैरियर लगा रखा है। शुक्रवार रात यहाँ होमगार्ड का जवान मदनपाल ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन एक्सप्रेसवे की ओर आता दिखाई दिया। मदनपाल ने टॉर्च की रोशनी से गाड़ी को रुकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने रफ्तार कम करने के बजाय लापरवाही से गाड़ी बैरियर की तरफ दौड़ा दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोहे का भारी बैरियर उखड़ गया और सीधे मदनपाल के चेहरे पर जा लगा।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का शाहजहांपुर में हुआ जोरदार स्वागत

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** लखनऊ से चलकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जनपद अमरोहा कार्यक्रम के लिए निकले। जहां रास्ते में जनपद शाहजहांपुर बरेली रोड स्वागत ढाबे पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं, पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर व बुके देकर जोरदार स्वागत किया।ततपश्चात नगर पंचायत कटरा में पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व एमएलसी अमित यादव,पूर्व चेयरमैन सुकेश गुप्ता व सपा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डा.भरत पटेल ने स्वागत किया। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डा.भरत पटेल के चुनाव कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने पत्रकारों से वार्ता की और समाजवादी पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं से सपा प्रत्याशी को जीताने के लिए अपील की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि जनपद शाहजहांपुर की नगर पंचायत कटरा में अध्यक्ष पद के लिए 5 मई को उपचुनाव होना है। जिसमें सर्व सहमति से पार्टी की ओर से डा. भरत पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। उन्होंने कहा सपा की ओर से अच्छे छवि वाले प्रत्याशी का चयन किया गया है,उन्होंने पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है, कि 5 मई को नगर पंचायत कटरा में अध्यक्ष पद के लिए भारत के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए साइकिल वाले खाने में मोहर लगाकर डा. भरत पटेल को विजय बनाएं। उसके बाद जनपद बरेली के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, बरेली के सपा जिला अध्यक्ष शुबलेश यादव,सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोज़वाल,सपा नेता लखन प्रताप सिंह,सपा नेता अरविंद पाल सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी और पिंटू, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया,सपा अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष मुकेश यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारूकी सपा नेता राधेश्याम यादव, मोहसिन खान, संतोष कुमार पाल, अमन खान,उजैर खान, आरिफ खान,रानू खान, धर्मेंद्र कुमार यादव, दिनेश यादव, आरविंद कश्यप आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम में लू से बचाव के लिए बैठक संपन्न

समृद्धि न्यूज




**शाहजहांपुर।** नगर निगम सभागार में नगर निगम कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हीटवेव व लू से बचाव के लिए प्रभावी उपायों पर विस्तृत चर्चा करते हुए महापौर अर्चना वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए, ताकि महानगरवासियों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके। साथ ही नगर निगम क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा कर उनकी गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए आवश्यक नए विकास कार्यों के प्रस्तावों पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने कहा कि भीषण गर्मी से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा वार्डो में पेयजल आपूर्ति, बिजली सप्लाई, साफ सफाई व्यवस्था व पशुओं के पीने के पानी की व्यवस्था कराई जा रही है। जो भी गोशालाएं संचालित हो रखी है, उनमें संरक्षित पशुओं के लिए विशेष देखरेख को केयर टेकरों को कहा गया है। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति एवं उनके महत्वपूर्ण सुझावों ने चर्चा को और अधिक सार्थक बनाया।

## सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर विवाद



समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कुन्दौली में सार्वजनिक रास्ते पर अवैध अतिक्रमण और आवागमन में बाधा डालने को लेकर दो पक्षों के बीच उपजा विवाद शनिवार को पुलिस और राजस्व विभाग के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ। थाना अल्हागंज पुलिस ने दबंगई करने वालों को भविष्य में कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। घ्मामला ग्राम कुन्दौली का है, जहाँ के निवासी अरविन्द कुमार ने उपजिलाधिकारी (कैड) और थाना दिवस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। अरविंद का आरोप था कि गांव के ही मुन्ना लाला, नन्हे, हरिराम और लालाराम जैसे कुछ रसूखदार लोग गांव के मुख्य सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं। शिकायत के अनुसार, ये लोग रास्ते के बीचों-बीच चारपाइयां डालकर बैठते हैं और अपने पालतू पशुओं को वहीं बांध देते हैं, जिससे ग्रामीणों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है। जब

## लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े : डीएम

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आगामी 29 अप्रैल को जनपद हरदोई के मल्लावां में प्रस्तावित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कैंप कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। डीएम ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर कार्यक्रम में शामिल होने वाले लाभार्थियों की संख्या और व्यवस्थाओं संबंध में समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं, ताकि कार्यक्रम में जाने वाले लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम ने आने जाने के लिए परिवहन व्यवस्था की सुविधा सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि सभी बसें 29 अप्रैल को सुबह 5:30 बजे निर्धारित समय पर रवाना की जाएं। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, परियोजना निदेशक अवधेशराम तथा डीडीओ ऋषि पाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुस एकेडमी विजेता, दून इंटरनेशनल स्कूल उपविजेता बनी

समृद्धि न्यूज




**शाहजहांपुर।** खेलकूद के क्षेत्र में बालिका खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, मंच व खेल के अवसर प्रदान करने को युवा ओर खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में जिला ओलंपिक संघ द्वारा दो दिवसीय वूमैन बॉलीबॉल एवं हैंडबाल लीग का आयोजन दून इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अवर अभियंता अनिता, स्कूल प्रबन्धक डा. जसमीत साहनी, जिला कीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 12 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें पीएमश्री बल्लिया, पीएमश्री सेहरामऊ, नवोदयविधालय, केन्द्रीय विद्यालय, दूंन इंटरनेशनल, आयुस एकेडमी, हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल, कम्पोजिटरुकनपुर, स्टेडियम, कम्पोजिट हतौडा, शांति देवी हतोड़ा लीड कोंवेंट आदि टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में आयुस एकेडमी विजेता, दून इंटरनेशनल स्कूल उपविजेता एवं नवोदय विद्यालय तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता व उप विजेता टीमों को मुख्यअथिति जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने शील्ड मैडल सर्टिफिकेट एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि ममता यादव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा बालिकाओं के उत्थान के लिये अस्मिता खेलो इंडिया जैसी प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण है। अवर अभियंता अनिता ने कहा कि आज बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। खेलो के क्षेत्र में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। डा. जसमीत साहनी ने कहा कि दून स्कूल में यह प्रतियोगिता ही रही है, दून स्कूल का शिक्षा ओर खेल क्षेत्र में हमेशा योगदान रहेगा। शमा जैदी ने कहा कि बालिकाओ के उत्थान को खेलो के महत्व को अति आवश्यक समझा जाना चाहिए। जिला कीड़ा अधिकारी एसपी वमनिया ने अस्मिता खेलो इंडिया को एक प्लेटफॉर्म बताते हुए जिला ओलम्पिक संघ द्वारा खिलाड़ियों के लिए किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। जिला ओलंपिक संघ के सचिव नरेंद्र कुमार त्यागी ने बालिका बॉलीबॉल एवं हैंडबाल की जिम्मेदारी देने के लिये उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय का आभार प्रकट किया। अध्यक्ष विनय गुप्ता ने खिलाड़ियों एवं कोचों का आभार प्रकट किया।

## पूर्व चेयरमैन ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी के चलते विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायत पूर्व चेयरमैन रईस मियां ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि रात को शराब पीकर सो जाने का आरोप लगाकर कहा कि कांट फीडर पर रात में ऐसे लोगों की ड्यूटी लगाई जाती है जो शराब पीकर सो जाते हैं रहमतपुर रोड पर तार टूटा पड़ा था हमें सूचना मिली हमने तुरंत लड़कों को वहां भेजा कि कोई घटना ना हो जाए और लड़के लाइन कटवाने के लिए फोन करते रहे लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया वह शाहजहांपुर में थे लगभग रात का 1:30 बजे फीडर पर जाकर देखा तो सब सो रहे थे एक कर्मचारी के तो कान में चिल्लाते रहे वह नहीं उठा ज्यादा शराब पिए हुए था हमारी बिजली विभाग के अधिकारियों से गुजारिश है शराब पीने वालों की ड्यूटी रात में ना लगायी जाये उन्होंने आगे बताया कि नगर की जो केविल बदलना थी लगभग 20 प्रतिशत ही बदल पाई बाकी खुली लाइन और जर्जर केविल पर ही लो वोल्टेज की समस्या हमारे नगर वासी झेल रहे हैं कोई भी कर्मचारी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है सरकार की योजनाओं की अधिकारी खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं हमारे नगर पंचायत कांट में अगर देखा जाए तो ऐसा लगता है कि यह शहरी क्षेत्र की लाइन न होकर किसी पिछड़े हुए गांव की लाइन से भी बुरा हाल है फीडर ओवरलोड चल रहा है 2 साल से यह चल रहा है कि 5 एम बी ए का ट्रांसफार्मर एक और बढ़ गया है।

# भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराने पर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज



**तिलहर - शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराने पर अधिवक्ताओं ने शनिवार को तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया । इस दौरान तहसीलदार अजहर अंसारी ने नगर पालिका से पानी का टैंकर मंगवाया। जिसके बाद आंदोलित अधिवक्ता गण बमुश्किल शांत हुए। उन्होंने चेतावनी दी कि पेयजल की व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त न हुई तो वह धरना प्रदर्शन करेंगे। भीषण गर्मी में तहसील परिसर में लगे आरओ न चलने तथा हैंडपंप खराब पड़े होने से पेयजल का संकट गहरा गया। जिससे तहसील में आने वाले फरियादियों को भी पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। शनिवार को पूर्व बार अध्यक्ष शिवपाल सिंह ने पेयजल संकट को लेकर अधिवक्ताओं के साथ अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि भीषण गर्मी में स्वच्छ पेयजल की सुविधा नहीं है। केवल एक आरओ पूरी तहसील में चल रहा है। जो पर्याप्त नहीं है। और हैंडपंप तथा आरओ खराब पड़े हैं। ऐसे में फरियादी और वकीलों को गर्मी में पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। वकीलों के प्रदर्शन के बाद तहसीलदार अजहर अंसारी ने हैंडपंप तथा आरओ का निरीक्षण किया।

उन्होंने नगर पालिका से पानी की आपूर्ति कराई। इस मौके पर महेंद्र कनौजिया, देवेंद्र सिंह चौहान, नीलेश पाल, आदित्य गौतम, सूर्यकुमार गंगवार, राजपाल आदि शामिल रहे।

## विश्व मलेरिया दिवस पर रेडक्रॉस की जागरूकता गोष्ठी



समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय प्रांगण में स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में विश्व मलेरिया दिवस पर मलेरिया मुक्त समाज के विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के पूर्व दिव्यांजनों को ओढ़ने की चादर, फुल आस्तीन की टी शर्ट तथा मच्छरदानी वितरित की गई।

इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने कहा कि मलेरिया दिवस पर रेड क्रॉस की सोच मानव जीवन की रक्षा, जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित होती है। रेड क्रॉस का मानना है कि मलेरिया जैसी रोकथाम योग्य बीमारी को सही जानकारी, समय पर उपचार और स्वच्छता के माध्यम से काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। रेडक्रॉस का कार्य लोगों को मलेरिया के का लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना, ताकि वे समय रहते सतर्क हो सकें। इसके लिए मच्छरदानी का उपयोग, साफ-सफाई, जल जमाव रोकना और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना तथा स्थानीय लोगों, युवाओं और स्वयंसेवकों को जोड़कर सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना और जरूरतमंदों तक दवाइयां, जांच और प्राथमिक उपचार सुविधाएं पहुंचाना।

रेडक्रॉस की सहयोगी भूमिका के द्वारा कमजोर और गरीब वर्गो को विशेष प्राथमिकता देकर उनकी सहायता करना है एवं रेडक्रॉस की सोच यह है कि जागरूक समाज ही मलेरिया मुक्त समाज बना सकता है। कार्यक्रम में डॉ विजय जौहरी, राखी बनकुटी, बालकृष्ण पाण्डेय, ब्रजेश गुप्ता, रवि कुमार, अवनीश सक्सेना, प्रगति, रामकुमार सक्सेना, नीलम, गंगा देवी, नसीम बानो, प्रतिपाल, अनुज सहित जनपद के विभिन्न विकासखंडों के लोग उपस्थित रहे।

# चोरों ने एक ही गांव के चार घरों को बनाया निशाना, लाखों की नकदी, जेवर लेकर हुए फरार

- पुलिस फॉरेंसिक व एसओजी टीम मौके पर पहुंची
- चोरों की तलाश में टीमों को लगाया गया, जल्द होगा खुलासा : प्रभारी

समृद्धि न्यूज



**रोजा, शाहजहांपुर।** शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने रोजा के सल्लिया गांव में धावा बोलकर चार घरों में अलमारी और बक्सों का ताला तोड़कर हजारों रूपए की नकदी और लाखों रूपए के जेवरात चुराकर फरार हो गए। एक साथ चार घरों में चोरी से पूरे गांव में दहशत हो गई, वही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। चोरी की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फॉरेंसिक व एसओजी टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस और एसओजी टीम चोरों की तलाश में जुट गई हैं।

थाना क्षेत्र के गांव सल्लिया में चोरों ने एक-एक कर के चार घरों में जमकर लूटपाट की और आराम से रफूचक्कर हो गए। चोरों ने एक घर में बुजुर्ग दंपति उसके बेटे को अलग-अलग कमरों में बाहर से बंद कर दिया, जबकि सरकारी चिकित्सक के बंद मकान से बीस हजार रुपए की नकदी व करीब एक करोड़ रूपए के जेवरात चुराकर फरार हो गए। चोरों ने गांव के महेश शुक्ला के मकान में दीवार के सहारे घर घुसकर बैठक में सो रहे महेश व उनकी पत्नी को तथा अलग कमरे में सो रहे बेटे को बाहर से बंद कर दिया और पास के कमरे का ताला तोड़कर अलमारी और बक्से में रखे करीब 70 हजार की नकदी और लाखों रूपए के जेवरात चुराकर फरार हो गए। इसके बाद चोरों ने पड़ोस में रह रहे प्रदीप कुमार त्रिपाठी अपने परिवार के साथ घर के बरामदें में सो रहे थे,तभी चोर मकान में पिछ्ली दीवार फांद कर घर में घुस आये और कमरें के बाहर लगा कूलर हटाकर हाथ डालकर दरवाजे की कुंडी खोल ली। चोरों ने कमरे के अंदर घुसकर करीब बीस हजार रुपए की नकदी और लाखों के जेवर चुराकर फरार हो गए। इसके बाद चोरों ने इन घरों से कुछ दूरी पर राजकीय मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक महेंद्र के मकान को निशाना बनाया। डा. महेंद्र अपने परिवार के साथ शहर की सिटी पार्क में रहते हैं, जबकि उनकी मां घर में अकेले रहती हैं। शुक्रवार को उनकी मां घर में ताला डाल कर अपनी बेटी से मिलने चिनौर चली गई थी। चोर छतों छतों उनके घर की छत पर आ गये और आंगन का जाल खोलकर साड़ी से नीचे उतरने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे तो उन्होंने जीने पर लगा जालदार दरवाजे की जाली काटकर ताला तोड़कर नीचे आ गये और आराम से बक्से अलमारी का लॉकर तोड़कर करीब बीस हजार रूपए की नकदी और छोटे भाई की ससुराल से मिले जेवरात व अपने जेवरात चुराकर फरार हो गये। बताया जाता हैं जेवरातों की कीमत करीब एक करोड़ हैं। इसके चोरों ने कुछ दूरी पर रह रहे अश्वनी तिवारी के घर को निशाना बनाया। अश्वनी अपने परिवार के साथ कमरे में सो रहे थे। सामने के कमरें में चोर घुस गये और अलमारी में रखे पचास हजार रुपए की नकदी व लाखों रुपए के जेवर चुराकर फरार हो गए। एक ही गांव में चार घरों में चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में थाना प्रभारी राजीव कुमार, फॉरेंसिक व एसओजी टीम मौके पर पहुंच गई। वही थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए टीमों को लगाया गया हैं। जल्द खुलासा कर लिया जायेगा।

**रोजा में एक सप्ताह में चार चोरियां**

रोजा क्षेत्र में एक सप्ताह में चार चोरियों से पुलिस सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग गया हैं। विगत दिनों क्षेत्र की पाश कालोनी में एक बैंक मैनेजर के यहां अज्ञात चोर मेन गेट का ताला तोड़कर कर घर में घुस गए थे। चोरों का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था।

## हाइवे पर छोटा हाथी व डीसीएम की भीषण टक्कर में युवक की मौत, चालक समेत दो घायल

समृद्धि न्यूज



**तिलहर - शाहजहांपुर।** शादी के लिए फर्नीचर लेकर जा रहे छोटा हाथी की रॉन्ग साइड में आ रही डीसीएम से हुई भीषण टक्कर में छोटा हाथी पर परिचालक सीट पर बैठे युवक की दर्दनाक मौत हो गई । जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाकर मृतक के शव को पीएम के लिए भिजवाया। वहीं डीसीएम मौके पर छोड़कर उसका चालक फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक जनपद अंबेडकर नगर के महरुआ थाना के खजूरडीह गांव निवासी हरिकांत पुत्र शिव पूजन 25 अपने होने वाले साले अंबेडकर नगर के मीठेपुर खैरा निवासी आदित्य कुमार के साथ शुक्रवार को मुरादाबाद से शादी का सामान (फर्नीचर आदि) खरीद कर छोटा हाथी संख्या यूपी 21 ई टी 9407 से भरकर शुक्रवार देर रात आंबेडकर नगर के लिए रवाना हुआ था । शनिवार तड़के सुबह करीब चार बजे छोटा हाथी की नगरिया मोड़ क्षेत्र में जयपुरिया स्कूल के निकट साई फाइलिंग स्टेशन के सामने गलत दिशा से आ रही अथवा खड़ी डीसीएम संख्या एचआर 38 एबी 0126 से आमने सामने भीषण टक्कर हो गई।

## खबरें एक नजर में

### विवाहिता को जहर देकर मारने का आरोप

**पुवाया शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति और ससुराल वालों ने उसे जहर देकर मार डाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के किशनपुर, हरिपुर मजरा ताल कोठी की रहने वाली 24 वर्षीय नैना देवी की शादी चार वर्ष पूर्व थाना पुवायां के चौसेडा गांव निवासी मोहित कुमार से हुई थी। उनका एक दो साल का बेटा भी है। शुक्रवार शाम को नैना के साथ फिर मारपीट की गई थी। नैना ने फोन पर अपने चाचा को इस बारे में जानकारी दी और बताया कि पति व ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। शुक्रवार रात को मायके पक्ष को सूचना मिली कि नैना अब इस दुनिया में नहीं है। जब वे नैना की ससुराल पहुंचे, तो उसका शव पड़ा मिला। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वे लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे और मांग पूरी न होने पर नैना के साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करते थे। शुक्रवार की रात नैना को जहर देकर उसकी हत्या कर दी गई। मायके पक्ष ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### बहन व भांजे को जहरीला पदार्थ देने का आरोप

**पुवायां शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर जपती निवासी अमन मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी बहन अर्चना मिश्रा की शादी 2 वर्ष पूर्व थाना पुवाया के गांव मुकीमपुर निवासी विशाल अवस्थी पुत्र श्री चंद्र के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी में समर्थ अनुसार दान दहेज भी दिया था। शादी के बाद बहन ने एक पुत्र को जन्म दिया। जिसकी उम्र आठ माह थी। शादी के कुछ दिन बाद ही बहन का पति विशाल, सास वन देवी, मौसा देवेश, मौसी रोहिणी निवासी खुटार ने एक राय होकर बहन अर्चना तथा भांजे को जान से मारने की नीयत से जहरीला पदार्थ दे दिया। जिसकी सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को सीएचसी लेकर आए। जहां से डाक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में आठ माह के भांजे आयुष ने दम तोड़ दिया जबकि उसकी बहन का राम मूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली में इलाज चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

### मनरेगा में भ्रष्टाचारः रूरिया में पुलिया बना दी लेकिन नहीं बनाया रास्ता, लाखों रुपए हो गए खर्च

**पूरनपुर।** मनरेगा योजना में एक बार फिर बड़े स्तर का भ्रष्टाचार सामने आया है। पूरनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत रूरिया में मनरेगा के तहत पुलिया का निर्माण कराया गया, लेकिन सिर्फ कागजों पर। हकीकत यह है कि पुलिया बन तो गई, लेकिन पुलिया तक पहुंचने के लिए न आगे रास्ता है, न पीछे रास्ता और न ही पुलिया तक जाने वाला कोई रास्ता बनाया गया। इस प्रकार लाखों रुपये की राशि बर्बाद कर दी गई और ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं पहुंच पा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत प्रधान और सचिव ने मिलकर इस पुलिया निर्माण के नाम पर लाखों रुपये इधर-उधर कर दिए (बंदरबाट कर लिया)। पुलिया का निर्माण मात्र दिखावा भर है, जिसका जमीनी स्तर पर कोई उपयोग नहीं है। लोग अब पूछ रहे हैं कि बिना रास्ते की पुलिया किस काम की?

# पहले दिन होमगार्ड परीक्षा में 2204 ने छोड़ा इग्जाम, 8486 ने दी परीक्षा

- डीएम ने जीएफ व जीआईसी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं नकल-विहीन संपन्न कराने के लिए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी सौरभ दीक्षित ने जीएफ कॉलेज एवं जीआईसी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम और परीक्षा कक्षों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा, निगरानी और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो और परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हो सके। बता दें कि जनपद में 13 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम दिवस होमगार्ड परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। 26 एवं 27 अप्रैल को भी परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी, प्रथम पाली 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली 3 बजे से 5 बजे तक संपन्न होगी। शनिवार को आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में पंजीकृत परीक्षार्थी 5345 के सापेक्ष 4148 उपस्थित एवं 1197 अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में परीक्षार्थी 5345 के सापेक्ष 4338 उपस्थित एवं 1007 अनुपस्थित रहे।

**ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ाई :** परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा छूटने के बाद सड़कों, चौराहों पर जाम जैसी स्थिति बन गई। राजकीय इंटर कॉलेज गेट पर पहली पाली 12 बजे होने के बाद बायोमेट्रिक सिस्टम में दिक्कत आने से परीक्षार्थियों को मुख्य गेट पर आधा घंटा रुकना पड़ा। जिस कारण गेट के बाहर द्वितीय पाली की परीक्षा देने आए, परीक्षार्थियों की भीड़ हो गई। इस वजह से वहां पर जाम लगा। हालांकि तैनात होमगार्डों ने ट्रैफिक सुचारू करवाया। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के बाहर सड़क पर परीक्षा छूटने के बाद जाम जैसी स्थिति देखी गई।

''जनपद में 13 केंद्रों पर होमगार्ड परीक्षा का आयोजन कराया जा रहा है। पहले दिन दोनों पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करा ली गई है। कही से भी कोई शिकायत बगैरह नहीं प्राप्त हुई। परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों को ढ़ेरों शुभकामनाएं।'' एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा।

# नवागत सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने विधिवत ग्रहण किया चार्ज

- बेसिक और स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों पर जवाबदेही होगी तय



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** नवागत सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने शनिवार को विकास भवन पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान अधीनस्थों ने उनका बुकें देकर स्वागत किया। इसके बाद श्री द्विवेदी ने विभागवार अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया, उसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। बता दें नवागत सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी 2022 बैच के आईएएस अधिकारी है, उनका गृह जनपद अयोध्या है। वह जनपद सोनभद्र में संयुक्त मजिस्ट्रेट पद पर अभी तक सेवाएं दे रहे थे। शानिवार को शाहजहांपुर विकास भवन पहुंचकर उन्होंने विधिवत सीडीओ का चार्ज संभाल लिया है। श्री द्विवेदी ने कहा शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाएगा। जनता दरबार में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। गोवंश पशुओं की समस्याओं पर उनका अधिक फोकस रहेगा। सीएम डैशबोर्ड के जो भी पैरामीटरर्स हैं उन पर अच्छा से कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। बेसिक और स्वास्थ्य विभाग की चल रहीं खबरों के सवाल पर उन्होंने जबाव देते हुए कहा जो भी शिकायत या गतिविधियां मिलेंगी उनकी गहन जांच होगी और जो भी संबंधित होंगे उनकी जबावदेही तय की जाएगी। इससे यह सिद्ध होता है कि सीडीओ की कार्यप्रणाली कुशलता व दूरदर्शी सोच जनपद के विकास कार्य में गति प्रदान करेगा और साथ ही स्थिलिता बरतने वाले संबंधित विभागों में सुधार आएगा।

# स्वच्छ भारत मिशन के लिए सम्मानित किए गए राजीव शर्मा



**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा ने पालिका के ब्रांड एंबेसडर राजीव शर्मा को उनके स्वच्छ भारत मिशन में किये गए कार्यों के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बता दें कि राजीव शर्मा दी जेंटलमैन साइकिल क्लब के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत मिशन का संदेश देते रहते है। उनके सम्मान मिलने पर सुबोध कुमार, संजय मिश्रा, डॉ. रविन्द्र बाजपेई, डॉ प्रदीप वैरागी, राजेश नीलम गुप्ता, प्रमोद चन्द्र गुप्ता, डॉ. मेधा शर्मा, मधु सिंह, रामसेवक राठौर, राजेंद्र सिंह, कृष्ण शंकर रस्तोगी, डॉ प्रदीप कटियार, डॉ वीके गुप्ता आदि ने उनके सम्मान पर बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# बरेली में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जैतीपुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के गौहावर गांव निवासी 25 वर्षीय सुमित की बरेली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चौकीदार चाचा सत्यपाल ने बताया कि सुमित बरेली में रहकर ऑटो चलाता था। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे फोन पर सूचना



मिली कि सुमित बेहोश है। परिजन बरेली पहुंचे तो वह अपने कमरे पर बेहोशी की हालत में मिला। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुमित बरेली में अपनी पत्नी काजल और डेढ़ वर्षीय पुत्री के साथ रहता था। उसकी पत्नी गर्भवती है और अगले महीने उसकी डिलीवरी होनी है। सुमित अपने माता-पिता, रक्षपाल और कृष्णा, की मृत्यु के बाद तीन बहनों का इकलौता भाई था। सुमित के ममेरे भाई अरुन ने उसकी हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा और स्थिति स्पष्ट होगी। शनिवार शाम 4 बजे सुमित का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# अवैध अतिक्रमण किये जाने पर नगर निगम सख्त

- प्रवर्तन दल टीम द्वारा अभियान चलाकर लगाया गया जुर्माना

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** महानगर क्षेत्र के यातायात को सुगम बनाने व आम जनमानस के आवागमन में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो, इसके दृष्टिगत् नगर आयुक्त सौम्या गुरूरानी के निर्देश पर नगर निगम की प्रर्वतन दल टीम द्वारा महानगर क्षेत्र में लोगों द्वारा कर रखे अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाती है। इसी क्रम में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के निर्देश पर प्रवर्तन दल टीम द्वारा नगर क्षेत्र के केरुगंज, घण्टाघर व बहादुरगंज क्षेत्र में भ्रमण कर




अभियान चलाया गया। जिसमें दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान के बाहर सड़क मार्ग पर कर रखे अवैध अतिक्रमण व अस्थाई रूप से सड़क मार्ग पर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले ठेले वालों के विरुद्ध कार्यवाही कर जुर्माना लगाया गया। मौके पर ही प्रर्वतन दल टीम द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि यातायात व आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में कार्य करते हुये सड़क मार्ग पर अथवा अपनी सीमा के बाहर अवैध रुप से अतिक्रमण न करें. अन्यथा की स्थिति में ऐसे लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुये जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जायेगी। प्रर्वतन दल टीम द्वारा बताया गया कि अभियान के समय अवैध अतिक्रमणकारियों से जुर्माना के रुप में 3500 सौ की धनराशि वसूल की गई। इसके अतिरिक्त नगर निगम क्षेत्र के दुकानदारों व अन्य लोगों से अपील की गई कि वे अवैध रुप से कर रखे अतिक्रमण को स्वंय ही हटा लें. अन्यथा की स्थिति में नगर निगम टीम द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी, जिसके वो स्वंय जिम्मेदार होगें।

# शारदा नहर में नहाते समय एक युवक डूबा, तीन दोस्त सुरक्षित

- एनडीआरएफ टीम तलाश में जुटी, नहर का पानी रोका जा रहा, मचा कोहराम

समृद्धि न्यूज



**पुवायां, शाहजहांपुर।** शारदा नहर में नहाने गए चार दोस्तों में से एक युवक डूब गया। यह घटना पुवायां क्षेत्र में हुई है। डूबने वाले युवक की पहचान निगोही निवासी 18 वर्षीय राशिद के रूप में हुई है। उसके तीन दोस्त सुरक्षित बाहर निकल आए। एनडीआरएफ की टीम युवक की तलाश में लगी है। खबर लिखे जाने तक युवक का सुराग नही लग सका था। नहर के पानी रोका जा रहा है।

थाना निगोही क्षेत्र के अब्दुल कलाम नगर गांव के रहने वाले राशिद, रामजीत, अतुल और तसलीम शनिवार दोपहर पुवायां क्षेत्र में शारदा नहर में नहाने गए थे। नहाते समय चारों दोस्त गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। तीन दोस्त किसी तरह पानी से बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन राशिद गहरे पानी में समा गया। उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद दोस्तों ने राशिद के डूबने की सूचना स्थानीय लोगों और उसके परिवार को दी। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। गोताखोरों की मदद से डूबे हुए युवक की तलाश शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। नहर का पानी रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की जा रही है। अन्य गोताखोर भी युवक की तलाश में जुटे हैं।

परिजनों के मुताबिक, राशिद कोटेदार की दुकान से गल्ले की रसीद कटवाकर घर आया था। उसके बाद दोस्तों के साथ निकला था और जल्द लौटने की बात कही थी। पुलिस परिवार से अन्य जानकारी जुटा रही है।

# रामगंगा में 11 वर्षीय किशोर के डूबने की आशंका पीएसी और दमकल यूनिट तलाश में जुटी

- किशोर के लापता होने के 28 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** कलान तहसील के परौर थाना क्षेत्र के ग्राम हैदलपुर निवासी भोगपाल कश्यप के 11 वर्षीय पुत्र अरुण के रामगंगा में डूबने की आशंका में स्थानीय गोताखोरों के अलावा पीएसी की फ्लड और दमकल यूनिट रामगंगा में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। किंतु किशोर के लापता होने के 28 घंटे बाद भी कोई पता नहीं चला है। लापता किशोर के पिता भोगपाल कश्यप ने बताया



कि उनका पुत्र शुक्रवार अपराह्न लगभग दो बजे घर से रामगंगा के पैंटून पुल के समीप पहलेज (जायद की फसल) देखने जाने की कहकर गया था। लेकिन अरुण सांय पांच बजे तक घर नहीं आया। जिससे परिजनों को चिंता हुई और ग्रामीणों के साथ उसकी तलाश शुरू की। तलाश के क्रम में गांव के हीरालाल ने रामगंगा के किनारे लापता किशोर अरुण की चप्पल व कपड़े दिखाई दिए। कपड़ों और चप्पल की पहचान होने के बाद अनुमान है कि लापता अरुण रामगंगा में नहाने के लिए उतरा होगा तथा रामगंगा में डूब गया। लापता किशोर के परिजनों ने रामगंगा में डूबने की आशंका व्यक्त करते हुए थाना परौर और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। परौर पुलिस की सूचना पर स्थानीय गोताखोर,पीएसी की फ्लड और फायर ब्रिगेड यूनिट रामगंगा में लापता अरुण की तलाश कर रही है। किंतु समाचार लिखे जाने तक लापता अरुण का कोई पता नहीं चला है।

पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद हैं। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# यूपी के इस जिले में एमएसपी तो दूर किसानों को उनकी फसल तक का नहीं मिला वाजिब दाम

- सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर घोर अव्यवस्था और फर्जीवाड़ा, ग्रामीण क्षेत्रों में सिर्फ कागजों पर हो रही खरीद

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।** सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर अव्यवस्थाएं चरम पर पहुंच गई हैं। राइस मिलों द्वारा खरीदे गए गेहूं को ग्रामीण क्षेत्रों में लगे सरकारी खरीद केंद्रों पर चढ़ाया जा रहा है, लेकिन केंद्रों पर न तो कोई कांटा (तौलने की मशीन) है और न ही गेहूं तौलने वाली मजदूर उपलब्ध हैं। इसके बावजूद कागजों पर धड़ल्ले से गेहूं की खरीद दिखाई जा रही है।जेठापुर, मल्लपुर, खजुरिया, देवीपुर, शाहगढ़ समेत कई गांवों के खरीद केंद्रों पर यह फर्जी खरीद का खेल चल रहा है। किसान और स्थानीय लोग बताते हैं कि वास्तव में गेहूं की कोई खरीद नहीं हो रही, बल्कि राइस मिलों का गेहूं कागजों में इन केंद्रों पर चढ़ाया जा रहा है।स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों और राइस मिल मालिकों की मिलीभगत से यह फर्जी खरीद का सिलसिला जारी है। केंद्रों पर न तो तौल की जा रही है और न ही कोई वास्तविक प्रक्रिया अपनाई जा रही है। फिर भी खरीद रजिस्टर में भारी मात्रा में गेहूं की खरीद दर्ज की जा रही है।किसानों का कहना है कि 'केंद्र पर न कांटा लगा है, न मजदूर हैं, न कोई व्यवस्था। सिर्फ कागजों पर खरीद दिखाकर लाखों-करोड़ों रुपये का घोटाला किया जा रहा है। 'अधिकारियों की मिलीभगत के कारण अब तक इस फर्जी खरीद पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि खरीद प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं और सरकारी योजनाओं का पैसा लुट रहा है।यह स्थिति न केवल किसानों के हितों को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि सरकार की गेहूं खरीद नीति की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े कर रही है।ग्रामीण अब जिलाधिकारी और खाद्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग कर रहे हैं कि इन सभी केंद्रों की तत्काल जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और मिल मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा फर्जी खरीद में शामिल लोगों पर मुकदमा दर्ज किया जाए।क्या खाद्य एवं रसद विभाग इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेगा और फर्जीवाड़े को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएगा?

**सम्मन करारदार मयूर तनकीह तलब**
**(ऑर्डर 5, कायदा 1व 2)**
**नंबर मुकदमा-102/ 2024 तारीख पेशी 30.4.2026**
**अदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, महाराजगंज**
**प्रत्याशा जौहर बनाम गोपी जौहर**

**(गोपी जवाहर उर्फ अशोक पुत्र जय रामदास निवासी 13/32 मिश्रा कॉलोनी शुक्लागंज थाना गंगापुर जिला उन्नाव)** में बाप के बाद एक नासिर वाद धारा-13 हि.वि.अधि.दायर की है, लिहाजा, आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख वाद सन.... ई. वक्त बजे दिन में अदालत में या मपकर अपील के जो दुखद में कोलहल बर्करार था, वह असकिया हो, बीच जो कुछ उबर महम मूगजिंक मुकदमा था, जवाब दे सके या जिससे कि कोई शक्ल हो जो जिसका बवाक अदालत दे सके, हासिल हो और जवाब दहलील और बस चमह चिखेको को आपके इजहार कालि चुपचाप में कि वास्ते दस्तावेज और न जवाब देही वह ईद इस्तेया था करना चाहता हो पेश करे। आपको फ़सिला दी जा है कि आप बतौर अवसर आप हाजिर व मुकदमा बगैर बीच दाखिल आपसे मजबूर और फैसला होता। बवक्त मेरे बरूक्खस और मुहर अदालत के आप बखाजीम तारीख 07 माह 11 सन 2024 ईस्वी को जाची किया गया।

**इत्तला**

(1.) अगर आपकी यह आदेश है कि आपके गवाह आपके मर्जी के हाजिर न होने को आप अदालत हो, समवयन मुकद जारी कर सकते हैं कि वह गवाही हाजिर कराया जाए तो और किसी गवाह में पेश बनावे को आप इंतेहचाक रखते हैं, वह उसके पेशजिया जय बखूते कि आप खर्चा जरूरी अदालत में हाजिर करके इस उम्र का दरख्वास्त बुजरावे।

(2.) अगर आप मुताबिक अरदई को असलली करते हैं तो आपसी अपने लालम का रुपया मय खर्चा नाजिम में दाखिल करें तो कार्यवाही डिग्री जो आपको जानबपाल पर दोनों ही करना पड़े।

**आज्ञा से**
**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, महाराजगंज**

**सम्मन करारदार मयूर तनकीह तलब**
**(ऑर्डर 5, कायदा 1 व 2)**
**नंबर मुकदमा-706/2023 तारीख पेशी 16-05-2026**
**अदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, महाराजगंज**
**चंदन सिंह (साजिश) पूर्णिमा राणा (खुदाबलेह)**

**पुत्री सागर राणा हाल मुकामः** जीआरडी गेट, मंडी भवन, कूड़ाघाट, गोरखपुर में बाप के बाद एक नासिर वाद धारा-13 हि.वि.अधि.दायर की है, लिहाजा, आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख वाद सन.... ई. वक्त बजे दिन में अदालत में या मपकर अपील के जो दुखद में कोलहल बर्करार था, वह असकिया हो, बीच जो कुछ उबर महम मूगजिंक मुकदमा था, जवाब दे सके या जिससे कि कोई शक्ल हो जो जिसका बवाक अदालत दे सके, हासिल हो और जवाब दहलील और बस चमह चिखेको को आपके इजहार कालि चुपचाप में कि वास्ते दस्तावेज और न जवाब देही वह ईद इस्तेया था करना चाहता हो पेश करे। आपको फ़सिला दी जा है कि आप बतौर अवसर आप हाजिर व मुकदमा बगैर बीच दाखिल आपसे मजबूर और फैसला होता। बवक्त मेरे बरूक्खस और मुहर अदालत के आप बखाजीम तारीख 10 माह 11 सन 2025 ईस्वी को जाची किया गया।

**इत्तला**

(1.) अगर आपकी यह आदेश है कि आपके गवाह आपके मर्जी के हाजिर न होने को आप अदालत हो, समवयन मुकद जारी कर सकते हैं कि वह गवाही हाजिर कराया जाए तो और किसी गवाह में पेश बनावे को आप इंतेहचाक रखते हैं, वह उसके पेशजिया जय बखूते कि आप खर्चा जरूरी अदालत में हाजिर करके इस उम्र का दरख्वास्त बुजरावे।

(2.) अगर आप मुताबिक अरदई को असलली करते हैं तो आपसी अपने लालम का रुपया मय खर्चा

नाजिम में दाखिल करें तो कार्यवाही डिग्री जो आपको जानबपाल पर दोनों ही करना पड़े।

**आज्ञा से**
**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, महाराजगंज**

# उपचुनाव : 5 मई को मतदान व मतगणना 7 मई को होगी संपन्न

- नगर पंचायत कटरा रिक्त अध्यक्ष पद के उपनिर्वाचन को बैठक आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नगर पंचायत कटरा में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उप-निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उप-निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सहायक निर्वाचन निदेशक, राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश तथा अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बताया गया कि 5 मई को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान संपन्न कराया जाएगा। मतगणना 7 मई को 8 बजे से विकास खण्ड तिलहर में की जाएगी।

बैठक में इस बार उप-निर्वाचन के दौरान पहली बार एफआरएस के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। यह



अत्याधुनिक एआई आधारित प्रणाली मतदान प्रक्रिया को और अधिक विश्वसनीय एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की, जिनमें भारतीय जनता पार्टी से विजय मोहन मिश्रा, कांग्रेस से राजनीश मिश्रा, समाजवादी पार्टी से मोहम्मद शहनवाज तथा ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक पार्टी से दानिश जीशान खान शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में उक्त तकनीक के प्रयोग का समर्थन किया और इसे निष्पक्ष चुनाव की दिशा में सकारात्मक कदम बताया।

**एफआरएस एप्लिकेशन की कार्यप्रणाली:**

राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित एफआरएस एक एआई आधारित आधुनिक तकनीक है, जिसका उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाना है। इस प्रणाली के माध्यम से मतदाताओं की पहचान का डिजिटल सत्यापन किया जाएगा, जिससे फर्जी एवं दोहरे मतदान की संभावना को प्रभावी रूप से रोका जा सके। मतदान के दिन मतदाता को पूर्व की भांति अपना पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसके आधार पर मतदान अधिकारी मतदाता सूची में नाम का सत्यापन करेंगे। इसके पश्चात एफआरएस एप्लिकेशन के माध्यम से पहचान पत्र की फोटो एवं मतदाता की लाइव फोटो कैप्चर की जाएगी, जिनका आपस में मिलान कर सत्यापन किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित मतदाता द्वारा पूर्व में कहीं अन्य स्थान पर मतदान न किया गया हो। एफआरएस मोबाइल एप्लिकेशन एंड्रॉइड आधारित है, जिसमें मतदान अधिकारी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करेंगे। एप में बूथ की जानकारी, मतदाता सूची एवं अन्य आवश्यक विवरण पूर्व से उपलब्ध रहेंगे। मतदान प्रारंभ होने से पूर्व अधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे तथा निर्धारित समय पर स्टार्ट पोल विकल्प के माध्यम से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे। मतदाता की पहचान के लिए एसवीएन नंबर, नाम अथवा मतदाता क्रमांक के आधार पर विवरण खोजा जाएगा। सत्यापन के दौरान यदि फोटो का मिलान सफल होता है तो मतदाता को आगे मतदान हेतु भेजा जाएगा, जबकि असंगति की स्थिति में पीठासीन अधिकारी द्वारा आवश्यक जांच कर निर्णय लिया जाएगा। यदि कोई मतदाता दोबारा मतदान का प्रयास करता है, तो एफआरएस प्रणाली द्वारा उसे चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित किया जाएगा।

## आमदनी बढ़ाने के नए खाते

आमदनी बढ़ाने की तरकीबों में हिमाचल सरकार ने कई खाते खोले हैं और इसलिए कल तक मुफ्तखोरी के शिकार डाकबंगले आज वित्तीय इज्जत कमाने लगे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में हिमाचल भवन, सदन और सर्किट हाउसों के कुछ चयनित कमरे अब नई दरों के बर्नर पर रखे गए हैं। अगर दिल्ली, चंडीगढ़ व शिमला के अलावा सर्किट हाउस के कमरों में ठहरने की दरें करवटें लेती हैं, तो बारह सौ के कालीन आगे चलकर एक रात्रि तक विश्राम के चार हजार काट लेंगे। यह फैसला हालांकि किन्हीं कारणों से अभी सूची पर नहीं चढ़ा, लेकिन इस ख्वाहिश के अमल में आने से ठहरने के सरकारी इंतजाम महंगी वसूली करेंगे। आखिर डाक बंगलों से सर्किट हाउस और उससे आगे हिमाचल सदन और भवन के वर्गीकृत कमरों का आबंटन, अब नई दुकानदारी के मोह में फंस गया तो इससे जुड़ी अपेक्षाएं भी तो बढ़ेंगी। हिमाचल की डाक बंगला संस्कृति, एक रुआब, एक अधिकार, एक पहुंच और सत्ता का दबाव ही तो है, जो वक्त-वक्त पर खिल रहा। प्रदेश के हर महकमे के किरदार में रेस्ट हाउस निर्माण की कला को नापते-तोलते आज स्थिति इस मुकाम पर पहुंची है कि ये सारी संपत्तियां अलाभकारी तथा बुनियादी असमर्थता का शिकार हो रही हैं। इन्हें प्रदेश की आवभगत में स्वीकार करें, तो भी वर्तमान स्थिति सुधारनी पड़ेगी, वरना संपत्तियों को आज तक किसी न किसी प्रभाव से चरने का रिवाज सा शुरू हो गया है। प्रदेश में करीब दो हजार डाक बंगले, सर्किट हाउस, सदन और भवन हैं, लेकिन इनके प्रबंधन का ढांचा बिखरा हुआ है। कमोबेश हर विभाग ने अपने वित्तीय व्यवस्था या बजट की उपलब्धता से रेस्ट हाउस तो बना दिए, लेकिन रखरखाव के लिए कोई स्थायी प्रबंधन विकसित नहीं हुआ। ऐसे में रेस्ट हाउस सिर्फ विभागीय प्रदर्शन की एक फिजूलखर्ची ही साबित हुए। इनके औचित्य और योगदान पर ही संदेहों की पपड़ी है, तो कौन संचालन की एकरूपता पर विचार करता। खैर रेट बढ़ाने के कागजी फैसले तो प्रभावित करेंगे, लेकिन अब इस व्यवस्था को निपुणता के साथ चाक चौबंद करने की जरूरत है। रेस्ट हाउस प्रणाली ब्रिट्रिश पीरियड की शब्दावली है, जो वीआईपी होने के तमाम सबूतों के साथ मेहमानबाजी का अलख जगाती रही है। यह व्यवस्था केवल रात्रि विश्राम का कमरा नहीं, सरकार की कलगी में अदब का एक ऐसा तरीका बन चुका है, जहां प्रभावशाली होने के तमाशे होते हैं। कम से कम वित्तीय जवाबदेही, उचित प्रबंधन तथा पारदर्शी बुकिंग के हिसाब से विश्राम गृहों की श्रृंखला को वित्तीय अनुशासन की परिपाटी से जोड़ना होगा। होना तो चाहिए कि सारे डाक बंगले एक ही छत के नीचे आएं यानी शहरों के स्तर तथा प्रशासनिक भूमिका के अनुरूप यह तय किया जाए कि संयुक्त विश्राम गृह कितने कमरे का बनाया जाए। हमीरपुर जैसे शहर में अगर पचास कमरों का एक कंबाइंड रेस्ट हाउस बना कर पर्यटन निगम के हवाले कर दिया जाए, तो न औचित्य पर प्रश्न उठेंगे और न ही व्यवस्था पर अंगुली उठेगी। इस तरह शहर में बिखरे विभिन्न डाक बंगलों का अन्य कार्यों या कार्यालयों के लिए इस्तेमाल हो सकता है। दिल्ली चंडीगढ़ में हिमाचल भवन व सदनों के अलावा हिमाचल की जनता के लिए बेहतर प्रबंधन के तहत कम से कम पचास से सौ कमरों के डाक बंगले संचालित किए जाएं। हिमाचली यात्रियों या पर्यटकों की दृष्टि से हरिद्वार जैसे स्थान पर भी कम से कम सौ कमरों का परिसर तैयार हो, तो पर्यटन निगम के माध्यम से श्रद्धा का आसन सुकून से बिछेगा। ऐसे में अगर सरकार हिमाचल के सदन, भवन व सर्किट हाउस का किराया बढ़ाना चाहती है, तो यह वर्गीकरण व सुविधाओं के आधार पर हर रेस्ट हाउस तक संभव हो सकता है, वरना निजी होटलों की कतार से तो अभी एचपीटीडीसी के होटल भी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ कर, बिकने की तादाद बढ़ा रहे हैं।

# सात सांसदों की बगावत से डगमगाया 'आप' का राज्यसभा किला



अजय कुमार

भारतीय राजनीति के फलक पर 2 अप्रैल 2026 को जो चिंगारी सुलगनी शुरू हुई थी, उसने 22 दिनों के भीतर एक ऐसी सियासी आग का रूप ले लिया है जिसमें अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का राज्यसभा वाला किला लगभग ढह चुका है। यह महज कुछ सांसदों का दल-बदल नहीं है, बल्कि उस भरोसे और विचारधारा की सामूहिक हत्या है, जिसके दम पर एक दशक पहले अन्ना आंदोलन की कोख से यह पार्टी जन्मी थी। राज्यसभा में पार्टी के डिप्टी लीडर रहे राघव चड्ढा की अगुवाई में सात सांसदों का एक साथ पाला बदलना दिल्ली से लेकर पंजाब तक की सियासत में वो भूकंप है, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता आने वाले कई सालों तक महसूस की जाएगी। मैं घायल हूं, इसलिए घातक हूं और मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझना जैसे फिल्मी लगने वाले राघव के संवादों ने शुक्रवार को तब हकीकत का जामा पहन लिया, जब उन्होंने संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा का दामन थामने का एलान किया। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में किसी भी क्षेत्रीय दल के लिए संभवतः सबसे बड़ा और संगठित विद्रोह है।

इस पूरे घटनाक्रम की पटकथा उस दिन लिख दी गई थी जब राघव चड्ढा को अचानक राज्यसभा में डिप्टी लीडर के पद से हाथ धोना पड़ा था। पार्टी ने अंदरूनी तौर पर उन पर निष्क्रियता और गतिविधियों से दूरी बनाने के आरोप मढ़े थे, लेकिन राघव के तेवर बता रहे थे कि वे किसी बड़े ऑपरेशन की तैयारी में हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस बगावत में संदीप पाठक का नाम शामिल होना केजरीवाल के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत झटका है। पाठक वही शख्स हैं जिन्हें आप का चाणक्य कहा जाता था, जिन्होंने पंजाब की सत्ता की चाबी केजरीवाल के हाथ में सौंपी और पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिलाने के लिए पर्दे के पीछे से संगठन की मशीनरी तैयार की। जब संगठन का वास्तुकार ही इमारत ढहाने पर आमादा हो जाए, तो नेतृत्व की विफलता पर सवाल उठना लाजिमी है। इसके साथ ही स्वाति मालीवाल की भूमिका ने इस आग में घी का काम किया है। बिभव कुमार मामले के बाद जिस तरह स्वाति को अपनी ही पार्टी में अपमान और अलगाव का सामना करना पड़ा, उन्होंने उसे अपनी निजी अदावत बना लिया। आज जब वे राघव के साथ सुर में सुर मिला रही हैं, तो यह साफ है कि आप के भीतर महिलाओं के सम्मान और आंतरिक लोकतंत्र को लेकर जो दावे किए जाते थे, उनकी कलई खुल चुकी है।



*अन्ना हजारे की उस टिप्पणी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता जिसमें उन्होंने कहा कि जब स्वार्थ समाज और देश से ऊपर हो जाता है, तो संगठन टूट जाते हैं। यह केजरीवाल की उस कार्यशैली का भी परिणाम है जिसमें उन्होंने धीरे-धीरे उन सभी पुराने चेहरों को किनारे कर दिया जिन्होंने उनके साथ धूल फांकी थी। योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास और अब राघव-संदीप की यह फेहरिस्त बताती है कि पार्टी में असहमति के लिए कोई जगह नहीं बची है। स्वाति मालीवाल का यह आरोप कि उन्हें मुख्यमंत्री के घर पर पीटा गया और फिर उन्हें ही बदनाम करने की कोशिश की गई, पार्टी की नैतिक साख पर वो धब्बा है जो शायद ही कभी धुल पाए। राज्यसभा सचिवालय में अब कानूनी लड़ाई शुरू होगी, सदस्यता रद्द करने की याचिकाएं डाली जाएंगी और मामला कोर्ट तक जाएगा। लेकिन राजनीति में जो धारणा (परसेप्शन) एक बार बन जाती है, उसे बदलना मुश्किल होता है। जनता के बीच अब यह संदेश जा चुका है कि जो पार्टी दूसरों को ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटती थी, उसके अपने घर में ही भारी अविश्वास का माहौल है। गुजरात निकाय चुनाव से ठीक पहले पार्टी के सोशल मीडिया पेजों का सस्पेंड होना और सांसदों का सामूहिक पलायन, आप के लिए किसी परफेक्ट स्टॉर्म जैसा है। केजरीवाल जो खुद को नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर पेश कर रहे थे, आज अपने सबसे भरोसेमंद सिपहसालारों को ही भाजपा के पाले में जाते हुए देखने को मजबूर हैं।*

तकनीकी तौर पर देखें तो यह बगावत बहुत ही सधे हुए कानूनी दांव-पेच के साथ की गई है। राज्यसभा में आप के कुल 10 सांसद थे, जिनमें से 7 का एक साथ अलग होना दल-बदल विरोधी कानून (एन्टी डिफेक्शन लॉ) के तहत अयोग्यता की तलवार को कुंद कर देता है। दो-तिहाई की यह संख्या राघव चड्ढा की उस रणनीतिक कुशलता को दर्शाती है, जिसका लोहा कभी खुद केजरीवाल मानते थे। राघव का यह कहना कि वे गलत पार्टी में सही व्यक्ति थे, न केवल केजरीवाल के नेतृत्व पर सीधा प्रहार है, बल्कि उन लाखों कार्यकर्ताओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग का सपना लेकर इस पार्टी से जुड़े थे। जिस पार्टी ने 15 साल तक संघर्ष किया, उसका इस तरह ताश के पत्तों की तरह बिखरना यह बताता है कि सत्ता के गलियारों में पहुंचते ही आम और खास की लकीर धुंधली पड़ गई। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे नेतृत्व और जेल से सरकार चलाने की जिद ने शायद उन नेताओं को भी सोचने पर मजबूर कर दिया जो अब तक वफादारी का दम भर रहे थे।

पंजाब की सियासत के लिहाज से यह घटनाक्रम किसी सुनामी से कम नहीं है। बागी होने वाले सात में से छह सांसद पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए यह स्थिति बेहद असहज है, क्योंकि राघव चड्ढा को कभी पंजाब सरकार का रिमोट कंट्रोल कहा जाता था। मान और चड्ढा के बीच का शीतयुद्ध जगजाहिर था, लेकिन अब यह आमने-सामने की जंग में बदल चुका है। भाजपा ने इन चेहरों को अपने पाले में कर न केवल राज्यसभा में अपनी ताकत 148 तक पहुंचा दी है, बल्कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए भी एक मजबूत बिसात बिछा दी है। भाजपा, जो पंजाब में लंबे समय से एक मजबूत सिख चेहरे और संगठन की तलाश में थी, उसे अब हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और विक्रमजीत सिंह साहनी जैसे रसूखदार लोगों का साथ मिल गया है। यह मिशन पंजाब की वो शुरुआत है जिसने अरविंद केजरीवाल के राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को फिलहाल दिल्ली और पंजाब की सीमाओं में ही कैद कर दिया है।

संजय सिंह और अन्य आप नेता इसे ऑपरेशन लोटस और केंद्रीय एजेंसियों का डर बताकर जनता की सहानुभूति बटोरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या केवल डर के दम पर इतने बड़े स्तर पर बगावत संभव है? अन्ना हजारे की उस टिप्पणी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता जिसमें उन्होंने कहा कि जब स्वार्थ समाज और देश से ऊपर हो जाता है, तो संगठन टूट जाते हैं। यह केजरीवाल की उस कार्यशैली का भी परिणाम है जिसमें उन्होंने धीरे-धीरे उन सभी पुराने चेहरों को किनारे कर दिया जिन्होंने उनके साथ धूल फांकी थी। योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास और अब राघव-संदीप की यह फेहरिस्त बताती है कि पार्टी में असहमति के लिए कोई जगह नहीं बची है। स्वाति मालीवाल का यह आरोप कि उन्हें मुख्यमंत्री के घर पर पीटा गया और फिर उन्हें ही बदनाम करने की कोशिश की गई, पार्टी की नैतिक साख पर वो धब्बा है जो शायद ही कभी धुल पाए।

राज्यसभा सचिवालय में अब कानूनी लड़ाई शुरू होगी, सदस्यता रद्द करने की याचिकाएं डाली जाएंगी और मामला कोर्ट तक जाएगा। लेकिन राजनीति में जो धारणा (परसेप्शन) एक बार बन जाती है, उसे बदलना मुश्किल होता है। जनता के बीच अब यह संदेश जा चुका है कि जो पार्टी दूसरों को ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटती थी, उसके अपने घर में ही भारी अविश्वास का माहौल है। गुजरात निकाय चुनाव से ठीक पहले पार्टी के सोशल मीडिया पेजों का सस्पेंड होना और सांसदों का सामूहिक पलायन, आप के लिए किसी परफेक्ट स्टॉर्म जैसा है। केजरीवाल जो खुद को नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर पेश कर रहे थे, आज अपने सबसे भरोसेमंद सिपहसालारों को ही भाजपा के पाले में जाते हुए देखने को मजबूर हैं। यह पतन की शुरुआत है या फिर कोई नया सबक, यह तो वक्त तय करेगा, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि झाड़ू की तीलियां बिखर चुकी हैं और उन्हें समेटना अब केजरीवाल के बस की बात नहीं लग रही। भारतीय राजनीति का यह शुक्रवार आम आदमी पार्टी के इतिहास में हमेशा एक ऐसे मोड़ के रूप में याद किया जाएगा, जहां से वापसी का रास्ता बहुत धुंधला नजर आता है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

विचार

# तुषार से हिजबुल्लाह बनने की खौफनाक दास्तान



अजय कुमार

धर्म के नाम पर होने वाला परिवर्तन अक्सर एक व्यक्तिगत आस्था का विषय माना जाता है, लेकिन जब यह आस्था किसी के हाथ में बंदूक थमा दे और उसे अपने ही देश के खिलाफ खड़ा कर दे, तो वह आस्था नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राष्ट्रीय खतरा बन जाती है। उत्तर प्रदेश के मेरठ और नोएडा से हाल ही में सामने आई तुषार चौहान उर्फ हिजबुल्लाह अली खान की कहानी महज एक धर्मांतरण का मामला नहीं है, बल्कि यह उस हाइब्रिड टेरर मॉडल का जीता-जागता सबूत है जिसे सीमा पार बैठी ताकतें अब भारत में 'आउटसोर्स' कर रही हैं। जिस लड़के की रगों में एक स्वतंत्रता सेनानी का खून दौड़ रहा था, जिसका परिवार पीढ़ियों से भारतीय सेना में रहकर देश की सीमाओं की रक्षा करता आया, उसी परिवार का बेटा कट्टरपंथ के इस डिजिटल मकड़जाल में फंसकर खुद को 'अल्लाह की फौज' यानी हिजबुल्लाह का सिपाही समझने लगा। यह घटना न केवल सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ाने वाली है, बल्कि समाज के उस हिस्से के लिए भी खतरे की घंटी है जो सोशल मीडिया की चकाचौंध में अपने बच्चों के बदलते व्यवहार को भांप नहीं पा रहे हैं।

आतंकवाद का यह नया मॉडल बेहद शातिर और घातक है। इसमें अब सीधे तौर पर हथियारबंद घुसपैठ की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने इस काम को शहजाद भट्टी जैसे गैंगस्टरों और कट्टरपंथी यूट्यूबर्स को सौंप दिया है। ये लोग सोशल मीडिया को एक भर्ती केंद्र की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इनका शिकार वे युवा बन रहे हैं जो मानसिक रूप से थोड़े कमजोर हैं या जिन्हें धार्मिक कट्टरपंथ के नाम पर आसानी से बरगलाया जा सकता है। तुषार के मामले में भी यही हुआ। उसे पहले सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में लाया गया, फिर धीरे-धीरे उसके मन में मौजूदा व्यवस्था और अपने ही मूल धर्म के खिलाफ जहर भरा गया। धर्मांतरण तो सिर्फ एक औपचारिकता थी, असली मकसद तो उसका ब्रेनवॉश करके उसे एक 'किलिंग मशीन' में तब्दील करना था। तुषार का तुषार से हिजबुल्लाह बनना यह दर्शाता है कि कट्टरपंथ की खुराक उसे इस कदर दी गई कि वह अपनी गौरवशाली पारिवारिक विरासत को भूलकर उन लोगों की जान लेने पर उतारू हो गया जो उसकी हिटलिस्ट में थे।



तुषार उर्फ हिजबुल्ला

सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात इस आतंकी मॉडल की 'हिटलिस्ट' है। आमतौर पर आतंकी संगठनों के निशाने पर सुरक्षा बल या राजनेता होते हैं, लेकिन हिजबुल्लाह बने तुषार को जो काम सौंपा गया था, वह समाज को अंदर से खोखला करने वाला था। उसकी सूची में वे 'एक्स-मुस्लिम' शामिल थे जिन्होंने अपनी स्वतंत्र सोच से इस्लाम छोड़ दिया था। यह कट्टरपंथ का वह चरम है जहां व्यक्तिगत पसंद और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए कोई जगह नहीं बचती। अगर कोई अपनी मर्जी से जीवन जीना चाहे, तो उसे दुश्मन मान लिया जाता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो सामरिक रूप से दिल्ली के बेहद करीब है और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील माना जाता है, अब इस खतरनाक प्रयोग की प्रयोगशाला बनता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में बिजनौर, गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़ से हुई गिरफ्तारियां बताती हैं कि आईएसआई का स्लीपर सेल नेटवर्क अब डिजिटल माध्यमों से जमीनी स्तर पर अपनी जड़ें फैला चुका है।

इस पूरे प्रकरण में एक सवाल यह भी उठता है कि क्या हमारा सामाजिक ताना-बाना इतना कमजोर हो गया है कि कोई बाहरी ताकत चंद वीडियो और तकरीरों के जरिए हमारे युवाओं को देशद्रोही बना सकती है? तुषार के पिता और उसकी मां का रोना इस बात की गवाही है कि उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि उनका बेटा कब उनके हाथों से फिसलकर अंधेरी गलियों में जा पहुंचा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का इलाका, जहां की कृषि और सेना में भागीदारी की कहानियां प्रसिद्ध रही हैं, वहां सोलर सीसीटीवी कैमरों के जरिए जासूसी करना और संवेदनशील ठिकानों की रेकी करना एक नए तरह के युद्ध का संकेत है। यह युद्ध सीमाओं पर नहीं, बल्कि मोबाइल स्क्रीन और बंद कमरों में लड़ा जा रहा है।

धर्मांतरण और आतंक के इस गठजोड़ को समझने के लिए हमें उस मानसिकता की गहराई में जाना होगा जो धर्म को एकता के बजाय विभाजन का औजार बनाती है। जहां एक ओर मणिपुर और मिजोरम के बनेई मेनाशे समुदाय के लोग हजारों सालों तक भारत में रहने के बावजूद अपनी परंपराओं को सहेजते हुए आज अपने मूल देश इजरायल लौ ऐसे आतंकी मॉडल के पीछे भाग रहे हैं जिसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है। यहट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर तुषार जैसे लोग हैं जो अपनी मिट्टी और परंपरा से कटकर एक वैचारिक कमजोरी और अपनी जड़ों से कटने का परिणाम है। सुरक्षा एजेंसियां तो अपना काम करेंगी ही, लेकिन अब वक्त आ गया है कि समाज और परिवार भी अपने बच्चों की डिजिटल गतिविधियों और अचानक आने वाले व्यवहारिक बदलावों को लेकर सतर्क हों। तुषार का हिजबुल्लाह बनना महज एक गिरफ्तारी नहीं है, बल्कि यह हमारी उस सामूहिक विफलता का आईना है जिसे अगर वक्त रहते नहीं सुधारा गया, तो धर्मांतरण की यह आड़ आने वाले समय में और भी कई परिवारों को उजाड़ देगी। आतंक का यह आउटसोर्स मॉडल जितना अदृश्य है, उससे कहीं ज्यादा यह हमारे भविष्य के लिए घातक है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

साहित्य



## राहें क्यों जुदा हुईं?

संजय एम तराणेकर

विश्वास से लेकर राघव तक, राहें
सबकी क्यों जुदा हुईं?
जो संग चले कल तक, अब बातों में
खामोशी क्यों हुईं?

वादों की वो धूप सुनहरी,अब सवालों
के बादल में ढकी,
सपनों की थी साझेदारी,अब अलग-
अलग राहों में बंटी।

कभी जो साथ मंचों पर गूंजे थे, एक
सुर में कई आवाज़ें,
आज वही सुर टूट गए हैं, बिखर गए हैं
सभी के अंदाज़ें।

राजनीति की इस बिसात पर, चलती हैं
चालें अनगिनत,
दोस्ती भी यहाँ मोहरा बनती, सत्य रह
जाता है अवनत।

फिर भी उम्मीद की किरण, दिल के
कोने में रह जाती है,

शायद कल फिर साथ चलें, नीयत
साफ़ व राह आती है।



## राशिफल

**मेषः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुनः-** सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छवि बनाएं।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**सिंहः-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुविधाओं का त्याग करें।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख व मजाकिया स्वभाव से प्रसन्नता बिखेरेंगे।

धनु:- जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**मकरः-** भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। तामसी व गैर सांस्कारिक कार्य की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगाएं।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें।

**मीनः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होंगे।

# सरकार के सफल प्रयासों से निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन सुनिश्चित हो रहा

*निधि वर्मा*

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व एवं कुशल दिशा-निर्देशन में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में भारतीय संस्कृति की आस्था के प्रतीक गौवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए उल्लेखनीय कार्य राज्य सरकार द्वारा किये गये हैं। पूर्ववर्ती सरकारों के समय उत्तर प्रदेश में निराश्रित गोवंश की समस्या लंबे समय तक किसानों, ग्रामीण समाज और शहरी जीवन के लिए एक गंभीर चुनौती बनी रही। खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान, सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा और पशुओं की दयनीय स्थिति को केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना से जुड़े मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए प्रदेश में गोवंश संवर्धन तथा निराश्रित बेसहारा छुट्टा गोवंश के संरक्षण एवं भरण-पोषण के उद्देश्य से निराश्रित गोवंश संरक्षण नीति-2019 का प्राख्यापन कर समस्त निराश्रित गोवंश संरक्षण का कार्य प्रथम बार किया गया है। आज यह नीति जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम दे रही है।

गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और इस हेतु प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 6,433 अस्थायी गो आश्रय स्थल, 518 वृहद गो संरक्षण केंद्र और 253 कांजी हाउस संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्रों में 323 कान्हा गो आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार पूरे प्रदेश में कुल 7,527 गो आश्रय स्थलों का एक सुदृढ़ नेटवर्क विकसित किया गया है, जिसमें लगभग 12.39 लाख निराश्रित गोवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा प्रति गोवंश प्रतिदिन 50 रूपये की धनराशि दी जा रही है। प्रदेश सरकार ने गोवंश की चुनौती को व्यापक स्तर पर स्वीकार करते हुए ठोस व्यवस्थाओं का विकास करके गौवंश संरक्षण किया है। गो आश्रय स्थलों के संचालन और गोवंश के भरण-पोषण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिदिन लगभग 7.50 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की जा रही है। यह व्यय पशु संरक्षण, किसान सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक दीर्घकालिक निवेश है। सरकार की यह प्रतिबद्धता स्पष्ट करती है कि गोवंश संरक्षण को एक मानवीय और सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में प्राथमिकता दी जा रही है। इस अभियान का एक महत्वपूर्ण स्तंभ मा० मुख्यमंत्री सहभागिता योजना है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1,14,481 इच्छुक लाभार्थियों को 1,83,389 निराश्रित गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। इससे गोवंश को स्थायी आश्रय मिलने के साथ-साथ पशुपालकों की आय में भी वृद्धि हो रही है। गोवंश संरक्षण हेतु सेन्ट्रल प्रोजेक्ट मानिटरिंग यूनिट की स्थापना की गयी है, जिससे निराश्रित गोवंश आदि का अनुश्रवण किया जा रहा है एवं डी0बी0टी0 के माध्यम से भरण पोषण की धनराशि सीधे गो आश्रय स्थलों को तथा सहभागियों के खाते में अन्तरित की जा रही है। यह योजना आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है, जिसमें संरक्षण और आजीविका-दोनों का संतुलन दिखाई देता है। प्रदेश में गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण को भी प्राथमिकता दी गई है। अब तक 630 वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिनमें से 539 केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और 518 केंद्रों को क्रियाशील किया जा चुका है। प्रत्येक वृहद गो संरक्षण केंद्र में लगभग 400 गोवंश को रखने की क्षमता निर्धारित की गई है, तथा प्रति केंद्र निर्माण लागत लगभग 160.12 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2026-27 में नए वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण हेतु 100.00 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर कार्य कर रही है। गोवंश संरक्षण के इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब कृषि क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। गो आश्रय स्थलों में पशुओं के व्यवस्थित संरक्षण के कारण खेतों में फसलों को होने वाले नुकसान में भारी कमी आई है। गो आश्रय स्थलों से निकलने वाले गोबर का उपयोग खाद का उपयोग करके प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है और प्रदेश में अन्न उत्पादन में भी निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। यह पहल किसानों के लिए राहत का एक मजबूत आधार बनकर उभरी है।

गोवंश के भरण-पोषण को सुनिश्चित करने के लिए भूसा-संग्रहण अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। 15 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026 तक चलाए जा रहे इस अभियान के तहत 60.99 लाख कुंतल भूसा संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक दान के माध्यम से 0.598 लाख कुंतल तथा क्रय के माध्यम से 5.02 लाख कुंतल भूसा संग्रहित किया जा चुका है। यह अभियान न केवल चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि समाज में सहयोग और सहभागिता की भावना को भी सुदृढ़ कर रहा है।

इसके साथ ही, गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को नियमित रूप से हरा चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चारागाह भूमि का विकास भी किया जा रहा है। प्रदेश में उपलब्ध 61,118.85 हेक्टेयर गोचर/चारागाह भूमि में से 11,834.50 हेक्टेयर भूमि को 7,339 गो आश्रय स्थलों से संबद्ध किया गया है। अब तक 7,364.03 हेक्टेयर भूमि पर हरे चारे की बुवाई की जा चुकी है। यह प्रयास गोवंश के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ आश्रय स्थलों की आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा दे रहा है।

सरकार का दृष्टिकोण केवल संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि गो आश्रय स्थलों को आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित करना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। पशुपालन विभाग द्वारा गो आश्रय स्थलों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से गोबर पेंट, गो दीप, धूपबत्ती, गो लठा, गोबर के गमले, वर्मी कम्पोस्ट तथा जैविक उत्पाद इकाइयों की स्थापना की जा रही है। इन इकाइयों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आय और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी इस पहल को और अधिक सशक्त बना रही है। ये समूह गो आधारित उत्पादों के निर्माण और विपणन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिल रहा है। यह पहल महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ ग्रामीण सामाजिक संरचना को मजबूत करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है।

प्रदेश सरकार के अतुलनीय और नवीन प्रयासों ने निराश्रित गोवंश की समस्या को एक अवसर में परिवर्तित कर दिया है। जहां एक तरफ गोआश्रय स्थलों के माध्यम से निराश्रित गोवंश का संरक्षण हो रहा है। वहीं सरकार गोआश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने, स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने, महिलाओं को सशक्त करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयत्नशील है। निश्चित ही गोवंश संरक्षण की दिशा में उ0प्र0 सरकार की यह पहल प्रशंसनीय और देश के अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सिपाही की 'रिश्वतखोरी' और जन समस्याओं के खिलाफ भाकियू (लोकतांत्रिक) का हल्ला बोल

**हरदोई समृद्धि न्यूज।** कछौना ब्लॉक परिसर उस समय नारों से गूँज उठा जब



भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के बैनर तले दर्जनों किसानों ने प्रदेश प्रभारी उमेश शुक्ला के नेतृत्व में मोर्चा खोल दिया। भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनदेखी के खिलाफ आक्रोशित किसानों ने ब्लॉक मुख्यालय के बाहर जोरदार धरना दिया और स्थानीय पुलिस प्रशासन व विकास कार्यों में व्याप्त धांधली पर गंभीर सवाल उठाए। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी उमेश शुक्ला ने सीधे तौर पर कोतवाली कछौना में तैनात एक सिपाही पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप जड़े। उन्होंने साक्ष्यों का हवाला देते हुए बताया कि उक्त सिपाही द्वारा क्षेत्र में खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है। आरोप है कि सिपाही ने गढ़ी गांव से 10,000 रुपये, सेदूपुर से 20,000 रुपये और वीरपाल गांव से 5,000 रुपये की रिश्वत वसूली है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे कर्मियों पर नकेल नहीं कसी गई, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।भ्रष्टाचार का मुद्दा केवल पुलिस तक सीमित नहीं रहा। उमेश शुक्ला ने ब्लॉक स्तर पर चल रही अनियमितताओं को उजागर करते हुए कहा कि 'रिबोरो' के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार पैसे निकालने के बावजूद गांवों में नलकूपों से पानी नहीं पहुंच रहा है। जमीनी स्तर पर काम शून्य है और सारा विकास केवल सरकारी कागजों तक सिमट कर रह गया है, जिससे किसान सिंचाई के लिए परेशान हैं।रेलवे फाटक और जर्जर सड़कें मुसीबत बनी है। ग्राम पंचायत गाजू के बहदिन मजरे में रेलवे फाटक बंद होने से दर्जनों गांवों का संपर्क कट जाता है। किसानों ने यहाँ तत्काल अंडरपास बनाने की मांग की ताकि आवागमन सुगम हो सके। कछौना-गौसगंज मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। गड्ढों और जलभराव के कारण यह मार्ग चलने लायक नहीं बचा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और यातायात बाधित रहता है। धरने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचीं नायब तहसीलदार आकांक्षा सिंह को किसानों ने अपनी समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा। नायब तहसीलदार ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि भ्रष्टाचार की जांच और अन्य जन समस्याओं के निस्तारण हेतु ज्ञापन उच्चाधिकारियों तक प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने जल्द से जल्द उचित कार्यवाई का भरोसा दिलाकर धरना समाप्त कराया। इस मौके पर यूनियन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसान अब चुप नहीं बैठेगा। यदि जल्द ही सिपाही पर कार्यवाई और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो ईंट से ईंट बजा दी जाएगी।

### आधी आबादी को अधिकारों से कोई वंचित नहीं कर सकताः नीलिमा

**उरई (जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी ने महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रेस वार्ता के दौरान कानपुर विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि महिला आरक्षण पर सपा, कांग्रेस पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को लोकसभा में विपक्ष द्वारा पारित नहीं होने देने से महिलाओं में आक्रोश देखा जा रहा है जिसका खामियाजा ऐसे राजनैतिक दलों को चुनाव के दौरान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को अधिकारों से बंचित नहीं रखा जा सकता। भाजपा महिलाओं को सम्मानजनक स्थान तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। विधायक नीलिमा कटियार ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो मन में ठान लेते हैं उसे पूरा करके ही मानते हैं। यदि उन्होंने ठान लिया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक लोकसभा में पारित कराना है तो उसे कोई ताकत पास होने से ज्यादा दिनों तक रोक नहीं सकती। इसके बाद महिला संगोष्ठी इंद्रा इंदिरा पैलेस में हुई तथा जन आक्रोश महिला मार्च इंद्रा पैलेस से जिला परिषद से होते हुए इन्द्र पैलेस पर समाप्त किया गया। मुख्य अतिथि नीलिमा कटियार विधायक ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस, सपा पार्टी समेत विपक्षी दलों का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो गया है लोकसभा विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की ऐतिहासिक पहल भाजपा की है। विपक्षी दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके महिला विरोधी चेहरे को उजागर करता है। इसी अन्याय के विरोध में देश भर की आधी आबादी सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक ढंग से आक्रोश प्रकट कर रही है। इस दौरान मुख्य रूप से सदर विधायक गौरीशंकर, विधायक मूलचंद्र निरंजन एमएलसी रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, रेखा वर्मा मीनू मिश्रा प्रीति बंसल, अनीता कठेरिया, अनीता सोलंकी, शशि सोमेंद्र अशोक राठौर विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेंगर आदि संख्या उपस्थित रही।

### चिकित्सक से रंगदारी व धमकी के मामले में शंकर सिंह हुए गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** शहर के राजेन्द्र नगर क्षेत्र में एक चिकित्सक के साथ रंगदारी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का गंभीर आरोप लगाया था। पीड़ित डॉ. रामबीर सिंह सेंगर ने कोतवाली उरई में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि मोहल्ले के ही एक दबंग व्यक्ति ने उनसे नकदी लूट ली और भारी रकम की मांग करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित के अनुसार घटना 23 अप्रैल 2026 की रात करीब 9रू30 बजे की बताई गई है जब वह अपने घर के बाहर गाड़ी खड़ी कर रहे थे। तभी मोहल्ले के निवासी शंकर सिंह लोधी पुत्र जुझार सिंह वहां पहुंचा और गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद करने लगा। आरोप है कि उसने डॉक्टर के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और मां-बहन की गालियां देते हुए डराने-धमकाने लगा। डॉ. सेंगर का कहना है कि आरोपी ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि ÷तुम मुझे नहीं जानते तुम्हारी डाक्टरी अभी खूब चल रही है÷ और इसके बाद जबरन उनकी जेब से 10,000 रुपये निकाल लिए। इतना ही नहीं आरोपी ने एक सप्ताह के भीतर 10 लाख रुपये देने की मांग करते हुए धमकी दी कि यदि रकम नहीं दी गई तो उन्हें और उनके परिवार को गोली मारकर खत्म कर देगा। पीड़ित व्यक्ति द्वारा बताया गया कि इस घटना का प्रत्यक्षदर्शी मकान मालिक सौरभ शर्मा है। बताया जा रहा है जिन्होंने पूरी घटना देखी और सुनी है। घटना के बाद से पीड़ित और उनका परिवार भय के माहौल में जी रहा है। पीड़ित चिकित्सक ने कोतवाली उरई में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की थी जिसके बाद उरई कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तरह से धारा 308(5), 352, 351(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को पकड़ कर जेल भेज दिया है।

# एंटी करप्शन टीम ने 5 हजार की रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक को किया गिरफ्तार

- नक्शा दुरुस्तीकरण के नाम पर शिकायत कर्ता से हुई थी डील, हाईवे स्थित रसोई ढाबा के पास एंटी-करप्शन टीम ने धर दबोचा



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनपद से एक के बाद एक कई भ्रष्टाचारियों को पकड़कर जेल भेजा जा चुका है। लेकिन जिले में तैनात भ्रष्टाचार में लिप्त सरकारी कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज आने का नाम नहीं ले रहे हैं। आज फिर एन्टीकरप्शन टीम ने नक्शा दुरुस्तीकरण के नाम पर पाँच हजार की रिश्वत लेते सदर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक को रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई से सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कम्प मच गया है। फिलहाल एन्टी करप्शन टीम ने आरोपी कानून-गो को गिरफ्तार अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

बता दें कि यह मामला शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के कानपुर सागर हाइवे स्थित अपनी रसोई ढाबा के पास का है। जहाँ एंटी करप्शन टीम ने नक्शा दुरुस्तीकरण के नाम पर शिकायतकर्ता से 5 हजार रूपये की रिश्वत लेते कानून-गो को रंगे हाथों गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। बताया जाता है कि खन्ना थानाक्षेत्र के छानी कला गाँव के रहने वाले मानवेन्द्र सिंह उर्फ़ संदीप ने छानी कला मौजे में स्थित अपनी जमीन की नाप और नक्शा दुरुस्तीकरण के लिए जिलाधिकारी न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया था। नक्शा दुरुस्तीकरण के लिए क्षेत्रीय कानून-गो ओमप्रकाश निगम के पास मामले की फाइल पहुंची जिस पर ओमप्रकाश ने शिकायतकर्ता मानवेंद्र सिंह उर्फ़ संदीप से संपर्क कर फाइल में दस्तख्त करने के नाम पर 10 हजार रूपये की डिमांड कर डाली। कानून-गो द्वारा की गई वेवजह की डिमांड से परेशान पीड़ित किसान द्वारा मामले की शिकायत एन्टी करप्शन टीम बाँदा से दर्ज करा कार्यवाही करने की माँग की गई। इसी दौरान शिकायतकर्ता किसान ने कानून-गो से मोलभाव कर पाँच हजार रूपये में मामला फिक्स कर लिया। शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम द्वारा बिछाए गए जाल के तहत सदर तहसील में तैनात कानून-गो ओमप्रकाश निगम को शहर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर सागर हाईवे स्थित अपनी रसोई ढाबा के पास बुलाया गया जहां शिकायतकर्ता किसान ने जैसे ही कानून-गो को पैसे दिए तभी एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर कबरई थाने में ले जाकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। डेढ़ माह के अंतराल में रिश्वत लेने के आरोप में सीएमओ कार्यालय में तैनात कार्यक्रम मैनेजर के बाद शुक्रवार को सदर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक की गिरफ्तारी ने जनपद में फैले भ्रष्टाचार को सामने लाकर रख दिया।

## कर्मचारियों ने सामूहिक शिकायत पत्र देकर चेयरमैन-सचिव 'मिशन' पर लगाए आरोप



**समृद्धि न्यूज,कुलपहाड़/महोबा।** चर्च ऑफ क्राइस्ट कुलपहाड़ (मिशन) में कार्यरत करीब दो दर्जन चौकीदार कर्मचारियों ने थाना समाधान दिवस में सामूहिक रूप से शिकायत पत्र देकर चेयरमैन व सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि संस्था में आंतरिक विवाद के चलते उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है और काम से निकालने की धमकी दी जा रही है। शिकायत में यह भी आरोप है कि चेयरमैन और सचिव द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें रोजगार से वंचित होने से बचाया जाए। इस संबंध में थाना समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने 1 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित टीम उपनिरीक्षक कन्हैयालाल पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 1 नफर वारण्टी अभियुक्त रूप्पू उर्फ कृष्णकान्त अरजरिया पुत्र जगदीश अरजरिया निवासी ग्राम हिलुवा थाना श्रीनगर जनपद महोबा सम्बन्धित केस नं0 216/2021 अ0सं0 35/2021 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट व केस नं0 164/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त को ग्राम हिलुवा थाना श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

- सकुशल व निष्पक्ष परीक्षा सम्पन्न कराने को सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा जनपद में आयोजित हो रही होमगार्ड भर्ती परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की सुगम प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग, बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए, साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। जनपद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा समन्वित रूप से कार्य करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## करोड़ों रुपये लागत की सीसी रोड का चेयरमैन ने किया उद्घाटन



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने 10 सीसी रोड का ताबड़तोड़ उद्घाटन कर जनता को सौंपा। इस दौरान वार्ड नंबर 14 आबू नगर में नेहा देवी के मकान से रवि कुमार के मकान तक नाली व सीसी रोड का उद्घाटन किया यह रोड 15 मीटर है। वार्ड नंबर 14 आबू नगर उत्तरी तांबेश्वर नगर में शांति भूषण के मकान से राम बहादुर व राम लखन के मकान से छंगू के मकान तक नाली व सीसी रोड का उद्घाटन किया। 130 मी रोड रही जिसकी कीमत 950000 थी। वार्ड नंबर 16 अस्ती में 50 नंबर पुल के नीचे दाएं सर्विस लेन में पुल के आरंभ तक 270 मी रोड का उद्घाटन किया। इसकी कीमत 990000 थी। तो वार्ड नंबर 7 हरिहरगंज में असलम के मकान से हीरामणि तक नाली और सीसी रोड का उद्घाटन किया। इसकी कुल लंबाई 180 मी और इसकी कीमत लगभग 11 लख रुपए थी। वार्ड नंबर 5 गढीवा में राजेश केसरवानी के मकान से पप्पू जायसवाल के मकान तक की 105 मीटर सीसी रोड का उद्घाटन किया इसकी कीमत 930000 थी। वार्ड नंबर 3 बक्शपुर में गाजीपुर मार्ग से राहुल यादव व नीतू यादव के मकान तक 207 मीटर सीसी रोड का उद्घाटन किया जिसकी कीमत 11 लाख 20000 थी।वार्ड नंबर 8 झाऊपुर नई बस्ती में विनोद कुमार यादव के मकान से नीलम सिंह के मकान तक नाली व सीसी रोड का उद्घाटन किया जिसकी लंबाई 70 मीटर व कीमत 7 लाख 10000 थी। वार्ड नंबर 9 रामगंज पक्का तालाब भिटोरा रोड से अजय सिंह के मकान तक 120 मी रोड की कीमत 10 लाख 30000 थी तो वहीं वार्ड नंबर एक अजगवां शांति नगर अयोध्या कुटी के पास धीरेंद्र यादव के मकान से उदित के मकान तक रोड का उद्घाटन किया जिसकी कीमत 15 लाख 70 हजार रुपए थी। वार्ड नंबर 8 झाऊपुर रमवा रोड से पुलिया तक डामरीकरण का कार्य किया गया। जिसकी लंबाई 165 मीटर और कीमत 350000 थी। इस तरीके से लगभग एक करोड़ की लागत की रोडो का उद्घाटन राजकुमार मौर्य ने किया। वही जगह-जगह उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने कहा उनकी कोशिश है कि तमाम वार्डो को रोड़ों के माध्यम से मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए ताकि लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज में यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज पनी एवं बिपिन राज कान्वेंट में यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया स सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरन ने मेधावियों को माला पहनाकर मुँह मीठा कराया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा स समारोह में विद्यालय की संरक्षिका अनुराधा गुप्ता एवं उपासना शरन ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की प्रियंका सोनी, गुलनाज, इशिका सोनी, वैभवी मिश्रा, जोया, अल्फिया, बुसरा अजीज, इनिमा सहित छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमउद्दीन सिद्दीकी का हुआ जोरदार स्वागत



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** फतेहपुर पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमउद्दीन सिद्दीकी का जगह-जगह स्वागत किया गया इस दौरान बिंदकी बस स्टॉप के पास लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आजम खान के आवास में मीडिया से रूबरू होते हुए नसीमउद्दीन सिद्दीकी ने कहा पीडीए के संकल्प को लेकर जिस तरीके से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कार्य कर रहे हैं जनता उनके साथ आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में खड़ी नजर आएगी। इस दौरान जब उनसे पूछा गया की बार-बार चुनाव आयोग पर और सत्ता पक्ष के लोगों पर विपक्ष ठीकरा फोड़ रहा है तो इन हालातो में 2027 में किस तरीके से चुनाव जीतेंगे तो उन्होंने कहा यह हमारी पॉलिसी है इसको हम मीडिया के सामने नहीं प्रस्तुत कर सकते लेकिन इतना जरूर कहेंगे कि जिस तरीके से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सभी को साथ लेकर कार्य कर रहे हैं आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता अखिलेश यादव के पक्ष में खड़ी नजर आएगी। इस दौरान जहानाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष सैयद आबिद हसन ने नसीमउद्दीन सिद्दीकी का प्रतीक चिन्ह देकर अंग वस्त्र भेंट कर व 51 किलो की माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया तो वहीं कुछ देर आबिद हसन के साथ जिले की राजनीतिक हलचल के बारे में भी नसीमउद्दीन सिद्दीकी ने गुफ्तगू किया। वही स्वागत से गदगद नसीमउद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि अब तक तमाम जनपदों में वह जा चुके हैं लेकिन जिस तरीके से फ्तेहपुर में उनका स्वागत किया गया है वह फ्तेहपुर के समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव के भी आभारी हैं।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का लिया जायजा



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कलेक्ट्रेट स्थित अभिलेखागार, भूलेख, बंदोबस्त चकबंदी कार्यालय का निरीक्षण कर जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अभिलेखागार में मुआयना रजिस्टर, दस्तावेज/मूल बैनामा वापसी रजिस्टर, सहायक अभिलेखपाल माल(पत्रावली), दाखिल दफ्तरी, भूलेख में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना पत्रावली, संबंधित कर्मचारियों के सर्विस रिकॉर्ड, बंदोबस्त चकबंदी कार्यालय में वादों के निस्तारण व की जा रही चकबंदी ग्रामों की पत्रावली आदि कार्यालय के रिकॉर्ड्स को देखा और कहा कि जिन रैकों में पत्रावली रखी गई है उन रैकों पर बाहर फ्लैक्सी लगाकर सभी पत्रावलियों को अंकित किया जाय, साथ ही नक्शे अभी तक डिजिटलीकरण नहीं है, को जल्द से जल्द करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के जो आवेदन प्राप्त हुए है उनका तहसील स्तर एवं जनपद स्तर से पत्रावलियों का सत्यापन कराकर आवेदनों का निस्तारण करते हुए संबंधित को लाभान्वित कराए। चकबंदी वादों का भी निस्तारण समय से कराए। उन्होंने कहा कि फाईलों/पत्रावलियों का सही से रख रखाव किया जाय।

ई-ऑफिस के माध्यम से पत्रावलियों का आदान-प्रदान पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) डॉ अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## बिना दहेज रचे गए कई विवाह, समाज को दिया सख्त संदेशः 'शादी सौदा नहीं, संस्कार है'

**संडीला/हरदोई समृद्धि न्यूज**



संडीला क्षेत्र में दहेज प्रथा के खिलाफ एक मजबूत सामाजिक पहल सामने आई है। जय मां दुर्गा आदर्श दहेज रहित विवाह समारोह के तहत कई जोड़ों ने बिना दहेज के सात फेरे लेकर समाज को साफ संदेश दिया कि शादी किसी लेन-देन का सौदा नहीं, बल्कि संस्कार और परंपरा का पवित्र बंधन है। कार्यक्रम ने दहेज जैसी कुरीति पर सीधा प्रहार करते हुए लोगों को सोच बदलने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और इस पहल को समाज सुधार की दिशा में अहम कदम बताया। कार्यक्रम में अजय सिंह आदिय ने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप बन चुकी है, इसे खत्म करने के लिए हर वर्ग को आगे आना होगा। वहीं डॉ. अश्वनी सिंह ने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और दहेज मुक्त समाज के निर्माण में भागीदार बनें। पूर्व विधायक की पुत्रवधू शिल्पा अग्रवाल ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर आशीर्वाद दिया और उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। समाजसेविका गुरु रेखा किन्नर ने भी जोड़ों को उपयोगी सामग्री वितरित कर सामाजिक समरसता और सहयोग का संदेश दिया।

**आयोजन में इनकी रही अहम भूमिका**

समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता,उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता, महामंत्री सत्यम गुप्ता और कोषाध्यक्ष पत्रकार प्रियदर्शी गुप्ता ने पूरे कार्यक्रम का संचालन संभाला। मंच संचालन मुकेश गुप्ता (मोनी भइया) ने किया। प्रचार-प्रसार में राम जी और अरुण गुप्ता सक्रिय रहे।सदस्य के रूप में अजय,धीरज,अभिषेक,अमन सहित अन्य लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

**आगे भी जारी रहेगा अभियान**

आयोजकों ने बताया कि यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अभियान है, जिसे आगे भी जारी रखा जाएगा। अगले वर्ष इसे और बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना है।

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रवेशोत्सव व ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**हरदोई समृद्धि न्यूज।** शनिवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हरदोई के प्रांगण में बाल वाटिका-3 और कक्षा एक के नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 'प्रवेशोत्सव' एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्राचार्य और अभिभावकों के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके तुरंत बाद संगीत शिक्षक श्री सत्येंद्र शंकर के कुशल निर्देशन में विद्यालय के छात्रों द्वारा एक अत्यंत मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने नवागंतुक बच्चों और उनके अभिभावकों का आत्मीय अभिनंदन किया। ओरिएंटेशन सत्र के दौरान पुस्तकालय अध्यक्ष श्री आदेश कुमार और वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षक श्री अंकित सोलंकी ने संयुक्त रूप से अभिभावकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (हश्वक्र2020) के अंतर्गत 'विद्या प्रवेश' कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह 12 सप्ताह का एक विशेष खेल-आधारित स्कूल तैयारी मॉड्यूल है, जिसे 'निपुण भारत' मिशन और हृष्टस्न-स्नस्र के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के भाषाई विकास, संज्ञानात्मक कौशल और सामाजिक-भावनात्मक विकास पर ध्यान केंद्रित करना है, ताकि घर से औपचारिक स्कूली शिक्षा में उनका प्रवेश सहज और आनंदमय हो सके। विद्यालय के प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में विद्यालय के प्रशासनिक ढांचे और शैक्षणिक उत्कृष्टता पर चर्चा करते हुए अभिभावकों से विशेष सहयोग की अपील की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय और अभिभावकों का एक साथ मिलकर काम करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने साझा किया कि यह साझेदारी ही बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव रखेगी, जिससे वे न केवल अच्छे विद्यार्थी बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इसी क्रम में प्राचार्य महोदय ने सभी नव-प्रवेशित बच्चों को 'वेलकम किट' भी भेंट की, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के समापन चरण में एक विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें नव-प्रवेशित छात्रों और उनके अभिभावकों ने बड़े उत्साह के साथ पौधे रोपे।

# प्रकाश इण्टर कालेज के मेधावियों का हुआ सम्मान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



तहसील मुख्यालय स्थित प्रकाश इंटर कॉलेज में सोमवार को विद्यालय के प्रबंधक आरपी यादव एवं संरक्षक पंकज यादव द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षा में विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी, विद्यालय के प्रबंधक आर पी यादव, संरक्षक पंकज यादव ने सील्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर एवं माल्यार्पण कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं में हाईस्कूल के छात्र छात्राओं में युवराज सिंह 93 प्रतिशत, हिमांशी 91, अस्तित्व दीक्षित एवं अंबरीश प्रभात 90, अंकित यादव 89 नारायणी यज्ञसेनी 89.1, श्यामू गुप्ता 87.2, अनामिका राजपूत 85.3, रोहित 85.02, आर्या पाठक 84,रिशु रावत 83.4 ,कुलदीप कुमार 83.3,5 गुड़िया 83, आराध्या सिंह व वैष्णवी लकी एवं सूर्यासी सिंह 82, अमित कुमार व मांडवी 81, युवराज चौरसिया अंशिका एवं शगुन कनौजिया 80 प्रतिशत के अलावा इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रिंस सिंह 91, मोहम्मद सुफियान 85.2, आराधना सिंह 85 प्रशांत मिश्रा 84. 01, आरुषि यादव 84, समीक्षा राजपूत 83 दानिश आलम 81.8, प्रिया शुक्ला 81.7, लक्ष्मी सिंह 80.7 अंकित साहू 80.6 आयुषी शुक्ला कला वर्ग 80 .5 वैष्णवी पांडे, 80.5 महक कनौजिय कला वर्ग एवं ज्ञानेंद्र कुमार 80 प्रतिशत शामिल है। अतिथियों ने अपने संबोधन में होनहार छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। यदि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार मेहनत और लगन के साथ काम किया जाए तो कोई मंजिल ऐसी नहीं है जिसे हासिल ना किया जा सके।

समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य पी एन पांडे, अनुराग पांडे, दीपचंद शर्मा, विजय शंकर, प्रभारी सौरभ दीक्षित, अतुल शुक्ला,अंकुर त्रिपाठी, अरुण यादव, देवी प्रसाद, डीपी सर, अरविंद यादव, प्रदीप यादव, विकास सिंह,रामकुमार, वंदना श्रीवास्तव, गौरव सिंह, शुभम मिश्रा, सौम्या मिश्रा, आरएस सर, वर्मा जी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने लिया संजय सेतु मरम्मत कार्य का जायजा

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस प्रमुख अर्पित विजय वर्गीय ने समाधान दिवस के बाद सरयू नदी के संजय सेतु पर चल रहे ज्वाइंट रो के मरम्मती करण एंव नवीनीकरण का जायजा लिया।उन्होने पीपा पुल पर पर्याप्त प्रकाश सुरक्षा और आवागमन मे बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदार अधिकारियो को निर्देश दिये।

उन्होने राष्ट्रीयराज मार्ग 28 सी पर स्थित संजय सेतु के मरम्मतीकरण कार्य के प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित समय सीमा मे पूर्ण करने की हिदायत दी। अधिकारियो ने सरयू नदी मे प्रस्तावित खनन स्थल का भी स्थलीय निरीक्षण किया तथा मार्ग व अप्रोच मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओ की जानकारी ली। नेशनल हाईवे पर स्थित सरयू नदी के संजय सेतु से होकर भारी आवागमन के दबाव को देखते हुए पुल पर यातायात संचालन को सुव्यवस्थित बनाए रखने वाहनो के गति को नियंत्रित रखने अनावश्यक जाम की स्थिति न बनने पाये जिस पर बराबर निगाह बनाये रखने को कहा।धूल की समस्या को देखते हुए नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती ड्यूटी प्वाइंट्स की सक्रियता तथा चौबीसों घंटे निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गये। डीएम ने कहा कि संजय सेतु मरम्मत कार्य के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस मौके पर उपजिलाधिकारी आनन्द कुमार तिवारी, सीओ गरिमा पंत,तहसीलदार विपुल कुमार सिंह,नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी,कोतवाल अरुण प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या मे अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कायाकल्प टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण, मिली खामियां

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में आज कायाकल्प टीम ने अचानक पहुंचकर अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहन और सख्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, ईटीसी वार्ड, पैथोलॉजी कक्ष, जनरल वार्ड, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर और औषधि भंडारण कक्ष की बारीकी से जांच की गई। टीम में लखनऊ से आए कैंसर सोसायटी के डायरेक्टर राजेश यादव समेत अन्य सदस्य शामिल रहे। करीब दो घंटे तक चले इस निरीक्षण में अस्पताल की साफ–सफाई, व्यवस्थाओं और सेवाओं की गुणवत्ता को परखा गया। जांच के दौरान टीम ने कई खामियों की ओर इशारा करते हुए सुधार के निर्देश दिए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र ने स्पष्ट कहा कि निरीक्षण में सामने आई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द दूर किया जाएगा और अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाएगा।

# तेलंगाना पुलिस की सूचना पर बाराबंकी पुलिस ने कब्जे में लिया ट्रक

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब तेलंगाना पुलिस की सूचना पर रामसनेहीघाट पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक को बरामद कर लिया। कार्रवाई इतनी तेजी से हुई कि पुलिस के पहुंचने से ठीक पहले चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। जानकारी के अनुसार, तेलंगाना पुलिस ने एक लापता ट्रक को लेकर अलर्ट जारी किया था। सूचना मिलते ही रामसनेहीघाट पुलिस सक्रिय हो गई और हाईवे किनारे संभावित ठिकानों पर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया। इसी दौरान मुनमुन ढाबे के पास खड़ा एक ट्रक पुलिस के शक के दायरे में आया। पुलिस टीम ने जब ट्रक की गहन जांच की तो खुलासा हुआ कि यही वह वाहन है जिसकी तलाश तेलंगाना पुलिस को थी। लेकिन जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, चालक हालात भांपकर ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। चालक के इस दुस्साहसिक तरीके से भागने पर पुलिस भी कुछ देर के लिए सकते में आ गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया है और मामले की जांच तेज कर दी गई है। फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी जा रही है। कोतवाल दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि मामले में तेलंगाना पुलिस से लगातार समन्वय बनाया जा रहा है। साथ ही, ढाबे और हाईवे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

दिनदहाड़े हाईवे पर हुई इस कार्रवाई ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं पुलिस की सक्रियता से एक बड़ा मामला खुलने की संभावना भी जताई जा रही है।

# डीएम-एसपी ने सुनीं समाधान दिवस मे लोगों की समस्याएं



**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना रामनगर के परिसर मे आयोजित समाधान दिवस मे जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और पुलिस प्रमुख अर्पित विजयवर्गीय ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याओ को सुनकर तय समय में उनके गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये।समाधान दिवस में दर्ज हुई कुल बारह शिकायतो मे एक का निस्तारण मौके पर किया गया।उन्होने समाधान दिवस में पहले के निस्तारित मामलों की समीक्षा करते हुए शासन की मंशा के अनुरुप सभी प्रकरणो को तय समय मे गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आला अधिकारी द्वय का कहना था कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गांवों मे लगी आग से गृहस्थी जलकर खाक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में शनिवार दोपहर को दो अलग-अलग गांवों में आग लगने से हजारों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।मसौली थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव में गैस सिलेंडर लीकेज से एक छप्पर जल गया, जबकि बदोसराय थाना क्षेत्र के रायगंज डेरा में छप्पर के मकान और घूर गड्ढे में आग लगी।

पहली घटना सिरौलीगौसपुर तहसील के दरवेशपुर गांव में हुई। यहां जानकी देवी पत्नी जगजीवन गौतम के घर में गैस सिलेंडर लीकेज के कारण आग लग गई। इस अग्निकांड में उनका पूरा घर जलकर राख हो गया।आग से घर में रखी ठेलिया, कपड़े और अनाज पूरी तरह जल गए। गृहस्थी का सारा सामान खाक हो गया, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ।दूसरी घटना बदोसराय थाना क्षेत्र के रायगंज डेरा में सामने आई। यहां माया पत्नी दिलीप के छप्पर के मकान और घूर गड्ढे में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची।दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आग में माया के मकान में रखा गृहस्थी का सामान जल गया। हालांकि, फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।फायर ब्रिगेड के प्रभारी रामसनेही ने बताया कि रायगंज के पास लगी आग की सूचना मिलते ही टीम ने तुरंत पहुंचकर आग बुझाई लगातार हो रही अग्निकांड की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं। पीड़ितों ने प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने जानकारी दी कि नुकसान का आकलन करने के लिए लेखपाल को मौके पर भेजा गया है।

# ड्यूटी के दौरान जवान की मौत पैतृक गांव पहुंचा पार्थिव शरीर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब सीआरपीएफ के हवलदार गंगाप्रसाद उम्र 56 वर्ष का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के सराय हृदयशाह स्थित आवास पहुंचा। गंगा प्रसाद जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी पर तैनात थे, जहां अचानक तबीयत बिगड़ने से उनका निधन हो गया। उनका शव तिरंगे में लिपटा सैन्य वाहन से गांव लाया गया, जिसे देखकर परिजन और ग्रामीण भावुक हो उठे। गंगा प्रसाद वर्ष 1992 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे और लंबे समय से देश की सेवा में समर्पित रहे। बृहस्पतिवार को ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हुई। सहकर्मियों ने तत्काल उन्हें सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शुक्रवार को सीआरपीएफ के एसआई जेबी सिंह पार्थिव शरीर लेकर उनके आवास पहुंचे। रामगंज त्रिसुंडी के असिस्टेंट कमांडर अभिषेक यादव सहित अन्य सैन्य कर्मियों ने पूरे सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और परिचित अंतिम दर्शन के लिए उपस्थित रहे। परिवार में पत्नी राजकुमारी, बेटियां कर्मा व गायत्री तथा बेटे अजय व विजय हैं। बेटे अजय ने बताया कि बुधवार रात पिता से फोन पर बात हुई थी और उन्होंने जल्द घर आने की बात कही थी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, साथी घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिले से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। भेटुआ ब्लॉक के संड़िला गांव निवासी 30 वर्षीय अखिलेश शर्मा की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा रामपुर के मिलक हाईवे पर हुआ, जहां वह अपने एक मित्र के साथ जा रहे थे। हादसे में अखिलेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका मित्र गंभीर रूप से घायल है।

शुक्रवार देर रात पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार को गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सबसे दुखद बात यह है कि अखिलेश की शादी को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ था। अखिलेश परिवार के इकलौते सहारा थे।

# सीडीओ ने दिए मेन्यू से पौष्टिक भोजन देने के निर्देश



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने विकासखंड गौरीगंज स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का सायंकालीन औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा, खान-पान और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह और वार्डन अंजू सिंह मौजूद रहीं।

विद्यालय में 94 छात्राओं के नामांकन के सापेक्ष निरीक्षण के समय 64 छात्राएं उपस्थित मिलीं। वार्डन सहित कुल 8 अध्यापिकाएं कार्यरत पाई गईं। सीडीओ ने छात्रावास कक्ष, भोजनालय, स्टॉक रूम और पूरे परिसर की स्वच्छता का बारीकी से निरीक्षण किया। खाद्य सामग्री के रखरखाव और गुणवत्ता की जांच करते हुए मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कंप्यूटर लैब में ऑनलाइन कक्षाएं ले रहीं छात्राओं रचना, विभा और प्रिया से सीधा संवाद कर फीडबैक लिया। छात्राओं ने बताया कि नाश्ते में चना-चाय तथा भोजन में दाल-चावल, रोटी और कद्दू की सब्जी मिली, जिसकी गुणवत्ता संतोषजनक है। संगीत कक्ष में प्रशिक्षण ले रही छात्राओं ने भी शिक्षा और भोजन व्यवस्था की सराहना की।

सीडीओ ने परिसर में स्थित ओपन जिम में खेल रही छात्राओं को देखकर प्रसन्नता जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्राओं की सुरक्षा, बेहतर भोजन, नियमित पढ़ाई और मानसिक-तार्किक विकास हेतु गतिविधियां निरंतर कराई जाएं।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने आया अभ्यर्थी हुआ परीक्षा केन्द्र पर बीमार, एसपी ने पहुंचाया अस्पताल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. होमगार्ड परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके के सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील थे। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाक्षेत्र मुंशीगंज अन्तर्गत रणवीर इन्टर कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा था कि इसी दौरान जनपद सुलतानपुर से परीक्षा देने आया एक अभ्यर्थी अचानक अस्वस्थ हो गया। एसपी द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अस्वस्थ अभ्यर्थी को तत्काल अपने वाहन से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा युवक का उपचार किया गया। वर्तमान में युवक की स्थिति सामान्य है। एसपी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर पेयजल व प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# परिवार नियोजन कार्यक्रम में समन्वय जरूरी : डॉ. धीरज मिश्रा

**गोंदलामऊ सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



खंड विकास अधिकारी कार्यालय में परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुँच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में सभी विभागों के साथ खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक की गयी। इस बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग (नोडल विभाग), पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग (बेसिक कार्यालय एवं इन्टर कॉलेज), आई.सी.डी.एस., की प्रतिभागिता रही। बैठक में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया से सविता पांडेय ने सभी का स्वागत करते हुए उम्मीद परियोजना के अंतर्गत जरवल ब्लॉक में चलाए गये बाल विवाह के विरुद्ध अभियान एवं कार्यक्रम की प्रगति को साझा किया। इस मौके पर डॉ धीरज मिश्रा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोंदलामऊ ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफ़लता के लिए सभी विभागों का समन्वय आवश्यक है, उन्होंने कहा कि किशोर स्वास्थ्य के अंतर्गत विद्यालयों में दी जा रही सेवाओं के बारें में भी चर्चा की जा सकेगी। कार्यक्रम में आगे बताते हुए सविता पांडेय एवं हेमेंद्र चौबे ने बताया कि उम्मीद परियोजना का उददेश्य जनपद में, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना करना, और समुदायों के बीच परिवार कल्याण जागरूकता और स्वीकृति बढ़ाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संदीप कुमार खंड विकास अधिकारी, डॉक्टर धीरज मिश्रा, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ अपर शोध अधिकारी गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की दिलाई शपथ



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर में शनिवार को मलेरिया दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई गई और लोगों को बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल ऑफिसर डॉ. देव प्रताप सिंह ने की। उन्होंने बताया कि मलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसे जागरूकता और साफ–सफाई के माध्यम से प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है।डॉ. देव प्रताप सिंह ने मलेरिया से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर और गमलों का पानी हफ्ते में एक बार बदलें, रात में मच्छरदानी का प्रयोग करें और बुखार आने पर तुरंत खून की जांच कराएं बीसीपीएम शैलेश रावत और काउंसलर अनूप जैसवाल ने सीएचसी स्टाफ और उपस्थित लोगों को मलेरिया मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई। सभी प्रतिभागियों ने अपने घरों और मोहल्लों को मच्छर मुक्त रखने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम में सीएचसी का समस्त स्टाफ, आशा कार्यकत्री और आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेट भी वितरित किए।

# दानवीर आए आगे, पैंतीस हजार का हुआ कन्यादान

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



**▶ वानर सेना द्वारा किया गया बीस हजार का कन्यादान**

गरीब बेटी की शादी में जब आगे आए समाजसेवी दैनिक समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र के एवं महाराजगंज खबर के अध्यक्ष सन्तोष सिंह चौहान द्वारा सोशल मीडिया एस एस न्यूज फेसबुक पेज पर अमावां विकासखंड एवं चन्दापुर थाना क्षेत्र के ओया गांव की एक बुजुर्ग महिला जिसके पुत्रों का देहांत हो चुका है पति का देहांत हो चुका है रामरती पत्नी स्वर्गवासी राम लखन की एक पुत्री जिसका नाम बबली है उम्र लगभग 19 वर्ष काफी ग़रीबी और निर्धनता में जीवन यापन कर रही है 7 मई को शादी होनी है वहीं पत्रकार सन्तोष सिंह चौहान द्वारा 18 अप्रैल को चलाए गए वीडियो पर जहां वानर सेना ने संज्ञान लेते हुए 21 अप्रैल को पत्रकार संतोष सिंह चौहान के माध्यम से बेटी की मां से फोन पर बात की और दिनांक 24 अप्रैल को अपने कहे अनुसार बबली के घर पहुंच कर 20000 बीस हजार नगद का कन्यादान किया जिला अध्यक्ष धीरज सिंह चौहान अभय सिंह केपी सिंह हर्षित सिंह आदि पदाधिकारियों द्वारा मदद की गई और हर संभव अन्य मदद की बात कही गई। तो वहीं सोशल मीडिया पर ही लोगों ने पैसे देने की बात की जिस पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक यादव का नंबर लगाया गया समाजसेवियों द्वारा लगभग 10 से 12000 हजार दिया गया वहीं पूर्व ग्राम प्रधान पुत्तन सिंह पाली विकास खंड महराजगंज द्वारा एक टीना तेल कन्यादान के रूप में दिया गया। मां और बेटी ने बताया कि अपने गांव के ही अवधेश सिंह से बताया कि बेटी की शादी नहीं हो पा रही है वही उनके द्वारा पत्रकार संतोष सिंह चौहान को बुलाया गया जिस पर उन्होंने खबर चलाई और मेरी बेटी की शादी 7 मई को है पत्रकार के माध्यम से लगभग मुझे 35000 पैंतीस हजार की सहायता प्रदान हुई है।

## डीएम-एसपी की अध्यक्षता में थाना दिवस आयोजित

**सीतापुर , समृद्धि न्यूज।** सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना खैराबाद में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राजस्व से संबंधित विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवादों के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील मामलों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी की जाए।

# होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा सम्पन्न

**आयोजित परीक्षा में 7008 अभ्यर्थियों में 5121 उपस्थित एवं 1887 रहें अनुपस्थित**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ एवं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने जनपद में 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को आयोजित की जा रही होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आज की आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 3504 अभ्यर्थियों में से 2549 अभ्यर्थी उपस्थित व 955 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 3504 अभ्यर्थियों में से 2572 अभ्यर्थी उपस्थित व 932 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनो पालियों में कुल 7008 अभ्यर्थियों में से 5121 अभ्यर्थी उपस्थित व 1887 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थियों के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाए की गई है, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी की गई।

# सुख-दुख के साथी हैं पूर्व विधायक राकेश सिंह

**खीरों समृद्धि न्यूज़।**



खीरों क्षेत्र के ग्राम ऐंधी में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। झोपड़ी में लगी भीषण आग में तीन वर्षीय मासूम आदित्य पासवान की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया जा रहा है कि आदित्य की मां रश्मी खाना बनाकर बाजार के लिये निकलीं ही थी की आधे रास्ते पहुँचते ही जानकारी मिली की, चूल्हे से निकली एक छोटी सी चिंगारी ने देखते ही देखते पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। उस समय मासूम आदित्य अंदर चारपाई पर सो रहा था। आग इतनी तेजी से फैली कि उसे बाहर निकालने का मौका नहीं मिल सका। बड़ा भाई किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर भागा और शोर मचाया, लेकिन जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले रामसुमेर के लिए उसके पूरे जीवन की खुशियाँ ही झोपड़ी में चिता बनकर जल गई। इस दर्दनाक हादसे ने न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि सिस्टम की लापरवाही पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राकेश सिंह ने तत्काल उप जिलाधिकारी लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी को फोन कर मौके पर पहुंचने और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे और लेखपाल से नुकसान का आकलन कराया। उन्होंने मासूम की मौत पर गहरा दुख जताते हुए 24 घंटे के भीतर चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने तथा एक बीघा के अंदर जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। साथ ही अन्य नुकसान का भी आकलन कर रिपोर्ट तैयार कराई गई। उन्होंने कहा कि मेरी आर्थिक सहायता इस बड़े दुख को कम नहीं कर सकती, लेकिन परिवार को आगे आने वाली समस्याओं से लड़ने में सहारा जरूर देगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# छात्र-छात्राओं ने मचाया फेयरवेल पार्टी में धमाल

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

- साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हुआ आयोजन
- जया राजपूत को मिस फेयरवेल व अभय शुक्ला को चुना गया मिस्टर फेयरवेल




डॉ जितेन्द्र सिंह व डॉ अनीता रंजन द्वारा संचालित साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया। इस मौके पर जया राजपूत को मिस फेयरवेल व अभय शुक्ला को मिस्टर फेयरवेल चुना गया।

बीफार्मा 2023 बैच के छात्र छात्राओं द्वारा आयोजित इस समारोह में बीफार्मा 2022-26 में उत्तीर्ण होने वाले बैच के छात्र/छात्राओं ने विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि औषधि निरीक्षक डॉ परिमेश द्विवेदीने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि यह जीवन का एक पड़ाव है, ऐसे बहुत सारे पड़ाव को पार करके आगे जाना है और सभी पडाव से सीख लेते हुए अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाना है। प्राचार्य डॉ अर्पित कटियार ने कहा कि यह विदाई दिवस विद्यार्थियों में नई जिम्मेदारी का एहसास कराने वाला भी होना चाहिए। उन्होंने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की इस समारोह मेंअविरल वाजपेयी एवं प्रिया सिंह को बेहतरीन एंकरिंग के लिए अवार्ड दिया गया। परफॉमेन्स ऑफ द डे का अवार्ड कुनाल गुप्ता, नयन्सी गुप्ता, श्रेष्ठ कटियार व अविदा को दिया गया। प्रोग्राम प्रबन्धन व सजावट के लिए सुमित, आशुतोष, अनिकेत, अतुल, आकांक्षा सिंह, आकाश रंजन तथा अंशिका एवं ग्रुप को अवार्ड दिया गया। छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में बिताये अपने पुराने स्वर्णिम दिनों को याद किया। कार्यक्रम में श्रीमती रश्मी सिंह, श्रीमती खुशबू वर्मा, उमांश नारानयण अवस्थी, सुश्री शर्मिला मौर्य, अरुण कुमार, अनुज कुमार, शिवाकांत, श्रीमती निशा यादव, सुश्री अनुरागिनी, श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, मो. अफ्फान अहमद, डॉ सुधीर कुमार बघेल (प्राचार्य लॉ कॉलेज), राहुल शाक्य, मनोज कुमार, दीपक प्रजापति, अलशिफा सिद्दिकी, सुजाता शाक्य, काजल त्रिपाठी, अराफात हुसैन, रोनी विस्वास, अनिरुद्ध यादव, राम भजन, अजय कुमार, शिशुपाल सिंह, सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# मानव एकता दिवस पर 30 महात्माओं ने किया रक्तदान

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

- संत निरंकारी भवन में हुआ शिविर का आयोजन



नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कानपुर से आए पूज्य महात्मा संजय निर्मल, ब्रांच के मुखी राजकुमार गुप्ता एवं संचालक मनीष कुमार शाक्य ने सिमरन करवाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। निरंकारी मिशन पिछले 40 वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन 24 अप्रैल को पूरे भारतवर्ष की सभी ब्रांचों पर करता आया हैं। सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने कहा था कि रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं। उन्हीं की शिक्षाओं से प्रेरित होकर शिविर में 30 महात्माओं ने रक्तदान किया जिसमें गुरसहायगंज से 10 तथा छिबरामऊ से 20 महात्मा शामिल रहे। रक्तदान की शुरुआत महात्मा रोहित वर्मा व सलमान ने की जो कि हिंदू मुस्लिम की एकता और अखंडता की मिसाल है। अन्त में कानपुर से आए पूज्य महात्मा संजय निर्मल जी ने सभी महात्माओं को आशीर्वाद प्रदान किया तथा मुखी राजकुमार गुप्ता , संचालक मनीष कुमार शाक्य और शिक्षक संतोष कुमार ने जिला चिकित्सालय की टीम का धन्यवाद किया।

शिविर में मोहित कुमार, मोहिनी , बिट्टन, गुरमीत, लकी वर्मा, विजय, शशी, सीता देवी, कमल सिंह, सुमित, रवि कुमार, शिवम गुप्ता, शिवा गुप्ता, देव गुप्ता, रविंद्र कुमार, मानवी, हेमलता, सरला, सुमित, वर्षा भदौरिया, शिवम यादव, राजबाबू, संगीता, सोनी शाक्य, गीता, सौरभ आदि ने रक्तदान किया। इनके जलपान की व्यवस्था महात्मा शुभम ने की। इस मौके पर सेवादल तथा संगत के सभी महात्मा उपस्थित रहे।

# नवीन मंडी में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



नगर स्थित नवीन मंडी समिति में आज बड़ा प्रशासनिक एक्शन देखने को मिला, जब मंडी सचिव श्रवण कुमार परमार के निर्देश पर जेसीबी मशीन से अवैध अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान मंडी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा और बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि मंडी क्षेत्र में कई दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकानें बना ली गई थीं। प्रशासन द्वारा पहले इन्हें हटाने के लिए नोटिस दिया गया था और स्वयं हटाने के लिए समय भी निर्धारित किया गया था, लेकिन तय अवधि बीतने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद आज मंडी सचिव ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बुलडोजर कार्रवाई कर दी।

वहीं, कुछ व्यापारियों ने इस कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। व्यापारी गुड्डू यादव सहित अन्य लोगों का आरोप है कि सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट, छिबरामऊ द्वारा 7 मई 2026 तक दुकानों को न हटाने का स्टे आदेश दिया गया था, इसके बावजूद प्रशासन ने कार्रवाई की, जो न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। इस पूरे मामले पर मंडी सचिव श्रवण कुमार परमार का कहना है कि व्यापारियों को लगभग दो माह से अधिक समय दिया गया था, लेकिन उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई कानपुर मंडल के उपनिदेशक संजय कुमार के निर्देश पर की गई है। फिलहाल, बुलडोजर कार्रवाई के बाद व्यापारियों और प्रशासन के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है जिससे मामला और गरमा सकता है।

# महिलाओं के स्वास्थ्य-स्वच्छता पर जागरूकता सत्र आज

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



- अपोलोमेडिक्स और FICCI FLO करेंगे आयोजन
- एच.एम. इंटर कॉलेज, डुण्डवा बुजुर्ग में सुबह 10 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम

ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए FICCI FLO लखनऊ चैप्टर और अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रुखाबाद हाजी तहसीन सिद्दीकी ने दी।

FLO लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन सिमरन साहनी एवं कार्यकारिणी समिति की ओर से यह सत्र 26 अप्रैल रविवार को सुबह 10:00 बजे से एच.एम. पब्लिक स्कूल / एच.एम. इंटर कॉलेज, डुण्डवा बुजुर्ग, कन्नौज* में आयोजित होगा।

ग्रामीण पहल के तहत आयोजन

FLO लखनऊ चैप्टर की ग्रामीण पहल के अंतर्गत आयोजित इस सत्र में महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, माहवारी स्वच्छता, पोषण और सामान्य बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में डॉक्टरों की टीम ग्रामीण महिलाओं को स्वस्थ महिला, स्वस्थ परिवार और बेहतर जीवन के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर जैसे विषयों पर जागरूक करेगी। चेयरपर्सन सिमरन साहनी का संदेश FLO लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन सिमरन साहनी ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी महिलाएं स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर संकोच करती हैं।

हमारा उद्देश्य है कि हर महिला को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए। जब महिला स्वस्थ होगी, तभी परिवार और समाज स्वस्थ होगा। अपोलोमेडिक्स देगा विशेषज्ञ सलाह अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर इस सत्र में महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और जरूरी सलाह भी देंगे। ग्रामीण महिलाओं को मुफ्त में स्वच्छता किट भी वितरित की जा सकती है। सभी महिलाओं से अपील आयोजकों ने डुण्डवा बुजुर्ग और आसपास के गांवों की सभी महिलाओं और किशोरियों से इस जागरूकता सत्र में बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है। कार्यक्रम का विवरणः विषय महिलाओं का स्वास्थ्य एवं स्वच्छता - जागरूकता सत्र दिनांक 26 अप्रैल 2026, रविवार समयः सुबह 10:00 बजे स्थान एच.एम. पब्लिक स्कूल/ एच.एम. इंटर कॉलेज, डुण्डवा बुजुर्ग, कन्नौज आयोजक FICCI FLO लखनऊ चैप्टर एवं अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल यह अभियान तहसीन सिद्दीकी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की जानिब से लगाया जा रहा है।

## मुस्लिम समाज भी गौ सम्मान हस्ताक्षर आवाहन अभियान से जुड़ा



छिबरामऊ, कन्नौज। गौ सम्मान हस्ताक्षर आवाहन अभियान के तहत हाजी मोहम्मद शकील के साथ मुस्लिम समाज के लोग भी इस अभियान से जुड़ रहे हैं। गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु 9067777323 पर मिस्ड कॉल करवाकर जनसंपर्क लगातार जारी है जिसमें भारी समर्थन मिल रहा है। इस दौरान 27अप्रैल 2026 को केंद्र सरकार के नाम तहसील स्तर पर ज्ञापन देने का आवाहन किया गया अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय मैं इस अभियान में सभी से सहयोग की अपील की है।

## खबरें एक नजर में

### बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम किया रोशन



छिबरामऊ, /कन्नौज समृद्धि न्यूज। श्रीमती गंगादेवी चतुर्वेदी सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के भैया बहनों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन कर दिया है। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल, व्यवस्थापक देवेन्द्र सिंह राठौर, अध्यक्ष रामचन्द्र दुबे एवं कोषाध्यक्ष दिवाकर त्रिपाठी ने टॉप फाइव में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। इंटरमीडिएट में तनवी चौहान ने 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रियांशी दुबे 81.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय, आमोद दीक्षित तृतीय, जतिन प्रताप सिंह 80.6 प्रतिशत के साथ चतुर्थ एवं देवांश सिंह 78.8 प्रतिशत अंक पाकर पंचम स्थान पर रहे।

### गणित में 100 अंक पाकर मानवी ने रचा इतिहास

छिबरामऊ। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा मानवी चौहान ने गणित में 100 में 100 अंक प्राप्त कर इतिहास रचा है इसके अलावा हिंदी और अंग्रेजी में भी 95-95 प्रतिशत अंक आए हैं। पिता धीरेंद्र बहादुर सिंह व माता पूनम चौहान ने बताया कि बेटी शुरू से ही मेधावी है।

### अचानक ब्लॉक से रेल यात्री परेशान



कन्नौज, समृद्धि न्यूज। रेलवे ट्रैक पर अचानक ब्लॉक लगने से शनिवार को रेल यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी उस समय हुई जब स्टेशन स्तर पर यात्रियों को सही और स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। बताया गया कि कन्नौज से कासगंज की ओर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन व पैसेंजर ट्रेन अपने निर्धारित समय से दो घंटे से अधिक देरी से पहुंची। ट्रेन के लगातार लेट होने और सही सूचना न मिलने से परेशान यात्रियों में नाराजगी देखने को मिली। कई यात्रियों ने मजबूरी में बस से सफर करना ही उचित समझा। यात्रियों का कहना था कि यदि समय रहते सही जानकारी मिल जाती तो वे वैकल्पिक व्यवस्था पहले ही कर लेते। रेलवे प्रशासन की ओर से समय पर सूचना न दिए जाने को लेकर यात्रियों ने नाराजगी जताई है।

### प्रेमी के साथ मिलकर युवक के अपहरण का आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज। युवक ने छोटे भाई की पत्नी पर प्रेमी के साथ मिलकर उसका अपहरण करने का आरोप लगाया है। भाई की तलाश करने पर महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर मारपीट करने की पुलिस से शिकायत की है। ग्राम खोजीपुर निवासी सोनू ने बताया कि छोटे भाई की शादी थाना तिर्वा के एक गांव निवासी युवती से हुई थी। दोनों के तीन बच्चे हैं। आरोप है कि कुछ दिन बाद भाई की पत्नी के गांव के ही युवक से अवैध संबंध में हो गए। इन संबंधों का विरोध करने पर अक्सर दोनों के बीच वाद-विवाद होने लगा। महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर उसके भाई को गायब करवा दिया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। भाई की तलाश करने के कारण गुरुवार की शाम महिला अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस आई और उसके व परिजनों की पिटाई कर दी। कोतवाल कपिल दुबे ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जनगणना-2027 का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सकुशल संपन्न

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।




नगर पालिका परिषद के सभागार में चल रहा भारत की जनगणना-2027 के पहले चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का 3 दिवसीय प्रशिक्षण तीसरे और आखिरी दिन सकुशल पूरा हो गया। शपथ के साथ हुआ समापन प्रशिक्षण के अंतिम दिन ट्रेनर सुनील सिंह और अतुल कुमार ने सभी सुपरवाइजर और इन्यूमरेटरों को निष्ठा और ईमानदारी से काम करने की शपथ दिलाई। सभी ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि हम जनगणना का काम पूरी ईमानदारी से करेंगे, एक भी घर या परिवार गणना से नहीं छूटेगा और सारी जानकारी गोपनीय रखेंगे।

एचएलओ ऐप की दी गई पूरी जानकारी तीनों दिन चले प्रशिक्षण में प्रगणकों को एचएलओ मोबाइल ऐप चलाने की पूरी ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनर सुनील सिंह ने बताया कि अब प्रगणक घर-घर जाकर मकान का नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, पानी-बिजली की सुविधा और मकान की फोटो ऐप में दर्ज करेंगे। लोकेशन भी ली जाएगी ताकि कोई घर छूट न जाए।

20 से 22 अप्रैल तक चला पहला बैच यह प्रशिक्षण चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार और उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी के निर्देशन में हुआ। पहला बैच 20 से 22 अप्रैल तक चला। दूसरा बैच 23 से 25 अप्रैल तक चले। ट्रेनिंग का समय सुबह 9:30 से शाम 6:00 बजे तक रहा। अब शुरू होगा फील्ड का काम प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अब सभी प्रगणक अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मकान सूचीकरण का काम शुरू करेंगे। यह जनगणना-2027 का पहला चरण है। दूसरे चरण में जनसंख्या की गिनती होगी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार फील्ड ट्रेनर सुनील सिंह अतुल कुमार अभिषेक कुमार वर्मा डॉक्टर अमीर हम्ज़ा दुर्विजय विजय शंकर पाठक के अलावा बेसिक शिक्षा के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# ठंडे पेयों की बढ़ी मांग, लोगों की पहली पसंद बनी नींबू पानी

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर में पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। तेज धूप और लू के कारण लोग दोपहर के समय घरों में रहने को मजबूर हैं। जो लोग आवश्यक कार्यों से बाहर निकल रहे हैं, वे गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडे पेयों का सहारा ले रहे हैं। इसी के चलते बाजार में कोल्ड्रिंक्स, गन्ने का जूस और नींबू पानी की मांग तेजी से बढ़ गई है।

नगर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में लगी जूस की दुकानों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। खासकर गन्ने का ताजा जूस और नींबू पानी लोगों की पहली पसंद बनकर उभर रहे हैं। यह पेय पदार्थ न केवल शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं, बल्कि गर्मी में होने वाली थकान और पानी की कमी को भी दूर करते हैं। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में बिक्री में दोगुना इजाफा हुआ है। पहले जहां दिनभर में सीमित ग्राहक आते थे, अब लगातार ग्राहकों की भीड़ बनी रहती है। वहीं, कई लोगों का कहना है कि वे बाजार की कोल्ड्रिंक्स के बजाय प्राकृतिक पेय पदार्थों को ज्यादा सुरक्षित और फायदेमंद मानते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी मानना है कि अधिक मात्रा में कोल्ड्रिंक्स का सेवन शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है, जबकि गन्ने का जूस और नींबू पानी जैसे प्राकृतिक पेय शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ डिहाइड्रेशन से बचाते हैं।

# ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, तीन घायल

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



सदर कोतवाली क्षेत्र के तिरवा क्रॉसिंग पर शनिवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने एक ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायल काफी देर तक मौके पर ही पड़े रहे और एंबुलेंस के इंतजार में तड़पते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने भेज दिया है।

# चलती लू व गर्म हवा मे झुल रहा है बदन

- आने वाले दिनों में अभी गर्मी कम होने की संभावना नहीं मौसम विभाग

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर मे तीन दिनों से भीषण गर्मी का कहर जारी है। आसमान से बरसती आग से अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। शनिवार को अधिकतम 42.8 डिग्री व न्यूनतम 26.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ जहां सीजन का शुरुवाती सबसे गर्म दिन रहा। चलती लू व गर्म हवाओं ने लोगों का बदन झुल रहा है। छोटे बच्चों को तेज धूप की मार झेलते हुए देखा गया। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में अभी गर्मी कम होने की संभावना नहीं है। दिन के साथ रात में भी गर्मी बढ़ेगी। दैनिक कार्यों से निकलने वाले लोगों को सुबह और शाम को ही अपने काम पूरे करने पड़ रहे हैं।

आलम यह है कि दोपहर में अधिकांश स्थानों पर सन्नाटा पसरा जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चे दोपहर में जब वापस आते हैं तो उनके चेहरे लाल दिखाई देते हैं। बच्चों को स्कूल से लाने वाले अभिभावक छतरी या अन्य साधनों का प्रयोग कर तेज धूप से बचाव का प्रयास करते दिखे।

**गर्मी में इनका करें ज्यादा प्रयोग**

गर्मी में इनका करें ज्यादा प्रयोग
-हल्के रंग के एवं पसीना सोखने वाले सूती कपड़े पहनें।
-ओआरएस घोल का करें सेवन ।
-कमजोरी का अनुभव करते हैं तो तुरंत डॉक्टर सलाह लें या ठंडा पिये।
-भरपूर मात्रा में पानी, नींबू पानी और ओआरएस का सेवन करें।
सुबह के समय तेज धूप हो तो घर से बचकर ही निकलें। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान बढ़ने से रात में भी गर्मी बढ़ेगी डॉ.तोमर ने बताया कि गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखना सबसे महत्वपूर्ण है। दिनभर में आठ से 10 गिलास पानी, नारियल पानी, नींबू पानी, छाछ जैसे तरल पदार्थ पिएं।

## थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



तिर्वा,कन्नौज। तिर्वा थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रार्थना पत्र का निस्तारण प्राथमिकता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान ही सुशासन की पहचान है, इसलिए किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है।

## गंगा एक्सप्रेस-वे उद्घाटन को लेकर तैयारियां तेज डीएम ने की बैठक

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में 29 अप्रैल को हरदोई के मल्लावां में प्रस्तावित प्रधानमंत्री के गंगा एक्सप्रेस-वे उद्घाटन कार्यक्रम के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई। इसमें कन्नौज से जाने वाले प्रतिभागियों की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी विकास खंड अधिकारियों व अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नोडल अधिकारी नामित किया जाए, ताकि कार्यक्रम में शामिल होने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। निर्देश दिए कि प्रतिभागियों को स्वास्थ्य किट उपलब्ध कराई जाए और मार्ग के प्रत्येक 10 किलोमीटर पर एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# कोतवाली में थाना समाधान दिवस में पहुंची पांच शिकायतें

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



शनिवार को कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहीं सिटी इंचार्ज दीपांजलि वर्मा के पास कुल 5 शिकायतें पहुंची। इसमें 3 राजस्व की और 2 पुलिस की शिकायतें शामिल हैं। इनके निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम गठित कर मौके पर भेज कर पुलिस की दोनों शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया। शेष बची शिकायतों के लिए संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तुरंत संबंधित रजिस्टर में अंकित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाए। उन्होंने कहा इस आयोजन का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था, ताकि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध राहत मिल सके।

# अखिलेश का पुतला फूंकने पर सपा का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**पुतला फूंकने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो सपा गली-गली भाजपा नेताओं के पुतल फूंकेगी**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी (सपा) की महिला नेताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन भाजपा की महिला नेताओं द्वारा अखिलेश यादव का पुतला फूंकने के विरोध में किया गया। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दोपहर के समय बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचीं। पूर्व मंत्री विजय बहादुर पाल की पुत्रवधू डॉ. पूजा वर्मा ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेता लगातार सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन कर क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

डॉ. पूजा वर्मा ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों, राजनीतिक मर्यादा और सामाजिक सौहार्द के खिलाफ हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन रही है। उन्होंने भाजपा पर जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने और समाज को बांटने की राजनीति करने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं के अधिकारों की बात तो करती है, लेकिन इस कानून को लागू करने में देरी कर रही है और इसे परिसीमन जैसी शर्तों से जोड़कर टालने का प्रयास किया जा रहा है।साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई घटनाओं पर भाजपा क्यों चुप है।उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर आरक्षण देना है तो 543 लोकसभा सीटों पर इसे तुरंत क्यों नहीं लागू किया जा रहा।

सपा नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि शांति भंग करने और सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो सपा कार्यकर्ता गांव-गांव भाजपा नेताओं के पुतले फूंककर विरोध दर्ज कराएंगे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम AZIZ AHMAD S/O SALEEM S/O ABDUL KAREEM था जो कि दिनांक 01/04/2026 को अपना नाम बदलकर AJEEJ AHMAD S/O SALEEM AHMAD S/O ABDUL KAREEM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। निवासी मोहल्ला मंसूरगंज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच यूपी।

# सपा के प्रदेश सचिव ने दुखी परिवार से मिलकर शोक संवेदना की व्यक्त

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त शिक्षक की मृत्यु की सूचना पर पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने शोक संवेदना व्यक्त की और दुखी परिवार को ढांढस बंधाया।

कस्बा नवाबगंज में नागला बारग निवासी अनिल यादव व विनोद यादव पुत्रगण बदन सिंह की मां का बीते दोनों देहांत हो गया था। जिसकी सूचना पाकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह यादव शनिवार को उनके आवास पर पहुंचे और परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं शामिल हैं। वही कस्बा नवाबगंज में गांव मड़िया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेम सिंह यादव की एक सप्ताह पूर्व बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। जिसकी सूचना पाकर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव उनके आवास पर पहुंचे और उनके पुत्र संजीव उर्फ नीलू यादव व उनके परिजनों से मिले तथा शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष डॉ. नवरंग सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष अरविंद कश्यप, शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, प्रदीप यादव टीटू आदि मौजूद रहे।



दुखी परिवार को सांत्वना देते डॉ. जितेन्द्र यादव

# मछली पकड़ने गये युवक की गंगा में डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के कटरी धर्मपुर गांव के पास गंगा नदी में मछली पकड़ने गए दोस्तों के साथ एक युवक गंगा नदी की गहराई में चले जाने से मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गये। जिनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंची गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला कटरा बक्शी निवासी 23 वर्षीय बिलाल अपने चार अन्य साथियों के साथ गंगा किनारे मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान वह नहाने के लिए नदी में उतरा, लेकिन अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी की गहराई अधिक होने के कारण वह नजरों से ओझल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी देर तक खोजबीन के बाद युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गये। जिनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



घटना स्थल पर मौजूद लोग

# कोतवाली परिसर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, हड़कंप

- महिला परामर्श केंद्र की छत पर तारों में हुई स्पार्किंग, दमकल ने पाया काबू

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज कोतवाली परिसर स्थित महिला परामर्श केंद्र की छत पर शुक्रवार देर शाम शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। बिजली के तारों से निकली चिंगारियों ने नीचे पड़े सूखे पत्तों के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस की सतर्कता और दमकल विभाग की मुस्तैदी से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर शाम कोतवाली गेट के पास स्थित महिला परामर्श केंद्र की छत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में अचानक तेज स्पार्किंग हुई। तारों से गिरती चिंगारियों ने छत पर जमा पेड़ों के सूखे पत्तों में आग लगा दी।

देखते ही देखते लपटें विकराल होने लगीं, जिसे देख कोतवाली परिसर में हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सबसे पहले बिजली विभाग को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई गई। सूचना पर तत्काल पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम से नीलेश और श्याम माथुर ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूर्णतः काबू पाया।

गनीमत रही कि आग समय रहते बुझा ली गई, अन्यथा पास स्थित मंदिर और भवन का अन्य हिस्सा भी इसकी चपेट में आ सकता था। घटना में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।



कोतवाली में लगी आग का दृश्य

# हर्ष फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी लोजपा नेता समेत 4 गिरफ्तार

- फायरिंग का विरोध करने पर युवक को मारी थी गोली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने गुरुवार देर रात हर्ष फायरिंग के दौरान एक युवक को जान से मारने की नीयत से गोली मारने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मुख्य आरोपी लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव पुरुषोत्तम सक्सेना उर्फ मल्लू समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध असलहा, कारतूस और दो स्कॉर्पियो गाड़ियां बरामद की हैं।

घटना 23 अप्रैल गुरुवार की है, जब कायमगंज के पटवन गली स्थित एक शादी समारोह में अभियुक्तों द्वारा हर्ष फायरिंग की जा रही थी। जिसमें वधु के जीजा का भाई गोली लगने से घायल हो गया था। घटना की रिपोर्ट घायल के भाई राहुल कुमार ने दर्ज कराई थी। जिसमें उसके भाई गौरव कुमार ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने एक राय होकर जान से मारने की नीयत से उस पर फायरिंग कर दी, जिससे गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा दर्ज किया गया था। कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कस्वा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी, हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सचिन की टीम ने मुखबिर की सूचना पर टेढ़ीकोन चौराहे के पास से घेराबंदी कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान पुरुषोत्तम सक्सेना उर्फ मल्लू निवासी उरई जालौन मुख्य आरोपी, दीपू परिहार, प्रदीप कुमार निवासी ग्राम अकोड़ी, जालौन, कुलदीप गौतम निवासी ग्राम अकनीवा, जालौन के रुप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से एक रिवॉल्वर 32 बोर, 59 जिंदा कारतूस और 2 खोखा कारतूस 32 बोर, 12 जिंदा कारतूस 315 बोर, 10 जिंदा कारतूस 12 बोर, चार शस्त्र लाइसेंस की डायरी, दो स्कॉर्पियो वाहन बरामद करने में भी सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार, मुख्य अभियुक्त पुरुषोत्तम सक्सेना उर्फ मल्लू एक शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध उरई जालौन और झांसी के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट, लूट और आर्म्स एक्ट जैसे संगीन धाराओं में 14 से अधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वे पुलिस के दबाव और समझौते के प्रयास के उद्देश्य से क्षेत्र में आए थे, तभी पकड़े गए आरोपितों का मेडिकल कराकर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी देते कोतवाली प्रभारी

# एसपीजीआर इण्टर कालेज का यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शानदार

- कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों ने लहराया परचम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसपीजीआर इण्टर कालेज ने इस साल की यूपी बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर से अपनी सफलता का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित हुए यूपी बोर्ड के परिणामों में विद्यालय के कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पूरे क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की कक्षा 12वीं की परीक्षा में मुस्कान राजपूत और आकांक्षा दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं सोनाक्षी राठौर ने द्वितीत स्थान तथा अंशुमान अग्निहोत्री ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 10 में भी छात्रों का जबरदस्त प्रदर्शन देखने के लायक रहा। सुतीक्षण राठौर ने 86.16 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पारूल ने दूसरा स्थान 86 प्रतिशत के साथ और पायल ने तीसरा स्थान 79 प्रतिशत के साथ हासिल किया। इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए विद्यालय की प्रबंधक विनीता पाठक ने कहा कि यह हमारे छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। हमारा लक्ष्य हमेशा से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या शुभ्रा पाठक ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि स्कूल में अनुशासित माहौल और अध्यापकों का सही मार्गदर्शन ही इस जीत की वजह है। इस मौके पर पूरे स्कूल में उत्साह का माहौल है और अभिभावकों ने भी स्कूल मैनेजमेंट का आभार व्यक्त किया है। विद्यालय के चेयरमैन डा0 राजीव पाठक ने बताया कि छात्र-छात्राओं की लगन के चलते शत-प्रतिशत विद्यालय का परिणाम रहा। यह जनपद की बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमारा विद्यालय हमेशा मेधावियों को सम्मानित करता है और साथ ही होनहार बच्चों के लिए हर समय तत्पर रहता है। जिससे वह जनपद से प्रदेश व देश में अपना नाम रोशन करें।




मेधावियों को सम्मानित करती प्रधानाचार्या सुब्रा पाठक

# हाईटेंशन लाइन से करंट लगने पर युवक झुलसा, हालत नाजुक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रांसफार्मर के पास हाईटेंशन लाइन का तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों द्वारा उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव फरसोली निवासी गेंदनलाल कश्यप के 35 वर्षीय पुत्र सर्वेश को झुलसी अवस्था में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे। जहाँ घायल के भाई स्वदेश ने बताया कि गांव के बाहर लगे ट्रांसफार्मर के पास हाईटेंशन लाइन का तार टूटा हुआ पड़ा था। सर्वेश उस समय शराब के नशे में था। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उससे टूटे तार को जोड़ने के लिए कहा। स्वदेश के अनुसार, सर्वेश पहले भी एक-दो बार विद्युत तार जोड़ चुका था। बताया गया कि सर्वेश ट्रांसफार्मर के पास पहुंचकर बिना किसी सुरक्षा उपकरण और बिना शटडाउन लिए ही विद्युत पोल पर चढ़ गया। जैसे ही उसने हाईटेंशन लाइन का तार पकड़ा, उस समय लाइन में सप्लाई चालू थी, जिससे वह तेज करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया और पोल से नीचे गिर पड़ा। घटना के समय वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने उसे घायल अवस्था में देख कर परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे। जहाँ ड्युटी पर तैनात डॉक्टर अमरेश ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



अस्पताल में भर्ती घायल

# डीएम-एसपी ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जनपद में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा के अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ तथा दुर्गा नारायण पी.जी. कॉलेज का भ्रमण किया गया। डीएम ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण करते हुए परीक्षा कक्षों, सी.सी.टी.वी. कंट्रोल रूम एवं स्ट्रांग रूम का जायजा लिया गया। सभी केंद्रों पर सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था संतोषजनक पाई गई तथा सी.सी.टी.वी. कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाए गए। उपस्थिति के संदर्भ में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में निर्धारित 384 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 287 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में 384 के सापेक्ष 274 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा दुर्गा नारायण पी.जी. कॉलेज में 384 के सापेक्ष 282 परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचिता के साथ संपन्न कराया जाए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। समस्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न होती पाई गई। प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।



विद्यालय का निरीक्षण करती डीएम

# अधीक्षण अभियंता को धमकाने वाले दो ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज

- टेंडर लेने को लेकर हुआ विवाद, सांसद विधायक को बताया रिश्तेदार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता लेखाधिकारी व अन्य कर्मचारियों को ठेकेदार द्वारा धमकाने व जाति सूचक गालियां देकर अपमानित करने के मामले में विद्युत वितरण खण्ड से अधीक्षण अभियंता यदुवेन्द्र सिंह ने कोतवाली फतेहगढ़ में लिखित शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

की गई शिकायत में दर्शाया गया कि विभागीय कार्यों हेतु एजेंसी के माध्यम से 11 माह के लिए वाहन उपलब्ध कराने हेतु जेएम पोर्टल के माध्यम से निविदा प्रकाशित करायी गई थी। जिसमें विभिन्न कार्यदायी संस्थानाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया था। इसी प्रक्रिया के बीच में ही 23 अप्रैल को सायंकाल पवन शुक्ला, अंकित त्रिवेदी मेरे कार्यालय आये और मुझसे कहा कि बाकी विभागों जैसे पीडब्लूडी, परिवहन, शिक्षा व अन्य प्रशासनिक विभागों से डेंटर लेते है उसी तरह यहां भी टेंडर लेकर रहेंगे और हमारे पक्ष में टेंडर दिया जाये। ऐसा न होने की दशा में हम हर जगह झूठी शिकायत करवायेंगे। सांसद, विधायक मेरे रिश्तेदार है। इनके द्वारा सरकारी कार्य न करने देने व सरकारी कार्य में बाधा डालने व जबरदस्ती टेंडर लेने व टेंडर न मिलने पर डीएम, एसपी, सांसद, विधायक आदि से झूठी शिकायत करने की धमकी दी और यह भी कहा कि जिस तरह पूर्व में अधीक्षण अभियंता की भांति जिले से स्थानांतरण निलंबन कराने की भी धमकी दी और मुझे जातिवाद से भी आरोपित व अभद्रता कर अपमानित किया। कार्यालय कर्मचारी अनुराग गुप्ता, सुयश पाठक, आदेश चन्द्रा संविदा कर्मी को भी व्यक्ति मोबाइल एवं रात्रि लगभग 9 बजे उपरोक्त कर्मचारियों के घर जाकर उन्हें देख लेने और भविष्य में नौकरी न करने की धमकी दी और टेंडर देने के लिए उन पर दबाव बनाया गया। उक्त लोगों द्वारा कार्यालय में तैनात लेखाकार पर पक्षपात करने व कई अन्य आरोप लगाते हुए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। जिससे कर्मचारी मानसिक रुप से पीड़ित व भयभीत है। उपरोक्त दोनों व्यक्ति व उनके अज्ञात साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। इस संदर्भ में संवाददाता को फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारी द्वारा लिखित तहरीर दी गई, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



कोतवाली में शिकायत करने के दौरान अधीक्षण अभियंता

# पति सहित चार ससुरालियों पर हत्या का आरोप, दी तहरीर

- पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का दिया आश्वासन
- 24 अप्रैल कुछ लोगों ने पुत्री के साथ की थी मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना जहानगंज के रुनी चुरसाई मजरा विरियानगला में महिला सहेली को मारकर गांव से 500 दूर बाग में डाला गया था। मृतक के पिता ने रामाधार राजपूत ने आरोपी पति जितेन्द्र व सास शकुंतला, ससुर रघुवीर व नन्द नीलेश ने प्रताड़ित करके उसको मार डालने की तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के थाना पाली के ग्राम मुडरामऊ निवासी रामधार पुत्र स्व0 बल्लू ने थाना जहानगंज में दी तहरीर में दर्शाया कि उन्होंने अपनी पुत्र सहेली का विवाह 18 वर्ष पूर्व जितेन्द्र पुत्र रघुवीर निवासी विरिया नगला थाना जहानगंज के साथ किया था। मेरी पुत्री को जितेन्द्र, ससुर रघुवीर, सास शकुंतला, ननद नीलेश आये दिन मेरी पुत्र को गाली-गलौज कर मारपीट करते थे। 24 अप्रैल को उक्त लोगों ने पुत्री के साथ मारपीट की और उसे मार डाला तथा गांव के बाहर झाड़ियों में शव फेंक दिया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# पुलिस ने पहले खड़े होकर जुतवाई फसल, फिर आरोपियों पर दर्ज किया मुकदमा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद का एक पेचीदा मामला सामने आया है। यहां एक महिला पर आरोप है कि उसने शादी का झांसा देकर एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की छह बीघा जमीन अपने नाम करा ली। वहीं, आरोपी महिला इसे अपनी खरीदी हुई जमीन बता रही है। जांच को गई पुलिस की मौजूदगी में महिला ने विवादित खेत में खड़ी मक्का व खरबूजा की फसल को ट्रेक्टर से जुतवा दिया। जिससे युवक का लगभग 1 लाख रुपए का नुकसान हुआ। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने की जानकारी पर पुलिस ने आनन फानन आरोपी महिला व उसके परिजनों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के गांव रायपुर निवासी सुंदरलाल राजपूत की पत्नी किसी बात पर उसे छोड़कर जा चुकी है। जिससे वह कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान हैं। सुंदरलाल के परिजनों का आरोप है कि करीब डेढ़ साल पहले गांव के ही कुछ बिचौलियों ने उसकी वृद्ध मां विमला देवी को सुंदरलाल की शादी कराने का प्रस्ताव दिया था। आरोपियों ने युवक को कायमगंज तहसील ले जाकर कोर्ट मैरिज कराने की बात कही। आरोप है कि शादी के कागजों के बहाने पहले से तैयार रजिस्ट्री पर सुंदरलाल के हस्ताक्षर और उनकी मां विमला देवी के अंगूठे लगवाकर आठ बीघा जमीन मैनपुरी निवासी मधू चौहान के नाम करा ली। सुंदरलाल के भाई का कहना है कि उस समय उनकी मां को गुमराह किया गया था कि यह सब शादी की कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है। इस मामले में एक दुखद मोड़ यह भी है कि युवक की मां विमला देवी, जो इस कथित रजिस्ट्री की मुख्य गवाह थीं, उनकी एक साल पहले सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। दूसरी ओर आरोपी महिला का पक्ष अलग है। उनके अनुसार, उन्होंने 21 मई 2022 को रायपुर निवासी एक अन्य महिला से लगभग 6 बीघा 5 डिसमिल जमीन का बैनामा रजिस्ट्री कराया था। मधू चौहान का आरोप है कि 21 अप्रैल को जब उस जमीन पर विपक्षियों ने जोताई कर दी, तो उन्होंने विरोध किया। वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ गाली गलौज की और उन्हें खेत से भगा दिया। बीते बुधवार को जब महिला अपने साथियों के साथ खेत पर पहुंचीं, तो ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई, जिसके बाद वह वहां से चली गईं। शुक्रवार को मधू चौहान पुनः थाने पहुंची और पुलिस से मामले की शिकायत की। शिकायत पर थाने से कुछ पुलिस कर्मी जांच को गए। और पुलिस की मौजूदगी में मधू चौहान व उनके परिजनों ने सुंदरलाल के खेत में खड़ी मक्का व खरबूजा की फसल को ट्रेक्टर से जुतवा दिया। जानकारी पर सुंदरलाल के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कागज दिखाए। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने की जानकारी पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। और पुलिस गांव से लौट आई। आनन फानन पुलिस ने सुंदरलाल से आरोपियों के खिलाफ तहरीर देने को कहा। शनिवार पुलिस ने सुंदरलाल की तहरीर पर जनपद मैनपुरी के थाना मैनपुरी के मोहल्ला गोपीनाथ अड्डा रते नगला निवासी मधू चौहान पत्नी सूरज सिंह, सूरज सिंह व थाना नवाबगंज के गांव रायपुर निवासी छल्लन व रंजन के खिलाफ खेत में खड़ी फसल जोतने व लगभग एक लाख का नुकसान होने की धाराओं में एनसीआर दर्ज की है।

# दबंगों ने दंपत्ति को मारपीट कर किया घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव रतनपुर पमारन में बीती रात दबंगों द्वारा घर के बाहर सो रहे एक दंपत्ति के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार रतनपुर पमारान निवासी पीड़िता सोनी देवी पत्नी रामकृपाल ने बताया कि देर रात कुछ बाहरी लोग उनके घर के बाहर पहुंचे और बिना किसी बात के उनके पति रामकृपाल पर डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से वह संभल भी नहीं पाए और गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर जब उनके बच्चे जागे तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति रामकृपाल पर तमंचा ताने खड़ा था। बच्चों के रोने-चिल्लाने पर हमलावर और आक्रामक हो गए। पीड़िता जब उसने अपने पति को बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित द्वारा अमृतपुर थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया। अमृतपुर थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया है कि बीती रात्रि लड़ाई झगड़ा हो गया था। तहरीर मिल गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।



जानकारी देते पीड़ित दंपत्ति

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक महाविद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस आयोजित



कार्यक्रम के दौरान अतिथिगण आदि


कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व प्रशिक्षु चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मलेरिया उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा, इस वैश्विक थीम के साथ 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कायचिकित्सा विभाग एवं स्वास्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ धन्वंतरि वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्या, उप-प्राचार्या एवं समस्त शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। स्वागत भाषण में प्राचार्या डा0 मनोनमणि ने सभी के स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु अथर्ववेद का एक श्लोक प्रस्तुत किया। छात्रों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे जनस्वास्थ्य के प्रति उनकी जागरूकता परिलक्षित हुई। मुख्य अतिथि डॉ. नरजीत सिंह कटियार, सहायक मलेरिया अधिकारी, ने मलेरिया नियंत्रण के प्रमुख उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वेक्टर नियंत्रण एवं जन जागरूकता पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने केवल घर ही नहीं बल्कि पूरे आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने, नालों में कचरा न फेंकने, पूर्ण बांह के कपड़े पहनने, मच्छरदानी एवं मच्छर भगाने वाले उपायों के उपयोग पर भी जोर दिया। कार्यचिकित्सा विभाग द्वारा मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण पर एक जागरूकता वीडियो भी प्रदर्शित किया गया।

इसके अतिरिक्त एक टॉक शो में डॉ. सुलोचना, डॉ. रुमा डे एवं डॉ. भारती पंचाल ने मलेरिया के टीकाकरण, लक्षण एवं संकेत, उपचार प्रोटोकॉल तथा आयुर्वेदिक प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि डॉ. नरजीत कटियार के साथ मलेरिया निरीक्षक संगीता सिंह एवं विकास दिवाकर को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. अरुण कुमार पांडेय द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रुमा डे द्वारा प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# विधायक के आश्वासन के बाद भी मुख्य मार्ग बदहाल, ट्रैक्टर फंसा


गड्ढे में फंसा ट्रैक्टर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर का मुख्य मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहाता नजर आ रहा है। सड़क पर गड्ढे और कीचड़ का ऐसा साम्राज्य बना हुआ है कि यहां से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं। हालत यह है कि आए दिन वाहन इन गड्ढों में फंस रहे हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शुक्रवार को एक ट्रैक्टर, जो ईंटों से भरा हुआ था, गहरे गड्ढे में फंस गया। करीब एक घंटे की मेहनत के बाद किसी तरह ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया। इस दौरान मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। शाम ढलते ढलते इसी जगह पर पुलिस की 112 नंबर गाड़ी भी सड़क के दलदलीय कीचड़ में फंस गई। जिसे बाहर निकालने के लिए ट्रैक्टर का सहारा लेना पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। रोजाना कोई न कोई वाहन यहां फंस जाता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विधायक भी इस मार्ग का निरीक्षण कर चुके हैं, जिन्होंने सुधार का आश्वासन दिया था, लेकिन वह भी अभी तक केवल वादों तक ही सीमित है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण या मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री को पीटा

- पीड़िता आंगनवाड़ी ने कोतवाली में दी तहरीर


जानकारी देती पीड़िता रेनू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली फतेहगढ़ के अन्तर्गत ग्राम सराह निवासी आंगनवाड़ी रेनू पत्नी राजकुमार ने कम्पोजिट विद्यालय गोपालपुर गौरनपुरवा में 2001 में आंगनवाड़ी पद पर कार्यरत है। कम्पोजिट विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रीना पाण्डेय व सहायक अध्यापक अमरेश सिंह ने आये दिन गांव के बच्चों का दाखिला कराने के लिए दबाव बनाते है। पीड़िता ने कहा कि मेरे गांव से आपके विद्यालय की दूरी अधिक है, जबकि मेरे गांव में स्वयं सरकारी स्कूल है। इसी बात पर दोनों लोग नाराज रहने लगे। बीते दिन मेरे साथ विद्यालय बंद करने के दौरान मारपीट की। विद्यालय बंद का गांव के किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर उच्चाधिकारी को प्रेषित किया गया। जिसकी जानकारी मिलने पर रीना पाण्डेय व अमरेश पाण्डेय ने कहा कि वीडियो तुम्हारे पति ने ही बनाई है और उच्चाधिकारियों को दी है। जब मैं अपनी ड्यूटी 8:15 पर पहुंची तो दोनों लोगों ने गेट पर पहुंचकर कहा कि ज्यादा नेतानगरी करती है और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता के गले में पड़े मंगलसूत्र तोड़ दिया और धारदार हथियार से लहुलूहान कर दिया। हाथ व गले में चोट आयी है। पीड़िता ने तहरीर देकर प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में इंटर-हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न



प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में इंटर-हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिता का प्रमुख विषय मोबाइल फोन का उपयोग रहा। जिस पर छात्रों ने पक्ष एवं विपक्ष दोनों में अपने विचार अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने आधुनिक जीवन में मोबाइल के लाभ और हानियों पर तार्किक तर्क रखते हुए श्रोताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह, आत्मविश्वास और विषय की गहरी समझ साफ झलक रही थी। प्रश्नोत्तर सत्र भी बेहद रोचक रहा। जिसमें छात्रों ने सटीक और संतोषजनक उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया।

प्रतियोगिता के परिणामों में जूनियर वर्ग में होप हाउस ने प्रथम, चैरिटी हाउस ने द्वितीय तथा पीस हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में चैरिटी हाउस प्रथम, पीस हाउस द्वितीय और होप हाउस तृतीय स्थान पर रहा। जूनियर वर्ग में श्रेष्ठ वक्ताओं में पक्ष से आर्यन, आराध्या एवं पार्थ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि विपक्ष में श्रेष्ठा आदि जैन एवं आराध्या ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। सीनियर वर्ग में पक्ष से एंजेल, आरुषि और कौटिल्य तथा विपक्ष में आन्या द्विवेदी, परिधि वर्मा और वेदांशी ने अपने विचारों से सभी को प्रभावित किया। प्रश्नकर्ता के रूप में भी छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। ओवरऑल प्रदर्शन में आन्या मिश्रा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनकी तार्किक सोच को प्रोत्साहित करती हैं। उपनिदेशक अंजू राजे ने इसे छात्रों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त मंच बताया। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने छात्रों को भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्रधानाचार्य नवीन शाक्य ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की बात कही। मंच संचालन तितिक्षा ने किया। इस सफल आयोजन में कविता पाण्डेय, लक्ष्मी यादव, अतुल मिश्रा, शिवानी मिश्रा, विवेक राजपूत सहित सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बलराम जी के एजेंसी के उपभोक्ता परेशान पीयूष एजेंसी नहीं दे रही उपभोक्ता को सिलेंडर


पीयूष गैस सर्विस

- जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश को नहीं मान रहा गैस एंजेसी मालिक
- भाजपा नेता ने जिला पूर्ति अधिकारी से की शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ बलराम गैस एजेंसी निलंबित होने के बाद पीयूष एजेंसी फर्रुखाबाद को स्थानांतरण की गई। बलराम गैस सर्विस के उपभोक्ता फतेहगढ़ से जब फर्रुखाबाद पियूष एजेंसी के पास जाते हैं तो उनके द्वारा कहा जाता है कि अभी तक मेरे पास कोई आदेश ओर डाटा नहीं आया है, जब तक लिखित कोई आदेश नहीं आता है, तब तक हम सिलेंडर वितरण नहीं करेंगे। उपभोक्ता काफी परेशान है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जानबूझकर परेशान किया जा रहा है, जिस पर उन्होंने भाजपा के मीडिया प्रभारी राहुल राठौर को अवगत कराया है। राहुल राठौर ने डीएसओ सुरेंद्र यादव को जानकारी देते हुए कहा कि पीयूष गैस एजेंसी की उपभोक्ताओं को गैस नहीं देरी है। डीएसओ सुरेंद्र यादव ने बताया कि हम पियूष गैस एजेंसी से बात करते हैं, उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी, थोड़ा धैर्य बनाकर रखें घर पर ही सिलेंडर वितरण किए जाएंगे।

# भीषण गर्मी का असर: पीएचसी पर बढ़ी मरीजों की भीड़, बच्चों की संख्या अधिक


पीएचसी में मौजूद चिकित्सक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद के कस्बा अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इन दिनों भीषण गर्मी का असर साफ देखने को मिल रहा है। तापमान में लगातार वृद्धि के चलते मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है, जिसमें बच्चों की संख्या सबसे अधिक बताई जा रही है। शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगभग 110 मरीजों का उपचार किया गया और उन्हें आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। डॉक्टरों के अनुसार गर्मी के कारण बच्चों में उल्टी दस्त, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं अधिक सामने आ रही हैं। अभिभावक अपने बच्चों को लेकर सुबह से ही अस्पताल पहुंच रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य केंद्र पर काफी भीड़ देखी जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. ने बताया कि इस समय सबसे ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों को धूप में बाहर न निकलने दें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने यह भी कहा कि लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्टाफभी लगातार मरीजों की सेवा में जुटा हुआ है। भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

# दावे 22 घंटे के, मिल रही महज 3 घंटे बिजली

- भीषण गर्मी में त्राहि-त्राहि कर रहे उपभोक्ता
- एसडीओ की मनमानी, पुतला फूंकने के बाद भी नहीं सुधरे हालात, नदारद रहते हैं अधिकारी




**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है और लू के थपेड़े बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे नवाबगंज क्षेत्र में बिजली संकट गहराता जा रहा है। शासन के 18 से 22 घंटे बिजली देने के दावे कागजी साबित हो रहे हैं, जबकि हकीकत में उपभोक्ताओं को बमुश्किल 2 से 3 घंटे बिजली मिल पा रही है। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी और संवेदनहीनता के चलते पूरी विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है।

**अघोषित कटौती और लो-वोल्टेज की मार**

अप्रैल के महीने में ही जून जैसी गर्मी का अहसास हो रहा है। मेन लाइन में खराबी और नीम करौरी 132 केवीए उपकेंद्र से लगातार की जा रही अघोषित कटौती ने जनता का जीना मुहाल कर दिया है। शुक्रवार शाम से शनिवार दोपहर तक लगभग 12 घंटे बिजली गुल रही। लो-वोल्टेज के कारण नलकूप नहीं चल पा रहे हैं, जिससे मक्के की फसलें सूख रही हैं और पेयजल का संकट खड़ा हो गया है।

**कुर्सी से नदारद साहब, परेशान जनता**

क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के बजाय जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं। शनिवार को भी नवाबगंज उपखंड कार्यालय में एसडीओ धर्मेंद्र राजपूत की कुर्सी खाली मिली। दूर-दराज से आए फरियादी घंटों इंतजार के बाद मायूस होकर लौट गए। स्थानीय उपभोक्ता राधा किशन गुप्ता ने बताया कि अत्यधिक बिल सुधार के लिए वे कई दिनों से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन एसडीओ उनकी शिकायत सुनना तक मुनासिब नहीं समझते।

**आंदोलन के बाद भी नहीं चेते अधिकारी**

विभागीय कार्यशैली से क्षुब्ध होकर बीते मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) ने एसडीओ का पुतला भी फूंका था, लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। चर्चा है कि रसूखदार जनप्रतिनिधियों के संरक्षण के कारण अधिकारी हफ्ते में केवल 3-4 दिन ही ड्यूटी पर आते हैं।

**व्हाट्सएप ग्रुप पर तानाशाही**

विभाग ने जनता की समस्याओं के लिए व्हाट्सएप ग्रुप तो बनाया है, लेकिन वहाँ भी उपभोक्ताओं की आवाज दबा दी गई है। एसडीओ ने ग्रुप पर प्राइवेसी लगा रखी है, जिससे कोई भी अपनी समस्या साझा नहीं कर सकता। उच्चाधिकारियों के निर्देश और लोड बढ़ने के कारण बिजली कटौती की जा रही है। लो-वोल्टेज की समस्या को दूर करने का प्रयास जारी है।

## नीट परीक्षा व हीट वेव से लखनऊ में होने वाली रैली निरस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नेट परीक्षा व हीट वेव के कारण अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ द्वारा प्रस्तावित टेट अनिवार्यता के विरोध में लखनऊ में होने वाली रैली निरस्त कर दी गई है। संयोजक भूपेश प्रकाश पाठक ने बताया कि अगला कार्यक्रम जून माह में आ जायेगा, तब आगे की रणनीति बनाई जायेगी। वर्तमान समय में नेट परीक्षा एवं तापमान हाई होने के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। ऐसे में लोगों का स्वास्थ्य देखते हुए प्रस्तावित टेट अनिवार्यता का विरोध में होने वाली रैली को स्थिगित कर दिया गया है।

## दीक्षांत परेड समारोह पुलिस लाइन में आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन फतेहगढ़ पुलिस लाइन में रविवार 26 अप्रैल को प्रात: 8 बजे सम्पन्न होगा। रिक्रूट आरक्षियों के दीक्षांत परेड में मुख्य अतिथि आईपीएस अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एसके भगत होंगे। परेड कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा एवं प्रतिसार अविचल पाण्डेय की देखरेख में परेड कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला 27 अप्रैल को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में 27 अप्रैल सोमवार को प्रात: 10 बजे से शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमे 03 कम्पनियां पैन हेल्थ राजकोट गुजरात-50, एलनटेक इण्डिया प्रा0लि0 नोएडा-50 एवं अम्बर इन्टरप्राइजेज नोएडा-50 प्रतिभाग कर रही हैं एवं रिक्तियों की संख्या कुल 150 है। जिसमें इण्टर मीडिएट, आई0टी0आई, डिप्लोमा, ग्रेजुएट एवं बी0टेक के पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ मेले में पहुंचे।

# हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इं.का. की छात्राओं ने लहराया परचम

- मेधावी छात्राओं को प्रबंधक मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने शील्ड देकर किया सम्मानित


सम्मानित होने के दौरान मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इंटर कालेज नखास का यूपी बोर्ड इस वर्ष रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इंटर मीडिएट में उमा सिद्दीकी ने 500 में से 390 अंक लाकर 78 प्रतिशत लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

वहीं द्वितीय स्थान पर इकरा ने 500 में से 380 अंक लाकर 76 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। जोया अंसारी ने 500 में से 379 अंक के साथ 75.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। उमाम खान 500 में से 377 अंक के साथ 75.40 प्रतिशत लाकर चौथे स्थान पर रहे। वहीं हाईस्कूल में हूर्रिया अब्बास 600 में से 545 अंक के साथ 90.83 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर अयान खान 600 में से 538 अंक के साथ 89.67 प्रतिशत के साथ रहे। युसूफ अब्दुल्लाह 600 में से 532 अंक के साथ 88.67 के साथ तृतीय स्थान पर रहे। हिफजा इस्लाम 600 में से 521 अंक के साथ 86.83 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान पर रहे। शुबाना खानम ने 600 में से 503 अंक के लाकर 83.83 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इंशहा ने 600 में से 491 अंक के लाकर 81.83 के साथ छठे स्थान पर रहे। मुंतशा ने 600 में से 489 अंक के साथ 81.50 प्रतिशत लाकर सातवां स्थान प्राप्त किया। हीरा रानी ने 600 में से 488 अंक के साथ 81.33 प्रतिशत लाकर विद्यालय में आठवां स्थान प्राप्त किया। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रबंधक मुजफ्फर हुसैन रहमानी व प्रधानाचार्या ने बधाई दी और कहा कि जिन छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया है, उन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

- साइबर अपराध, हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा उपायों पर दी महत्वपूर्ण जानकारी


महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने महिला पुलिस के साथ फास्ट फूड व अन्य दुकानों के पास भी छात्राओं व महिलाओं को जागरुक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, महिला थाना पुलिस, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

# तहसील सदर में भ्रष्टाचार न रुका तो कड़ा रुख अपनाएंगे अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सदर में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध अधिवक्ताओं में आक्रोश की चिंगारी सुलग रही है। शनिवार को वरिष्ठ अधिवक्ता दया शंकर तिवारी के चैम्बर में वकीलों की अनौपचारिक बैठक में तहसील प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी गयी यदि भ्रष्टाचार पर लगाम न लगी तो वकील बेलगाम हो जाएंगे। बैठक में नियमतः वादों की सुनवाई न होना, सुनवाई के बाद महीनों आदेश पारित न होना, बाहरी व अनाधिकृत कर्मचारियों की न्यायालयों, कार्यालयों व पटलों पर अनियमिततापूर्वक कार्य करने पर रोष व्यक्त किया गया। अनुराग तिवारी एडवोकेट ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी के चलते वादकारियों को सालों चक्कर लगाने पड़ते हैं। तारीख पर तारीख पर तारीख की परम्परा से वादीकारी व अधिवक्ता हलकान हैं, अब इन अनियमितताओं के खिलाफएकजुट होकर संघर्ष करना ही होगा। पंकज राजपूत एडवोकेट ने कहा कि नियम विरुद्ध व मनमानी ढंग से आदेश पारित कर दिया जाता है फिर उसमें वर्षों संशोधन नहीं होता, जिससे अधिवक्ता व वादकारी दोनों परेशान होते हैं। उन्होंने कहा हमने काला कोट न्याय की लड़ाई के लिए पहना, लेकिन हम खुद अन्याय और भ्रष्टाचार सह रहे हैं। पंकज राजपूत ने कहा तहसील बार एसोसिएशन निष्क्रिय है, जिसके कारण अधिकारी बेलगाम हैं, हम हलकान हैं और भ्रष्टाचार से तहसील कार्यालय की पहचान है, जो बेहद चिन्ता का विषय है।

वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी ने कहा कि कायमगंज अधिवक्ता संघ द्वारा समर्थन मांगा गया है, उनकी मांगों का हम अध्ययन कर जल्द निर्णय लेंगे। हम इस संबंध में जल्द निर्णय लेंगे। इस अवसर पर अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी, अनुराग तिवारी, प्रवीन सक्सेना, अजय प्रताप सिंह, भानु प्रताप सिंह, पंकज राजपूत, महेन्द्र प्रताप सिंह, रमेश यादव, रवनेश यादव, मंजेश कटियार, जनार्दन राजपूत, राजीव चौहान, प्रदीप सक्सेना, प्रद्युम्न कुमार गुप्ता, प्रकाश द्विवेदी, जितेन्द्र सक्सेना, मुन्ना यादव, गोविन्द अवस्थी, सन्तोष सक्सेना, दिलीप सक्सेना, योगेश दीक्षित सभी एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दो अधिवक्ताओं के मिटे मतभेद व मनभेद


बैठक में मौजूद अधिवक्ता दयाशंकर, पंकज राजपूत व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लम्बे समय से दो पालों में नजर आने वाले अधिवक्ता रवनेश चन्द्र यादव व जनार्दन राजपूत के मतभेद और मनभेद वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी ने दूर कर दिये। दर्जनों अधिवक्ताओं के बीच दोनों को मिठाई खिलाई गई और दोनों अधिवक्ता गले मिले। इस राम-भरत मिलाप कर वकीलों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

# संस्कृत हाईस्कूल में ब्रह्मचारी हर्ष कुमार ने पाया प्रथम स्थान

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यम परीक्षाओं के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए। जनपद के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय रहा कि गुरु विरजानंद आर्ष गुरुकुल भोलेपुर के मेधावी छात्र ब्रह्मचारी हर्ष कुमार आर्य ने पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष कक्षा 10 में 78.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान अर्जित किया।

इस शानदार उपलब्धि के उपलक्ष्य में गुरुकुल परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण व्याप्त रहा। सहपाठियों, आचार्यों एवं गुरुकुल परिवार के सदस्यों ने हर्ष को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गुरुकुल के आचार्य ओमदेव शास्त्री ने हर्ष को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासित जीवनशैली और गुरुजनों के मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष परिणाम है। आचार्य शास्त्री ने कहा कि गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति केवल शैक्षिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक उत्थान पर विशेष बल देती है। आर्य समाज द्वारा संचालित गुरुकुलों का उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ साथ उच्च संस्कार, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं समाज सेवा की भावना से ओत प्रोत करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संस्कृत भाषा के प्रति विद्यार्थियों और युवाओं में रुचि लगातार बढ़ रही है।

अब संस्कृत केवल धार्मिक या कर्मकांड की भाषा तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह एक वैज्ञानिक एवं तार्किक भाषा के रूप में विश्वभर में प्रतिष्ठित हो रही है। अनेक देशों के विश्वविद्यालयों में संस्कृत का अध्ययन एवं अध्यापन तेजी से बढ़ रहा है। आचार्य शास्त्री ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने जीवनकाल में संस्कृत भाषा के पुनर्जागरण और उसके जनसामान्य में प्रसार का जो संकल्प लिया था, उसे साकार करने के लिए आर्य समाज निरंतर प्रयासरत है। गुरुकुलों के माध्यम से वैदिक शिक्षा, भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे और राष्ट्र के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सके।

## पेट्रोल पंपों पर बढ़ती भीड़, ब्लैक में बिक रहा डीजल-पेट्रोल, जिम्मेदार बेखबर

# ग्राहकों का फूटा गुस्सा, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।

कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों डीजल-पेट्रोल की किल्लत ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि पेट्रोल पंपों पर सुबह छह बजे से पहले ही लंबी कतारें लग जा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद अधिकांश लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। लगातार बढ़ती भीड़ और सीमित आपूर्ति के चलते स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई पेट्रोल पंप संचालक आम उपभोक्ताओं की बजाय अपने परिचितों, बड़े ग्राहकों और स्टॉक करने वालों को प्राथमिकता दे रहे हैं। यही वजह है कि गांवों में डीजल और पेट्रोल की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है। ग्रामीण इलाकों में ईंधन 200 रुपये प्रति लीटर तक बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे किसानों और आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

लोगों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार जिला पूर्ति विभाग और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन की उदासीनता के चलते कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं और आम जनता परेशान हो रही है।

**रिलायंस पेट्रोल पंप पर हंगामा, सड़क जाम**

निघासन-ढखेरवा मार्ग स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर रविवार अलसुबह स्थिति और बिगड़ गई। डीजल-पेट्रोल लेने के लिए लगी लंबी कतार में अव्यवस्था के चलते ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच कहासुनी हो गई। इससे नाराज लोगों ने पंप के सामने ही सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर अवधराज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस की मौजूदगी में बाद में पंक्तिबद्ध तरीके से ईंधन वितरण शुरू कराया गया, तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी।

क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पेट्रोल पंपों पर पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए, आपूर्ति नियमित की जाए और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## मूकबधिर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**निघासन (खीरी)।** थाना निघासन क्षेत्र में मूकबधिर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन में थाना निघासन पुलिस ने सुनियोजित तरीके से दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक निघासन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने संबंधित मामले में वांछित आरोपी ध्यानू पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम खैरहनी को 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा तथा पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज है, जो गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। बताया जा रहा है कि आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई, जिसमें उसने घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य भी बताए हैं। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कन्हैया यादव तथा हेड कांस्टेबल हरिकेश सिंह की अहम भूमिका रही।

## खबरें एक नजर में

### केबल वायर में फंसकर स्कूटी सवार अधिवक्ता घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में टीवीएस एजेंसी के सामने शनिवार की दोपहर स्कूटी सवार अधिवक्ता विद्युत केबल के वायर में फंसकर घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ता को उपचार के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया है थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी 50 वर्षीय अधिवक्ता जीतेन्द्र बहादुर सिंह राकेश स्कूटी से हलिया की तरफ से आ रहे थे की जैसे ही हथेड़ा गांव स्थित टीवीएस एजेंसी के सामने पहुँचे की विद्युत विभाग के अवर अभियंता रमाशंकर द्वारा गुलाब तिराहा से जले केबल वायर को सड़क पर फैलाकर खिचवा रहे थे की केबल वायर में अधिवक्ता की स्कूटी फिसलकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए अधिवक्ता ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है । मौके पर पहुँचे एसआई शिवजी यादव व हेड कांस्टेबल योगेंद्र यादव ने घायल अधिवक्ता को उपचार के लिए हलिया स्थित एक निजी क्लिनिक पर लेकर आये जंहा पर अधिवक्ता का उपचार हुआ हैं । इस संबंध में अवर अभियंता रमाशंकर ने बताया की गुलाब तिराहा से पुल तक का केबल वायर बदलवाया जा रहा था की अधिवक्ता केबल वायर में फंसकर गिर गए है उनको भी केबल वायर का ध्यान देना चाहिए।

### थाना दिवस पर चार मामलों का नहीं हुआ निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस सहायक चकबंदी अधिकारी हलिया हरिशचंद्र पटेल के देखरेख में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल चार मामले राजस्व से संबंधित आये मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो पाया है। मामले के निस्तारण के लिए राजस्व/चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया गया है । जिससे मामले का निस्तारण किया जा सके सहायक चकबंदी अधिकारी ने कहा की थाना समाधान दिवस पर पड़ने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव,राजस्व निरीक्षक अशोक दुबे, शिव कुमार चौबे, एसआई शिवजी यादव, लेखपाल चकबंदी राजस्व के मौजूद रहे।

### एबीसी कंडक्ट केबल जलने से आपूर्ति बाधित

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया विद्युत उपकेंद्र के हथेड़ा



गुलाब तिराहा से अदवा नदी पुल तक एबीसी कंडक्ट केबल 120 एमएम जल जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना पर अवर अभियंता रमाशंकर व एसएसओ वीरेंद्र सिंह लाइन मैनो की टीम के साथ पहुंचकर जिला मुख्यालय से 120 एमएम केबल मंगाकर बदलवाया जा रहा है जिससे विद्युत आपूर्ति को बहाल कराया जा सके बीते तीन दिनों से केबल जलने के कारण बस्ती की आपूर्ति बाधित हुई है। गर्मी में अधिक लोड होने के कारण केबल जल गया है। इस संबंध में अवर अभियंता रमाशंकर ने बताया की हथेड़ा के गुलाब तिराहा से अदवा नदी पुल तक आपूर्ति के लिए लगाया गया एबीसी कंडक्ट 120 एमएम केबल अत्यधिक लोड होने के कारण जल गया था जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना पर केबल को बदलवाया जा रहा है जल्द ही विद्युत आपूर्ति को बहाल करा दिया जायेगा।

### जमुई में ट्रेन से कटकर 35 वर्षीय युवक की मौत

**चुनार(मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के जमुई के पास रात्रि 1.30 बजे रात्रि किसी ट्रेन से कटने की सूचना स्टेशन मास्टर डगमगपुर ने चुनार पुलिस को दी घटना स्थल पर रात्रि 2 बजे कजराहट चौकी इंचार्ज सदानंद सिंह मय पुलिस फोर्स पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। सुबह तक काफी पहचान करने की कोशिश की गई पता नहीं चला। दोपहर में थानों पर सूचना देने के बाद पिता सुनील सिंह निवासी



कोलनाथ थाना अदलहाट मिर्जापुर पहुंचकर शव की पहचान अपने पुत्र रक्षित सिंह ( 35 ) पुत्र सुनील कुमार सिंह के रूप में किया। पिता सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मेरा बेटा ग्राम विकास अधिकारी के पद पर सीतापुर में था जो अवकाश पर घर आया हुआ था कल 24 अप्रैल 2025 शाम को घर से चुनार मार्केट के लिए निकाला था रात्रि तक घर वापस नहीं आया । पुलिस की सूचना पर आकर मय पहचान किया। मृतक की शादी 8 वर्ष पहले हुई थी जिसके एक बेटा 6 वर्ष का है। पिता ने थाने पर तारीख देकर बताएं कि इसमें किसी की कोई गलती नहीं है । कैसे रेलवे लाइन पर आया और ट्रेन से धक्का लगने से इसकी मौत हो गई।पिता ने में मौत का जिम्मेदार किसी को नहीं ठहराया।

## हाईस्कूल जिला टॉपर अर्जित गुप्ता व आयकर विभाग में चयनित पारस कोहली सम्मानित



समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने गुरुवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र अर्जित गुप्ता के आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अर्जित ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप कर नगर का नाम रोशन किया है। इसके अलावा पंजाबी कॉलोनी निवासी सुधीर कोहली के पुत्र पारस कोहली के आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट पद पर चयनित होने पर भी पालिकाध्यक्ष ने उनके घर जाकर मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पारस कोहली शीघ्र ही आठ सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए देहरादून जाएंगे। इस अवसर पर विजय शुक्ला ने अर्जित गुप्ता के माता-पिता निधि गुप्ता, कमलेश गुप्ता एवं बाबा राम नरेश गुप्ता को बधाई दी। वहीं पारस कोहली की माता मोनिका कोहली व पिता सुधीर कोहली को भी उनके पुत्र की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

## दून पब्लिक स्कूल में प्रतिभाओं का सम्मान, सीबीएसई 10वीं के मेधावी छात्र हुए सम्मानित

समृद्धि न्यूज, मोहम्मदी (खीरी)।

शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की मिसाल पेश कर रहे दून पब्लिक स्कूल, दिलावलपुर मोहम्मदी में सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफलता का उत्सव और भावनाओं का संगम देखने को मिला।

समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. गुरमेज़हर सिंह द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद शिक्षक अंजनैया मिश्रा, जितेंद्र कुमार, रमेश गौतम, अरफा अंसारी, अंजली गुप्ता एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय परिवार ने अथर्व रस्तोगी, नीतीश तिवारी, मनिंदर सिंह, अंश त्रिपाठी, अमित मिश्रा, शैलजा त्रिवेदी, अभिषेक कुमार, अब्दुल बाकी, राज वर्मा, इकनूर कौर, अथर्व गुप्ता, कृतिका योगी, आदित्य मिश्रा, इकरा, माहिया अली, जशनदीप सिंह, अर्पित पाल, प्रांजल द्विवेदी, प्राजंलि, अंकुश कुमार सिंह, अभिजोत सिंह, आदर्श पाल, लव




सिंह, रोहित पाल, अभिज्ञान, अल्फिशा खान, आयुष कुमार शुक्ला, इंद्रवीर सिंह, सिमरन दीप कौर, अरशद खान, गुरलीन कौर, सेजल मिश्रा, मोहम्मद शोएब खान, अभिनव कुमार सहित सभी मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को स्मृति चिन्ह व मिठाई देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्या कविता मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उप-प्रधानाचार्य सतनाम सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, निरंतर अभ्यास और समर्पण ही उन्हें ऊँचाइयों तक पहुंचाता है।

विद्यालय प्रबंधक डॉ. गुरुमेजर सिंह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि संस्कारवान और आत्मनिर्भर नागरिक तैयार करना है, और विद्यार्थियों की यह सफलता उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 8 माह से मानदेय बकाया, 6 माह से मजदूरी लंबित

**निघासन में रोजगार सेवक व मनरेगा मजदूरों का फूटा गुस्सा, आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।

ब्लॉक क्षेत्र में रोजगार सेवकों और मनरेगा मजदूरों की समस्याएं अब गंभीर रूप लेती जा रही हैं। एक ओर जहां रोजगार सेवकों का करीब आठ माह से मानदेय बकाया है, वहीं दूसरी ओर मनरेगा मजदूरों को छह माह से मजदूरी का भुगतान नहीं मिला है। लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण क्षेत्र में असंतोष लगातार बढ़ रहा है और अब यह विरोध प्रदर्शन के रूप में सामने आने लगा है। सूत्रों के अनुसार, निघासन ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत



कराए गए कार्यों का भुगतान महीनों से अटका हुआ है। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने समय से काम पूरा किया, लेकिन उन्हें अब तक मजदूरी नहीं मिली। आर्थिक तंगी के चलते कई परिवारों के सामने रोजमर्रा का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। मजदूरों को मजबूरन उधार लेकर गुजर-बसर करनी पड़ रही है। इधर, रोजगार सेवकों ने भी अपनी समस्याओं को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर बैठक कर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से जल्द बकाया भुगतान की मांग की। रोजगार सेवकों का कहना है कि लगातार आठ माह से मानदेय न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है और परिवार चलाना कठिन हो गया है। प्रदर्शन के दौरान आशीष कनौजिया, संजय गुप्ता, अमर शुक्ला, तिलक राम यादव सहित कई रोजगार सेवक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर तेज किया जाएगा।

ग्रामीणों ने भी आरोप लगाया कि भुगतान में देरी के चलते मनरेगा के कार्य लगभग ठप हो चुके हैं, जिससे गांवों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रोजगार के अभाव में कई मजदूरों को पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द बकाया भुगतान कराया जाए, ताकि मजदूरों और रोजगार सेवकों को राहत मिल सके और विकास कार्य दोबारा गति पकड़ सकें।

## बिजली की आंख-मिचौली से ग्रामीण बेहाल हर घंटे कटौती से बढ़ा आक्रोश

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** घरेलू गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की किल्लत से जूझ रहे क्षेत्रीय लोगों की मुश्किलें अब बिजली संकट ने और बढ़ा दी हैं। बिजली विभाग की मनमानी रोस्टिंग और अनियमित आपूर्ति के चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। हालात यह हैं कि हर घंटे कटौती का फरमान जारी कर बिजली आपूर्ति बाधित की जा रही है, जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

निघासन के बरूही फीडर क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमराई हुई है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा हर घंटे रोस्टिंग का संदेश भेजकर आपूर्ति बंद की जा रही है। लुधौरी, पुरैना, छेदुई पतिया, दुबहा, बम्हनपुर, सलीमाबाद, रकेहटी, ढखेरवा खालसा और दुर्गापुरवा समेत करीब एक दर्जन गांवों के ग्रामीण इस समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती ने उनका जीना मुश्किल कर दिया है। सरकार जहां 18 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा करती है, वहीं हकीकत यह है कि क्षेत्र में छह घंटे भी नियमित बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली न मिलने से पेयजल संकट गहराने लगा है, वहीं खेती-किसानी और घरेलू कामकाज भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सोशल मीडिया ग्रुपों पर भी ग्रामीणों का गुस्सा साफ देखा जा रहा है। लोग बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग कर रहे हैं।

## खंभे में करंट से महिला झुलसी एक बालिका की हो चुकी है मौत

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।

विद्युत उपकेंद्र बरौंधा से जुड़े बरौंधा हरिजन बस्ती में बिजली विभाग की घोर लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। बस्ती में नंगे तारों के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है जिससे लगातार खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, बस्ती में लगे एक बिजली के पोल में लंबे समय से करंट उतर रहा है। इसी पोल की चपेट में आकर पिछले वर्ष रामबाबू की पुत्री प्रतिमा की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग ने न तो पोल बदला और न ही नंगे तारों को ठीक कराया। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे एक और हादसा होते-होते बच गया। पूजा (30), पत्नी बालकृष्ण, अपने घर के बाहर बर्तन साफ कर रही थीं। इसी दौरान पोल से उतरे करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलसकर बेहोश हो गईं। स्वजन व ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें बरौंधा स्थित अर्श हास्पीटल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सक डा. महा नारायण भारती के अनुसार, महिला की हालत अब धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। बताया जाता है कि बरौंधा पंचायत भवन के पास राम जियावन के घर के सामने लगे इस पोल से लगातार करंट उतर रहा है। इसके बावजूद बिजली विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। बस्ती में कई स्थानों पर जर्जर तारों को जोड़-पट्टी के सहारे चलाया जा रहा है। जिससे खतरा और बढ़ गया है।

## लखीमपुर खीरी में 'मेडिकल एल्ट्रिज़्म' पर प्रदेश का पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू: अंगदान से जीवन बचाने का दिया संदेश

**ब्रेन डेड मरीज के अंगदान की मिसाल बनी प्रेरणा, देश-विदेश के विशेषज्ञों ने साझा किए ट्रांसप्लांट के वैज्ञानिक व कानूनी पहलू**

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।

चिकित्सा क्षेत्र में परोपकार और अंगदान की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवकली खीरी में 'मेडिकल एल्ट्रिज़्म (परोपकारार्थमिदं शरीरम्)' विषय पर प्रदेश का पहला दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार से शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, जिलाधिकारी अंजनी



कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने अंगदान और ऊतक प्रत्यारोपण के वैज्ञानिक, नैतिक और कानूनी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में 567 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।

**ब्रेन डेड मरीज के अंगदान की मिसाल**

मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने एक युवा मरीज हरीश राणा का उदाहरण साझा किया, जिन्हें गंभीर मस्तिष्क चोट के बाद ब्रेन डेड घोषित किया गया था। न्यायालय की अनुमति के बाद परिवार ने उनके अंगदान का निर्णय लिया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बना।

## डीएम एवं एसपी ने होमगार्ड्स एनरोलमेंट परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**प्रतापगढ़ (समृद्धि न्यूज)।** जनपद प्रतापगढ़ में आज से होमगार्ड्स एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा की शुरुआत हो गई। जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा को पारदर्शी, नकलविहीन, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने डीएवी इंटर कॉलेज, लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज तथा केपी हिंदू इंटरमीडिएट कॉलेज के



परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा संचालन की स्थिति को बारीकी से परखा। निरीक्षण के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में कुछ खामियां पाई गईं, जिस पर जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक कुलश्रेष्ठ को फटकार लगाई और निर्देश दिए कि कमियों को तत्काल दूर किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, सुरक्षा बलों की तैनाती और कंट्रोल रूम की सक्रियता की भी गहन जांच की। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान सभी कैमरे निरंतर चालू रहें, जिससे हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी लगाया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

## पराली जलने की सूचना गोदाम प्रभारी ने भेजी रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के नौगवा गांव में खेत में पराली जलने की सूचना सेटेलाइट से प्राप्त होने पर शनिवार को बीज गोदाम प्रभारी सुरेंद्र कुमार यादव द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। घटना मौके गेहूं की पराली जली हुई लगभग 40 से पचास बीघा तक के किसान हरि प्रसाद, पारस नाथ, कौशल प्रसाद, रामनारायण, हरिशंकर ध्रुव प्रताप, विजय कुमार के खेत में पाई गई। किसानों का कहना है की विद्युत शार्ट सर्किट से खेत में पराली जली है जिसकी सूचना तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय को कार्रवाई हेतु आख्या प्रेषित किया गया है।

## समाजसेवी रोशनलाल उमर वैश्य एलायंस क्लब इंटरनेशनल के पुनः डायरेक्टर बनाये गये

**प्रतापगढ़ (समृद्धि न्यूज)।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल की कोलकाता में संपन्न बैठक में क्लब के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट मनीष लाखोटिया ने बहुमुखी प्रतिभा के धनी समाज में निरंतर बने रहने वाले प्रतापगढ़ के समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य को पुनः सत्र 2026-27 का इंटरनेशनल डायरेक्टर के पद से नवाजा गया।इंटरनेशनल प्रेसिडेंट मनीष लाखोटिया ने कहा कि रोशनलाल उमरवैश्य ने अपने सेवा कार्यों से क्लब को निरंतर नई ऊंचाईयां प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में सर्वसम्मति



से बोर्ड की बैठक में रोशनलाल उमरवैश्य को इंटरनेशनल डायरेक्टर की जिम्मेदारी पुनः दी जा रही है। फाउंडर प्रेसिडेंट सतीश लाखोटिया, पूर्व प्रेसिडेंट केजी अग्रवाल, भूपेंद्र चाहवाला, सुशील अग्रवाल ने कहा कि रोशनलाल ने अपने सेवा कार्यों से इंटरनेशनल स्तर की पहचान बनाने में सफल हुए हैं। उनके बहुमुखी सेवा कार्य से क्लब का मान बढ़ रहा है। पुनः इंटरनेशनल डायरेक्टर बनाए जाने पर क्लब के पदाधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने खुशी जाहिर की। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य ने कहा कि रोशनलाल को अंतरराष्ट्रीय निदेशक बनाए जाने पर पूरा प्रतापगढ़ गौरवान्वित हो रहा है। रोशनलाल ने पशु पक्षियों, वृद्धजनों के साथ महाकुंभ में जो सेवा की वह अनुकरणीय है।